वर्ष : 17 अंक : 250 लखनऊ शुक्रवार, 19 सितंबर, 2025 पृष्ठ : 12, मूल्य: ₹4/-

# विश्ववार्ता

www.vishwavarta.com

सच्ची ख़बर, पैनी नज़र

नगर संस्करण **

मूल्य ₹4

**मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| सूर्योदय | : | 5:46 |
| सूर्यास्त | : | 6:25 |
| अधिकतम | : | 31:00⁰ |
| न्यूनतम | : | 26:00⁰ |

ई-पेपर पढ़ने के लिए स्कैन करें हमारा क्यू आर कोड



अमेरिकन अभिनेत्री सिडनी स्वीनी बॉलीवुड में करेंगी डेब्यू 10

निजीकरण के विरोध में प्रांत व्यापी आंदोलन जारी 2 | वायु प्रदूषण से घटती जिंदगी 6 | नहीं थम रहा मौसम का कहर 12

# यूपी बना देश का बड़ा उपभोक्ता बाजार



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को अपने सरकारी आवास में नेक्स्ट जेन जीएसटी पर पत्रकार वार्ता करते हुये।

## जीएसटी रिफॉर्म देशवासियों के लिए मोदी का दीवाली गिफ्ट : मुख्यमंत्री

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को प्रेस वार्ता करते हुए हालिया जीएसटी रिफॉर्म्स को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों के लिए एक बड़ा दीवाली गिफ्ट करार दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी का यह निर्णय देशवासियों को महंगाई से राहत और व्यापार को गति देने वाला है। यह केवल टैक्स सुधार नहीं बल्कि हर नागरिक के जीवन को सरल बनाने वाला दीपावली का उपहार है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं, किसानों, कारोबारियों और आम परिवारों तक सभी को राहत देने वाले इन सुधारों का लाभ 22 सितम्बर से, यानी शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन से मिलने लगेगा। मुख्यमंत्री ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रति आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री जी ने जिस टैक्स रिफॉर्म की घोषणा की थी, उसके परिणाम महज 20 दिनों में सामने आ गए। जीएसटी काउंसिल की 56वीं बैठक में 3 सितम्बर को लिए गए फैसले अब लागू हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह केवल एक टैक्स सुधार नहीं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई देने वाला व्यापक अभियान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जुलाई 2017 में जीएसटी लागू होने से पहले देश में अलग-अलग कर लागू थे जिनमें वैट, सेल टैक्स, सेवा कर, उत्पाद शुल्क, एंट्री टैक्स और मनोरंजन कर जैसे जटिल कर उपभोक्ताओं और कारोबारियों पर भारी पड़ते थे। जीएसटी ने इन्हें समाहित कर देश को वन नेशन, वन टैक्स की व्यवस्था दी। अब जीएसटी में सबसे बड़ा सुधार किया गया है। पहले चार स्लैब—5%, 12%, 18% और 28% लागू थे। लेकिन अब सिर्फ दो स्लैब—5% और 18%—को रखा गया है। 12% और 28% की दरें समाप्त कर दी गई हैं। कुछ विलासिता की वस्तुओं पर 40% टैक्स यथावत रहेगा। इससे आम उपभोक्ता को सीधी राहत मिलेगी। रसोई से लेकर कृषि, मकान निर्माण से लेकर बड़े हाईवे और इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स, उद्योग और व्यापार—हर क्षेत्र को लाभ मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक सामान्य गृहस्थ परिवार को अब घरेलू खर्चों में सीधी राहत मिलेगी। दूध, दही, पनीर, शैम्पू, टूथपेस्ट, साबुन, साइकिल और बच्चों से जुड़े सामान पर केवल 5% या 0% टैक्स लगेगा। इससे न सिर्फ रोज़मर्रा के खर्च कम होंगे बल्कि उपभोक्ता की क्रय क्षमता भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि जब व्यक्ति ज्यादा खरीद सकेगा तो खपत बढ़ेगी और बाजार में मांग बढ़ने से उत्पादन में तेजी आएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुधार किसानों और ग्रामीण भारत की अर्थव्यवस्था के लिए भी ऐतिहासिक है। ट्रैक्टर, टायर, कीटनाशक और सिंचाई उपकरणों पर टैक्स घटाकर 5% कर दिया गया है।

इससे खेती की लागत घटेगी और उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि यह कदम न केवल किसानों को राहत देगा बल्कि ग्रामीण भारत की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर भी महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। व्यक्तिगत जीवन और स्वास्थ्य बीमा पर लगने वाला जीएसटी पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है। इसके अलावा दवाइयों, ऑक्सीजन और जांच किट पर भी टैक्स घटाया गया है। इससे इलाज सस्ता होगा और हर सामान्य नागरिक को राहत मिलेगी। सरकार ने वाहनों की खरीद-फरोख्त पर भी राहत दी है।

### यूपी को मिलेगा सबसे ज्यादा फायदा

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश का सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार होने के नाते उत्तर प्रदेश को जीएसटी सुधारों का सबसे ज्यादा फायदा मिलेगा। उन्होंने बताया कि पहले यूपी में वैट और सेल टैक्स से केवल 49,000 करोड़ रुपये का राजस्व आता था। 2017 के बाद यह बढ़कर 1.15 लाख करोड़ रुपये हो गया। केंद्र से जो शेयर मिलता है वो अलग। यही नहीं, प्रदेश में एक्सप्रेसवे, मेट्रो और एयरपोर्ट नेटवर्क का विस्तार भी टैक्स सुधार से संभव हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी को खासतौर पर पिपरमेंट, फुटवियर, रेडीमेड वस्त्र और वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ODOP) उद्योगों से लाभ होगा। सिंथेटिक मेंथॉल पर 18% टैक्स और ऑर्गेनिक मेंथॉल पर केवल 5% टैक्स लगाया गया है, जिससे यूपी के किसान और उद्योग को बढ़ावा मिलेगा।

# कांग्रेस के वोटरों को बनाया जा रहा निशाना

## कांग्रेस के वोट चोरी कराये जा रहे हैं, ज्ञानेश कुमार वोट चोरों को बचा रहे हैं : राहुल

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि पूरे देश में कांग्रेस को वोट देने वाले मतदाताओं के नाम जानबूझकर सूची से हटाये जा रहे हैं और यह काम स्वचलित, विकेंद्रीकृत तथा बहुत रणनीतिक रूप से पूरे देश में किया जा रहा है। लोकसभा में विपक्ष के नेता श्री गांधी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर देश के लोकतंत्र को तबाह करने वाले लोगों को बचाने का आरोप लगाया और कहा कि जब शिकायत की जाती है तो उसकी कोई सुनवाई नहीं होती। इससे साफ है कि ज्ञानेश कुमार आरोपियों को बचा रहे हैं और वोट चोरी की कार्रवाई को संरक्षण दे रहे हैं।



श्री गांधी ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में विशेष संवाददाता सम्मेलन में कहा कि रणनीति के तहत वोट काटे जा रहे हैं और कांग्रेस तथा विपक्षी दलों के मतदाताओं को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने इस मामले में कर्नाटक के अलंद का जिक्र किया और बताया कि वहां 6018 वोट काटे गये हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जिन मतदाताओं के नाम काटे गये हैं, उनको पता ही नहीं है कि उनका नाम मतदाता सूची से कटा है। मतदाताओं के नाम हटाने का काम बहुत सलीके, व्यवस्थित और विकेंद्रीकृत तरीके से किया गया है। इस मामले में उन्होंने कुछ मतदाताओं को भी प्रेस कॉन्फ्रेंस में पेश किया, जिनमें से सूर्यकांत ने बताया कि उन्होंने कोई मत डिलीट ही नहीं किया है, जबकि उनके नाम से 12 मत 14 महज सेकंड में डिलीट किये गये हैं। उन्होंने बताया कि उनका वोट काटा गया है, जिसकी उन्हें जानकारी तक नहीं है। अपना वोट काटे जाने से वह हैरान हैं और जब इस मामले की शिकायत की जाती है, तो उसकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है। श्री गांधी ने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस को मत देने वाले मतदाताओं को निशाना बनाया गया है। दलित और ओबीसी के मत काटे गये हैं।

कांग्रेस के मतदाताओं का नाम जानबूझकर हटाया गया है, जिन लोगों का वोट हटाया गया, उनको इसकी जानकारी नहीं है और यह सारे वोट कर्नाटक के बाहर के मोबाइल नंबर से हुये हैं। उन्होंने कहा, सवाल है कि इस वोट को कौन और कहां से हटा रहा है।

### राहुल के आरोप गलत एवं निराधार : चुनाव आयोग

चुनाव आयोग ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के उन आरोपों को खारिज कर दिया है जिसमें मतदाताओं की सहमति के बिना मतों को मतादाता सूची से हटा देने का आरोप लगाया गया था। चुनाव आयोग ने श्री गांधी द्वारा मतों को बिना मतदाताओं की सहमति के मतदाता सूची से हटा देने के गुरुवार के आरोपों के खिलाफ जारी एक बयान में कहा, श्री राहुल गांधी के आरोप गलत और निराधार हैं। बयान में कहा गया है कि किसी भी मत को किसी भी सदस्य द्वारा ऑनलाइन हटाया नहीं जा सकता। मतदाता को उसका पक्ष सुनने का अवसर दिये बिना उसे मतदाता सूची से हटाया नहीं जा सकता। आयोग ने कहा, अलंद विधानसभा क्षेत्र में 2023 में कुछ मतदाताओं के नाम हटाये जाने के असफल प्रयास किये गये थे और इस मामले में आयोग के अधिकारियों ने जांच के लिए प्राथमिकी दर्ज करायी थी। अलंद विधानसभा क्षेत्र से 2018 में भाजपा के सुभाष गुट्टेदार ने और 2023 में कांग्रेस के बी आर पाटिल ने चुनाव जीता था।

## भगवान पर टिप्पणी को लेकर घिरे सीजेआई

**नयी दिल्ली।** खजुराहो के प्रसिद्ध जावरी मंदिर में भगवान विष्णु की खंडित मूर्ति की मरम्मत करने के लिए दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस बीआर गवई ने एक टिप्पणी कर दी थी। इसको लेकर सोशल मीडिया पर जमकर बवाल हो रहा था। यही नहीं विश्व हिंदू परिषद जैसे संगठन ने भी चीफ जस्टिस को नसीहत दी थी कि वाणी पर संयम रखना चाहिए।

अब इस मामले में खुद चीफ जस्टिस बीआर गवई का बयान आया है और उन्होंने सफाई दी है। उन्होंने कहा कि मेरे बयान को सोशल मीडिया पर गलत ढंग से पेश किया गया। उन्होंने कहा कि किसी ने मुझे अगले दिन बताया कि मेरी टिप्पणी को सोशल मीडिया पर शेयर किया जा रहा है। मैं सभी धर्मों का सम्मान करता हूं। चीफ जस्टिस ने यह टिप्पणी किसी मामले की सुनवाई के दौरान की।

# मेरठ में दो समुदायों में खूनी संघर्ष के बाद चला बुलडोजर

## मछली के चक्कर में भिड़े थे दोनों समुदाय, अवैध अतिक्रमण पर प्रशासन ने की कार्रवाई

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**मेरठ।** जिले में दो समुदायों के बीच हुए खूनी संघर्ष के बाद पुलिस और प्रशासन हरकत में आ गया है। इस संघर्ष के बाद, अधिकारियों ने मामले में शामिल आठ आरोपियों को अरेस्ट कर लिया है। वहीं, आज अवैध अतिक्रमण पर बुलडोजर भी चला गया है। यह कार्रवाई सरधना थाना क्षेत्र के सलावा इलाके में हुई, जहां बीते दिनों ठाकुर और मुस्लिम समुदाय के बीच मछली पकड़ने को लेकर विवाद हुआ था। यह विवाद मंगलवार देर रात सलावा गांव में ठाकुर और मुस्लिम समुदाय के लोगों के बीच हुआ था। तालाब में मछली पकड़ने से रोकने पर ठाकुर युवकों की मुस्लिम समुदाय के युवकों से कहासुनी हो गई थी, जो देखते-देखते मारपीट में बदल गई।



अवैध अतिक्रमण पर प्रशासन ने की कार्रवाई

आरोप है कि एक पक्ष के युवकों ने दूसरे पक्ष पर जानलेवा हमला कर दिया। इस दौरान जमकर पथराव हुआ और लाठी-डंडे चले। इस बवाल में आधा दर्जन लोग घायल हुए थे। हालात कंट्रोल करने के लिए चार थानों की पुलिस के साथ एसपी देहात और सीओ मौके पर पहुंची थीं। गांव में भारी पुलिस बल तैनात किया गया। इसके बाद पुलिस ने दर्जन भर लोगों को गिरफ्तार किया था। गांव में तनावपूर्ण हालात हैं। इस खूनी संघर्ष के बाद पुलिस ने अब सख्त कार्रवाई की है। आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद प्रशासन ने इलाके के अवैध अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाया है। पुलिस-प्रशासन के मुताबिक, आगे भी ऐसी कार्रवाई की जाएगी।

प्रशासन का कहना है कि ये सभी निर्माण सरकारी जमीन पर अवैध तरीके से किए गए थे। इस बुलडोजर कार्रवाई को लेकर इलाके में भारी पुलिस बल तैनात किया गया ताकि किसी भी तरह के विरोध या तनाव को रोका जा सके। जानकारी के मुताबिक, मंगलवार रात करीब 10 बजे, गांव में एक डेरी पर बैठे कपिल और कुछ अन्य युवकों का आरिफ और उसके भाई से विवाद हो गया। यह बहस जल्द ही मारपीट में बदल गई। मारपीट के बाद आरिफ और उसका भाई अपने घर में घुस गए। जब दूसरे पक्ष ने दरवाजा खोलने की कोशिश की, तो घर के अंदर से पथराव शुरू हो गया।

## ललित मोदी का भाई दिल्ली से गिरफ्तार


**लखनऊ।** दिल्ली पुलिस के अनुसार, भगोड़े कारोबारी ललित मोदी के भाई समीर मोदी को दिल्ली के न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस स्टेशन इलाके में बलात्कार के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। समीर को विदेश से लौटने पर दिल्ली एयरपोर्ट पर हिरासत में लिया गया, जिसके बाद उसे अदालत में पेश किया गया और पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस सूत्रों ने न्यूज एजेंसी को बताया कि लंबे समय से चल रहे मामले की जांच के बाद यह गिरफ्तारी की गई है। समीर को शुक्रवार को फिर से अदालत में पेश किया जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार, मोदी एंटरप्राइजेज के कार्यकारी निदेशक समीर लंबे समय से मोदी के व्यापारिक साम्राज्य और उनके पिता व उद्योगपति केके मोदी की ओर से छोड़ी गई 11,000 करोड़ रुपए की विरासत के बीच पारिवारिक और कॉर्पोरेट कलह के केंद्र में रहे हैं।

# यूपी की ब्यूरोक्रेसी में टॉप लेवल पर हुआ बदलाव

## शासन ने एक साथ 14 आईएएस अधिकारियों के तबादले कर दिए, डिप्टी सीएम बृजेश पाठक से टकराव के बाद दो अफसर भी बदले

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार में आईपीएस अधिकारियों के बाद आईएएस अधिकारियों के तबादले कर दिए गए हैं। बड़े स्तर पर आईएएस अधिकारियों कोई इधर से उधर किया गया है। इतना ही नहीं मोस्ट सीनियर आईएएस अधिकारियों के पदों में छटनी भी की गई है। मिल रही जानकारी के मुताबिक 14 आईएएस अधिकारियों के तबादले कर दिए गए हैं। इसमें मुख्य सचिव शशि प्रकाश गोयल को कई पदों से अवमुक्त कर दिया गया है। जबकि मौजूदा कृषि उत्पादन आयुक्त के पद पर तैनात दीपक कुमार को कई विभागों की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंप दी गई है। सीएम योगी के सबसे करीबी प्रमुख सचिव संजय प्रसाद के पदों में भी छटनी कर दी गई है। एसपी गोयल की छुट्टी पर जाने के बाद से सीनियर आईएएस दीपक कुमार मुख्य सचिव पद की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं।





मुख्य सचिव एसपी गोयल को अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त, अध्यक्ष, पिकप, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यूपीडा, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उपशा, अपर मुख्य सचिव, समन्वय विभाग, उत्तर प्रदेश शासन तथा परियोजना निदेशक, यूपीडा के पद से अवमुक्त कर दिया गया है। इसके बाद से उनके पास कोई पद नहीं बचा है। जबकि कृषि उत्पादन आयुक्त दीपक कुमार को अपर मुख्य सचिव, बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के पद से अवमुक्त कर अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त, अध्यक्ष, पिकप, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यूपीडा, अपर मुख्य सचिव, नागरिक उडडयन एवं समन्वय विभाग, उत्तर प्रदेश शासन तथा परियोजना निदेशक, यूपीडास्प के पद का अतिरिक्त प्रभार सौंप दिया गया है। इसके साथ ही पार्थसारथी सेन शर्मा को प्रमुख सचिव, बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी सौंप दी गई है। अमित कुमार घोष को प्रमुख सचिव, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और चिकित्सा शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी दी गई है।

वहीं बता दें कि डिप्टी सीएम बृजेश पाठक से टकराव के बाद पार्थ सारथी सेन शर्मा को हटाकर बेसिक शिक्षा विभाग भेजा गया। इससे एक दिन पहले डीजी किंजल सिंह को भी उनके विभाग से हटा दिया गया था। इन दोनों अधिकारियों से डिप्टी सीएम बृजेश पाठक के साथ टकराव चल रहा था। मुकेश कुमार मेश्राम को प्रमुख सचिव पशुपालन, दुग्ध विकास एवं मत्स्य विभाग के पद पर नियुक्त किया गया है। अमृत अभिजात को प्रमुख सचिव पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं आईएएस संजय प्रसाद को प्रमुख सचिव नागरिक उडडयन विभाग के पद से अवमुक्त कर दिया गया है। संजय प्रसाद बाकी पदों पर बने रहेंगे। अजय चौहान को वर्तमान पद के साथ मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उपशा के पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वहीं आलोक कुमार तृतीय को प्रमुख सचिव यूपी पुनर्गठन समन्वय, भाषा, राष्ट्रीय एकीकरण एवं सामान्य प्रशासन विभाग और निदेशक हिन्दी संस्थान के पद से अवमुक्त कर नोडल अधिकारी, जीरो पावर्टी उत्तर प्रदेश अभियान के पद का अतिरिक्त प्रभार सौप दिया गया है। साथ ही आईएएस पी. गुरुप्रसाद को प्रमुख सचिव राजस्व विभाग के पद से अवमुक्त कर प्रमुख सचिव नगर विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग के पद का अतिरिक्त प्रभार सौंप दिया गया है।

## दस जिलों के कप्तान समेत 16 आईपीएस अफ़सरों के तबादले

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने त्योहारों से पहले पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल करते हुये दस जिलों के कप्तान समेत भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 16 अधिकारियों का तबादला कर दिया है। गुरुवार को जारी तबादला सूची के अनुसार आज़मगढ़, देवरिया, अलीगढ़, उन्नाव, कुशीनगर, प्रतापगढ़, औरैया, सोनभद्र, हरदोई, अंबेडकरनगर के पुलिस अधीक्षक बदल दिए गये हैं। पुलिस अधीक्षक, सुरक्षा, लखनऊ में तैनात जय प्रकाश सिंह को उन्नाव का एसपी बनाया गया है। अलीगढ़ के एसएसपी संजीव सुमन को देवरिया का एसपी बनाया गया है। हरदोई के एसपी नीरज कुमार जादौन को अलीगढ़ का एसएसपी बनाया गया है। सोनभद्र के एसपी अशोक कुमार मीना को पुलिस अधीक्षक, हरदोई की जिम्मेदारी मिली है। एसपी, रेलवे आगरा में तैनात अभिषेक वर्मा को सोनभद्र का एसपी बनाया गया है। एसपी, उन्नाव दीपक भूकर को प्रतापगढ़ का एसपी बनाया गया है। एसपी, प्रतापगढ़ डॉ अनिल कुमार- II को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, आजमगढ़ बनाया गया है। अंबेडकरनगर के एसपी केशव कुमार को कुशीनगर का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। औरैया के पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर को पुलिस अधीक्षक, अंबेडकरनगर बनाया गया है। प्रयागराज पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त अभिषेक भारती को औरैया का एसपी बनाया गया है। वहीं दूसरी ओर आजमगढ़ के एसएसपी हेमराज मीना को पुलिस अधीक्षक, सम्बद्ध, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 भेजा गया है। कुशीनगर के एसपी संतोष कुमार मिश्रा को पुलिस अधीक्षक, सम्बद्ध, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उप्र भेजा गया है। देवरिया के एसपी विक्रांत वीर को पुलिस अधीक्षक, सम्बद्ध, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक भेजा गया है। प्रयागराज में 4 वाहिनी पीएसी में सेनानायक मनीष कुमार शांडिल्य को प्रयागराज पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त की जिम्मेदारी मिली है। पुलिस अधीक्षक/अपर पुलिस अधीक्षक, बलिया के रूप में तैनात अनिल कुमार झा को पुलिस अधीक्षक, रेलवे आगरा बनाया गया है। सेनानायक और उपसेनानायक, 27वीं वाहिनी पीएसी, सीतापुर में तैनात सर्वेश कुमार मिश्रा को सेनानायक, 4 वाहिनी पीएसी, प्रयागराज बनाया गया है।

## सेबी ने हिंडनबर्ग के आरोपों पर अडानी समूह को दी क्लीन चिट

**नयी दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक सेबी ने दो मामलों में अडानी समूह के खिलाफ हिंडनबर्ग के आरोपों को गुरुवार को तथ्यहीन करार दिया और कहा कि समूह की ओर से बाजार नियमों का उल्लंघन नहीं हुआ है। अडानी समूह के प्रमुख ने इस फैसलों का स्वागत करते हुए कहा कि उस समय गलत रिपोर्ट को प्रचारित करने वालों के देश से माफी मांगनी चाहिए।

सेबी के पूर्ण कालिक सदस्य कमलेश सी। वाष्णेय ने इन मामलों में अपने फैसलों में कहा, मामले पर पूर्णता में विचार करने के बाद, मैंने पाया कि आरोप साबित नहीं होते हैं। इन मामलों में एक माइलस्टोन ट्रेडलिंक्स प्राइवेट लिमिटेड और रेहवर इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के साथ अडानी समूह के लेन-देन से जुड़ा है। दूसरा मामला एडीकॉर्प इंटरप्राइजेज लिमिटेड के साथ लेन-देन से जुड़ा है।

## कश्मीर के सीनियर हुर्रियत नेता अब्दुल गनी भट का निधन

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के अलगाववादी नेता और ऑल पार्टीज हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर अब्दुल गनी भट का बुधवार शाम को 90 वर्ष की उम्र में बारामूला जिले के सोपोर स्थित उनके आवास पर निधन हो गया। परिवार के करीबी सूत्रों ने बताया कि भट पिछले कुछ वर्षों से बीमारी से जूझ रहे थे और घर पर ही रहते थे। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार सुबह 10 बजे सोपोर के बोतिंगू में किया जाएगा। हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के वर्तमान अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारुक ने बताया कि भट साहब का निधन एक व्यक्तिगत क्षति है। उन्होंने कहा कि मुझे अभी-अभी भट साहब के बेटे का फोन आया, जिसमें उन्होंने वरिष्ठ नेता के निधन की दुखद खबर दी। कश्मीर ने एक सच्चे और दूरदर्शी नेता को खो दिया है। अल्लाह उन्हें जन्नत में उच्च स्थान प्रदान करें। मीरवाइज ने ट्विटर पर भी शोक व्यक्त किया, जहां उन्होंने भट को कश्मीर की राजनीति का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बताया। भट का जन्म 1935 में सोपोर के बोतिंगू गांव में हुआ था। उन्होंने श्रीनगर के श्री प्रताप कॉलेज से फारसी में स्नातक, उसी विषय में स्नातकोत्तर तथा अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से विधि की डिग्री प्राप्त की। वे जम्मू-कश्मीर उच्च शिक्षा विभाग में फारसी के प्रोफेसर थे लेकिन 1986 में राज्यपाल जगमोहन ने उन्हें एंटी-नेशनल एक्टिविटीज के आरोप में नौकरी से बर्खास्त कर दिया।



**प्रेस वार्ता** कांग्रेस घुसपैठियों व अर्बन नक्सल्स को बचाने की कर रही राजनीति : अनुराग सिंह ठाकुर

# धमाका नहीं, ड्रामा कर रहे राहुल गांधी : अनुराग सिंह ठाकुर

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री,भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व सांसद अनुराग ठाकुर ने आज गुरुवार को नई दिल्ली स्थित भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता को संबोधित किया और राहुल गाँधी के झूठे दावों की एक-एक करके सच्चाई उजागर करते हुए राहुल गाँधी और कांग्रेस पार्टी पर करारा हमला बोला। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने राहुल गांधी द्वारा चुनाव आयोग पर लगाए गए आरोपों को झूठा बताते हुए कहा कि राफेल से लेकर 'चौकीदार चोर है' तक और सावरकर से लेकर आरएसएस से जुड़े मुद्दे तक हर बार राहुल गांधी को कोर्ट से फटकार मिली है और उन्हें कई बार माफी मांगनी पड़ी। कीचड़ उछाल कर भाग जाने वाला राहुल गांधी का 'हिट एंड रन' वाला रवैया आज की भी प्रेस कॉन्फ्रेंस में भी दिखाई दिया।

अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि एक नेता जिनके नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी लगभग 90 चुनाव हारी, उनकी हताशा और निराशा दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। चुनावी हार और जनता से नकारे जाने के बावजूद, उन्होंने आरोपों की राजनीति को अपना आभूषण बना लिया है, लेकिन जब उनके लगाए गए आरोपों को प्रमाणित करने के लिए कहा जाता है, तो वे पीठ दिखाकर भाग जाते हैं।

शपथपत्र देने के लिए कहा जाए, तो वे मुकर जाते हैं। गलत और निराधार आरोप लगाना राहुल गांधी की आदत बन चुकी है। यह उनके लिए एक ऐसा व्यवहार बन गया है जिसमें वे बार-बार गलत और बेसलेस आरोप लगाते हैं, बाद में माफी मांगते हैं और कोर्ट से फटकार खाते हैं। चाहे राफेल का मामला हो, 'चौकीदार चोर है' का आरोप हो, या सावरकर जी या आरएसएस से जुड़ा मुद्दा हो या पेगासस के मामले, हर बार राहुल गांधी को कोर्ट से फटकार मिली है। कई बार उन्हें माफी मांगनी पड़ी और वे कीचड़ उछालने के बाद भाग खड़े हुए। यह 'हिट एंड रन' वाला रवैया आज की प्रेस कॉन्फ्रेंस में भी दिखाई दिया। हाइड्रोजन बम फोड़ने का दावा फुलझड़ी निकला और वह भी फुस्स साबित हुआ।



वरिष्ठ भाजपा सांसद ने कहा कि चुनाव आयोग ने स्पष्ट रूप से कहा है कि किसी भी वोट को ऑनलाइन किसी भी आम नागरिक द्वारा हटाया या मिटाया नहीं जा सकता। किसी भी वोट को बिना प्रभावित व्यक्ति की बात सुने, हटाया या मिटाया नहीं जा सकता। 2023 में कुछ असफल प्रयास किए गए थे, जो विफल रहे। चुनाव आयोग ने ही इन मामलों की एफआईआर दर्ज करने और जांच कराने के निर्देश दिए थे। चुनाव आयोग ने पहले ही मोबाइल नंबर और आईपी एड्रेस उपलब्ध करवा दिए हैं। यदि ये सभी डेटा उपलब्ध हैं, तो कांग्रेस शासित राज्य कर्नाटक की सीआईडी ने अब तक क्या किया? रिकॉर्ड के अनुसार, आलंद विधानसभा क्षेत्र 2023 में कांग्रेस के ही उम्मीदवार ने 10,348 मतों से जीता था। तो क्या राहुल गांधी और कांग्रेस ने वोट चोरी करके जीत हासिल की थी? श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि चुनाव दर चुनाव हार और जनता से नकार दिए जाने पर राहुल गांधी की हताशा, निराशा दिन पे दिन बढ़ती ही जा रही है। आरोपों की राजीनीति को राहुल गांधी ने अपना आभूषण बना लिया है और जब उनसे उन्हीं के लगाये आरोपों को authenticate करने को कहा जाता है तो पीठ दिखा कर भाग खड़े होते हैं। आज राहुल गांधी ने जो बातें कहीं, उसमें वे हाइड्रोजन बम खुद पर ही फोड़ बैठे और बोले कि मैं लोकतंत्र बचाने नहीं आ रहा हूँ। क्या वे लोकतंत्र को बर्बाद करने की तैयारी कर रहे हैं? गलत और निराधार आरोप लगाना, बार-बार संवैधानिक संस्थाओं पर आरोप लगाना, चुनाव आयोग पर आरोप लगाना, कभी ईवीएम पर, कभी वीवीपैट पर, कभी चुनाव नतीजों पर और कभी टूलकिट के सहारे, क्या यह भारत के लोकतंत्र और संवैधानिक संस्थाओं के प्रति उनकी आदत बन गई है? आखिर कांग्रेस पार्टी क्या चाहती है? पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने सत्ता और अफसरों का दुरुपयोग करके चुनाव में लाभ उठाया, लेकिन कोर्ट ने उन्हें सही रास्ता दिखाया।

## एक नजर

### सीएमओ ने चिकित्सक से की गाली गलौज डीएम से कार्रवाई की मांग



**फर्रुखाबाद।** जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी जब से जिले में तैनात हुए हैं उनकी गलत भाषा को लेकर कई बार विवाद हो चुका है इस बार स्वास्थ्य कर्मचारी ने कड़ा विरोध जताते हुए बैठक कर विरोध प्रदर्शन किया जिससे मामला बढ़ गया है अब देखना यह है कि सीएमओ के खिलाफ कार्रवाई होती है या नहीं। स्वास्थ्य कर्मियों ने बैठक कर सीएमओ के खिलाफ कार्यवाही को जिलाधिकारी से मांग की है। संयुक्त उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ के अध्यक्ष गौरव कुमार व महामंत्री नरेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सीएमओ अवनींद्र कुमार के द्वारा मोहम्मदाबाद सीएचसी के चिकित्सक सनी मिश्रा के साथ गाली-गलौज किये जाने की कड़ी निंदा की गयी। बैठक में कहा गया कीसीएमओ अवनींद्र कुमार पूर्व में भी विभाग के कई अधिकारियों व कर्मियों के साथ अशोभनीय व अमर्यादित भाषा का प्रयोग करते रहे हैं। जिससे सभी स्वास्थ्य कर्मी खुद को मानसिक उत्पीड़ित व अपमानित महसूस कर रहे हैं। लिहाजा सीएमओ के खिलाफ़ कार्यवाही की मांग संगठन ने की है। यदि कार्यवाही सीएमओ पर नहीं हुई तो आर-पार की लड़ाई का बिगुल फूंका जायेगा। इस दौरान राज्य कर्मचारी महासंघ के महामंत्री प्रमोद दीक्षित, उत्तर प्रदेश एक्सरे टेक्नीशियन एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय शंकर तिवारी, डॉ. सनी मिश्रा, अमृता श्रीवास्तव, आशीष कुमार, अरुण सिंह, नारायन कुमार चौरसिया, डॉ. अमित मिश्रा, अमृता श्रीवास्तव, सबीर हुसैन, संजय कुमार,अमित कुमार, अरुण सिंह जिला अध्यक्ष अभिषेक बाजपेई विजय शंकर सहित कई कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पद्म श्री पंडित रोनू मजूमदार आयेंगे छिबरामऊ



**कन्नौज।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली से संबद्ध जेएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल, छिबरामऊ,में शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार तथा SPIC MACAY के संयुक्त तत्वाधान में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त मशहूर बांसुरी वादक तथा भारत सरकार द्वारा पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित पंडित रोनू मजूमदार जी का कार्यक्रम 14 से 15 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी जेएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रबंधक हिमांशु सक्सेना ने दी उन्होंने बताया कि इस अवसर पर बच्चों को बांसुरी वादन की बारीकियां से अवगत कराएंगे तथा वर्कशॉप डेमोंसट्रेशन के माध्यम से बच्चों को बांसुरी बजाना भी सिखाएंगे उनके अंदर इस पारंपरिक भारतीय वाद्य कला की समझ विकसित हो सके। सक्सेना बताया कि इस बार छिबरामऊ नगर के ही दो अन्य विद्यालयों में भी उक्त कार्यक्रम को करवाया जाएगा ताकि अधिक से अधिक बच्चों में भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर और विरासत को समझने की कला का विकास हो सके। अपने एल्बम तबला रस के लिए बेला फ्लैक के साथ पंडित रोनू मजूमदार जी को ग्रैमी अवार्ड हेतु नॉमिनेट किया गया था। इसके साथ ही भारत की पहली मैक्स फिल्म मिस्टिक इंडिया पंडित रोनू मजूमदार को जाना जाता है।

### एआईएमआईएम कार्यकर्ताओं ने की एएसपी से मांग



**कन्नौज।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन, के कार्यकर्ताओं ने अपर पुलिस अधीक्षक से मिलकर उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष जनाब शौकत अली के विरुद्ध पूर्व नियोजित साज़िश के गंभीर व आपराधिक गतिविधियाँ की जा रही हैं, का ज्ञापन देखकर कार्यवाही की मांग की गई। यह बात मजलिस के जिला अध्यक्ष इशरत खान ने कही उन्होंने आगे कहा कि टीवी चैनलों,सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म तथा अन्य माध्यमों के माध्यम से अपने समर्थकों को आरोपित उकसाकर शौकत अली साहब के विरुद्ध अभद्र, असंसदीय एवं अशोभनीय भाषा का प्रयोग कराया जा रहा है। साथ ही उन्हें प्रदेश की सीमाओं में रोकने, गोली मारने तथा सार्वजनिक रूप से अपमानित करने जैसी गंभीर आपराधिक धमकियाँ दी जा रही हैं। सोशल मीडिया पर एक संगठित अभियान चलाकर शौकत अली साहब की छवि धूमिल करने, उनके मान-सम्मान को ठेस पहुँचाने तथा उनके जान-माल को गंभीर ख़तरा उत्पन्न करने का प्रयास किया जा रहा है। यदि समय रहते इन गतिविधियों को नहीं रोका गया तो किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। ऐसी किसी भी घटना की सम्पूर्ण ज़िम्मेदारी आरोपित एवं उनके सहयोगियों की होगी। उन्होंने आरोपित सहयोगियों के खिलाफ कठोर से कठोर व त्वरित कानूनी कार्रवाई की मांग उठायी।इस मौके पर मजलिस कन्नौज संगठन के ज़िला प्रमुख महासचिव हाशिम सिद्दीकी ज़िला प्रवक्ता वसीम खान ओवैसी वरिष्ठ कार्यकर्ता शकील अहमद यूथ ज़िला अध्यक्ष अकबर खान नगर अध्यक्ष छिबरामऊ आसिफ इकबाल छिबरामऊ विधानसभा अध्यक्ष जीशान सिद्दीकी, तिर्वा विधानसभा अध्यक्ष कासिम खान,ब्लॉक अध्यक्ष गुजरापुर वासिद खान बाबा, आफताब अहमद, युवा नगर अध्यक्ष जीशान अंसारी, फ़ैज़ान अहमद, अल्तमश कुरैशी व टीम शिवपुरा,विधान कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### योगी सरकार ने खीरी में पेश की जनसहभागिता की मिसाल

**लखनऊ/लखीमपुर खीरी।**

**कौन कहता है आसमां में सुराख नहीं हो सकता,**
**एक पत्थर तो तबीयत से उछालो यारों।**

ये पंक्तियां योगी सरकार के लखीमपुर खीरी जिला प्रशासन पर पूरी तरह से चरितार्थ होती हैं। यहां पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप आपदा में जनसहभागिता का उत्कृष्ट उदाहरण देखने को मिला, जहां पर जिलाधिकारी लखीमपुर खीरी द्वारा बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए 5 हजार सीएसआर स्पेशल किट का वितरण किया जा रहा है। यह किट योगी सरकार द्वारा सरकारी वित्तीय सहायता, मुआवजा और राहत किट के अतिरिक्त वितरित की जा रही है। इस किट को जिलाधिकारी की पहल पर 45 लाख रुपये की लागत से कॉरपोरेट सेक्टर, उद्यमियों और स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से तैयार किया गया। इसी के साथ खीरी पूरे प्रदेश में ऐसा पहला जिला हैं, जहां पर बाढ़ पीड़ितों के लिए सीएसआर स्पेशल किट वितरित की जा रही है। एक किट की लागत करीब 900 रुपये है। बता दें कि पिछले वर्ष भी आपदा की घड़ी में सीएम योगी के मार्गदर्शन में सीएसआर स्पेशल किट का वितरण किया गया था। जिलाधिकारी लखीमपुर खीरी दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हमेशा आपदा के समय प्रदेशवासियों के साथ खड़े रहते हैं।

# औद्योगिक इकाइयों को आवंटित भूमि तीन साल में उपयोग न होने पर होगी रद्द

## 22 सितम्बर से लागू हो रहे जीएसटी सुधार का आम नागरिक को लाभ मिलना सुनिश्चित करायें : मुख्यमंत्री

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 5 लाख करोड़ से अधिक की निजी निवेश परियोजनाओं के साथ पांचवें ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के आयोजन की तैयारी के निर्देश दिए हैं। गुरुवार को औद्योगिक विकास विभाग की उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांसफॉर्म के मंत्र के साथ बीते साढ़े 08 वर्षों में अब तक चार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी आयोजित की जा चुकी है। इसके माध्यम से 15 लाख करोड़ से अधिक की औद्योगिक परियोजनाएं धरातल पर उतर चुकी हैं तथा 60 लाख से अधिक युवाओं को नौकरी एवं रोजगार की गारंटी मिली। अब आगामी नवंबर माह में जीबीसी@5 के आयोजन की तैयारी की जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि सभी विभाग समयबद्ध तरीके से कार्यवाही सुनिश्चित करें और प्रत्येक निवेश प्रस्ताव की प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। विभिन्न निजी औद्योगिक इकाइयों को भूमि आवंटन के प्रस्तावों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया सामंजस्य के साथ ही होनी चाहिए। अपनी भूमि के साथ हर किसी का एक भावनात्मक संबंध होता है। यह उसके जीवन भर की पूंजी है। यदि प्रदेश हित में उनकी भूमि का अधिग्रहण आवश्यक है तो उन्हें अच्छा मुआवजा मिलना चाहिए। कहीं से भी उत्पीड़न की शिकायत नहीं आनी चाहिए। संवाद और समन्वय से यह काम बड़ी आसानी से हो सकता है। सभी औद्योगिक विकास प्राधिकरण अपने क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप भूमि अधिग्रहण के लिए वर्तमान मुआवजे की दर में बढ़ोत्तरी पर विचार करें। यह समय की मांग है, इसी में किसानों का हित है। निर्यात प्रोत्साहन के प्रयासों को बढ़ाने की जरूरत बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना अथॉरिटी में से किसी एक क्षेत्र में फिनटेक हब विकसित किया जाए। यहां बड़े बैंकिंग संस्थाओं के कार्यालय हों। उन्होंने यह भी कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों के निर्यात को और बेहतर करने के लिए नियोजित प्रयास की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि भूमि आवंटन के उपरांत भूमि का समुचित उपयोग न करने वाली औद्योगिक इकाइयों के लिए भूमि आवंटन अधिकतम तीन वर्षों के उपरांत रद कर दिया जाए। वह भूमि अन्य निवेशक को आवंटित किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने निवेश मित्र और निवेश सारथी पोर्टलों को और अधिक सहज व सरल बनाये जाने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि निवेशक छोटा हो या बड़ा, कार्यालयों के चक्कर किसी को भी न लगाना पड़े। आगामी 22 सितम्बर से प्रभावी होने जा रहे जीएसटी सुधारों का लाभ हर आम नागरिक को मिलना सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने आशा जताई कि इससे आम आदमी को सीधा लाभ होगा। बैठक में मुख्यमंत्री ने सभी जिलों में सरदार वल्लभभाई पटेल को समर्पित विशेष रोजगार जोन के विकास की कार्ययोजना पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि चरणबद्ध रूप से सभी जिलों में कम से कम 100 एकड़ में इस रोजगार जोन का विकास किया जाना है, इसके लिए भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। यह क्षेत्र उद्योग, निवेश, उद्यमिता, नवाचार, कौशल विकास और रोजगार का हब होगा। यह कार्ययोजना पूरे देश में एक मॉडल बनेगी। बैठक में जानकारी दी गई कि वर्ष 2025-26 के लिए विनिर्माण क्षेत्र का 5 लाख करोड़ का GVA लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए फैक्ट्री अधिनियम के अंतर्गत 8,000 नई/विद्यमान इकाइयों का पंजीकरण आवश्यक है। अभी तक 1,354 इकाइयों का पंजीकरण हो चुका है। मुख्यमंत्री ने श्रम सुधारों की प्रक्रिया को और तेज करने और अप्रयुक्त औद्योगिक भूखंडों को सक्रिय करने के निर्देश दिए।



### हमीरपुर में सात माह में सात बंदियों की मौत, मतलब जंगलराज : अजय राय

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने गुरुवार को कहा कि हमीरपुर जिला कारागार के भ्रष्ट जेलर के कार्यकाल में मात्र सात महीनों के अंदर सात बंदियों की मृत्यु हुई है जो प्रशासनिक विफलता और भ्रष्टाचार का प्रमाण है।

श्री राय तीन दिन पहले जिला कारागार में बंदी की पीट पीट कर हत्या के मामले में पीड़ित परिवार के घर गये। इस अवसर पर उन्होंने पत्रकारों से कहा कि हमीरपुर जिला कारागार के भ्रष्ट जेलर के कार्यकाल में मात्र सात महीनों के अंदर सात बंदियों की मृत्यु हुई है जो प्रशासनिक विफलता और भ्रष्टाचार का प्रमाण है। अब तो उत्तर प्रदेश में लोग जेल में भी सुरक्षित नहीं है,प्रदेश में जंगलराज कायम है। उन्होंने स्वर्गीय आनंदी प्रसाद पालीवाल के पुत्र आलोक पालीवाल की जेल में हुई मौत के बाद उनके आवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की और परिवार से सांत्वना व्यक्त की।अजय राय ने बताया कि सुरजपुर के बंदी अनिल द्विवेदी की हत्या वसूली की वजह से की गई थी जबकि कुल मिलाकर जेल में अनिल द्विवेदी और आलोक पालीवाल अरविंद नसीमुद्दीन हनीफ उर्फ गनी सहित सात बंदियों की मौत हो चुकी है। राय ने कहा कि प्रदेश में कानून की स्थिति बदहाल है और योगी सरकार सभी मोर्चों पर असफल साबित हो रही है। प्रधानमंत्री का संसदीय क्षेत्र वाराणसी और मुख्यमंत्री का गृह जिला गोरखपुर अपराधियों का गढ़ बन गया है जहां खुलेआम अपराध हो रहे हैं।

# युवाओं को नशा विरोधी शपथ दिलायी गई

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

- लखनऊ विश्वविद्यालय में 'सेवा पखवाड़ा अभियान' के तहत नशा विरोधी संगोष्ठी का आयोजन

**लखनऊ।** देश के प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के अवसर पर प्रारम्भ हुए 'सेवा पखवाड़ा अभियान' तथा नशा मुक्त भारत अभियान के तहत मद्यनिषेध विभाग द्वारा युवाओं को मादक पदार्थों के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किये जाने हेतु आज लखनऊ विश्वविद्यालय के एपी सेन सभागार में नशा विरोधी जनजागरूकता कार्यक्रम/संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रदेश के आबकारी एवं मद्यनिषेध राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर श्री अग्रवाल ने सभागार में उपस्थित छात्र/छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि मा० प्रधानमंत्री जी का विजन-2047 युवाओं पर केन्द्रित है। इसलिए विकसित भारत के विज़न को मूर्तरूप देने हेतु सभी को विशेषकर युवाओं को पूर्ण मनोयोग से योगदान देने की आवश्यकता है। इसके लिये युवाओं का नशा मुक्त होना अत्यन्त आवश्यक है। उन्होंने कहा कि युवा इस देश का भविष्य हैं, उनको यह तय करना है वह किस भारत में रहना चाहते हैं। आने वाले समय में आप कही जायें और कहें हम भारत से आये है, तो लोग सर झुकाकर बात करें। इसके लिए युवाओं को आगे आना पड़ेगा। सभी को अपने घर, परिवार, आस-पड़ोस से लोगों को नशा मुक्ति के लिए प्रेरित करना है, तभी हम अपने देश को आगे बढ़ा पायेंगे। उन्होंने कहा कि वह प्रदेश की सभी यूनीवर्सिटी में जाकर नशा मुक्ति के लिए युवाओं से संवाद करेंगे। आज इसकी पहल लखनऊ यूनिवर्सिटी से हुई है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित श्री बृजेश शुक्ला, उपाध्यक्ष, उ०प्र० राज्य मद्यनिषेध परिषद द्वारा नशे की बुराइयों पर अपने विचार व्यक्त किये गये एवं श्री एल० वेंकटेश्वर लू, अपर मुख्य सचिव द्वारा मादक पदार्थों के दुरुपयोग एवं उनके सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के साथ-साथ इसके बचाव के तरीकों पर व्यापक रूप से प्रकाश डालते हुए अवगत कराया गया कि मद्य एवं मादक



द्रव्यों का सेवन न केवल तामसिक प्रवृत्तियों को पोषित करता है, अपितु मनुष्य को प्रमाद और अधोगति की ओर भी अग्रसर करता है। कुलपति प्रो० मनुका खन्ना द्वारा मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति जनसामान्य को अवगत कराते हुए इनके सेवन की बढ़ती प्रवृत्ति को समाज के लिए चिन्ता का विषय बताया। प्रो० वी०के० शर्मा, छात्र कल्याण, लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा नशे से होने वाली हानियों के बारे में अवगत कराते हुए नशा न करने की प्रेरणा दी गयी। राज्य मद्यनिषेध अधिकारी, उत्तर प्रदेश द्वारा युवाओं को मादक पदार्थों के सेवन से परिवार, समाज व राष्ट्र को हो रही क्षति के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र/छात्राओं के मध्य दिनांक 17 सितम्बर को पोस्टर /वाद-विवाद (डिबेट) / निबन्ध प्रतियोगिता आयोजित करायी गयी, जिसमें लगभग 200 छात्र/छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को आज पुरस्कृत किया गया। साथ ही नशा मुक्त भारत अभियान के तहत सशक्त भारत का निर्माण किये जाने हेतु सभागार में उपस्थित सभी लोगों को नशा विरोधी शपथ दिलायी गयी।

### भाजपा नेताओं ने बदल ली अपनी डीपी

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, संगठन महामंत्री भाजपा धर्मपाल, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या एवं बृजेश पाठक ने गुरुवार को नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफार्म अभियान के अंतर्गत स्टिकर लॉन्च कर अपनी व्हाट्सअप सहित अन्य की डीपी चेंज की। अभियान संयोजक प्रदेश महामंत्री सुभाष यदुवंश ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नेतृत्व में वित्त मंत्री निर्मला सीता रमन जीएसटी के दरों में ऐतिहासिक परिवर्तन किया गया है इसी क्रम में नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफार्म अभियान के अंतर्गत आज प्रदेश अध्यक्ष , संगठन महामंत्री , उप मुख्यमंत्री सहित सभी लोगों ने आज जीएसटी का स्टिकर लांच किया और अपनी डीपी चेंज की । जीएसटी की दरों में भारी कमी की जाने आम जनमानस में उत्साह का वातावरण है। इसी वातावरण को देखते हुए भाजपा ने नेक्स्ट जेन. जीएसटी अभियान की शरुवात की है इस संबंध में जिला पंचायत , नगर निगम , नगर पालिका , नगर पंचायत और विकास खंडों द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी धन्यवाद देने के विशेष सत्र बुलाएगी।

# माता-पिता बच्चों से बाल श्रम ना कराए : अजय

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश द्वारा, प्रदेश को वर्ष 2027 तक बाल श्रम मुक्त करने के संकल्प के क्रम में अजय जैन, लखनऊ के मुख्य विकास अधिकारी, के नेतृत्व श्रम विभाग द्वारा में यूनिसेफ के सहयोग से मंडलीय बाल श्रम उन्मूलन कार्यशाला का आयोजन लखनऊ जनपद में किया गया।

उत्तर प्रदेश में बाल श्रम उन्मूलन के लिए राज्य कार्य योजना के तहत, सरकार बाल श्रम में लगे बच्चों की पहचान करने और उन्हें बचाने के प्रयासों को तेज करेगी और बाल श्रमिकों के नियोक्ताओं के खिलाफ ठोस कानूनी कार्रवाई शुरू करेगी। कार्यशाला का आयोजन बाल श्रम से सम्बंधित मंडल व जिला स्तर के रुझानों को समझने और उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों और कमजोर क्षेत्रों की पहचान करने के उद्देश्यों को ध्यान में रखकर किया गया था है। लखनऊ के मुख्य विकास अधिकारी, अजय जैन, ने जिले में प्रायोजन (स्पान्सर्शिप) योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना व विधवा पेंशन जैसी विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के बेहतर कवरेज के माध्यम से बाल श्रम के उन्मूलन की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने श्रम, महिला कल्याण, पुलिस, बाल कल्याण समिति, गैर सरकारी संगठनों और अन्य हितधारकों जैसे सरकारी विभागों और एजेंसियों को शामिल करके बाल श्रमिकों के संयुक्त बचाव अभियानों की योजना बनाने का भी सुझाव दिया। डॉक्टर हेलेन आर सेकर, पूर्व वरिष्ठ फेलो, वीवी गिरी राष्ट्रीय श्रम संस्थान, द्वारा कार्यशाला के दौरान बाल श्रम से जुड़े विभिन्न मुद्दों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की।



कार्यशाला के दौरान बोलते हुए उत्तर प्रदेश के यूनिसेफ के बाल संरक्षण विशेषज्ञ ,सैयद मंसूर कादरी ने ग्राम पंचायत स्तर पर पंचायती राज विभाग द्वारा स्कूल न जाने वाले बच्चों और प्रवासी बच्चों की मजबूत जानकारी और डेटा प्रबंधन की आवश्यकता पर बल दिया।

### मोदी और मुख्य चुनाव आयुक्त दोनों को तत्काल इस्तीफा दे देना चाहिए : डॉ0 सीपी राय

**लखनऊ।** जननायक राहुल गांधी जी की आज प्रेस वार्ता पर अपना वक्तव्य रखते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी मीडिया डिपार्टमेंट के चेयरमैन डॉ0 सीपी राय, पूर्व मंत्री ने कहा कि यदि भारत की जगह कोई अन्य लोकतांत्रिक देश होता तो दो बार के ऐसे खुलासों के बाद जिससे यह स्पष्ट हो गया है कि भारत में लोकतंत्र की हत्या की जा रही है। चुनाव आयुक्त की मदद से वोटों की हेरा फेरी करके देश और प्रदेश में सरकारें बनाई जा रही हैं तो अब तक इन सभी के इस्तीफे हो जाते। अब ऐसे में चुनाव आयोग, केंद्र सरकार और हेरा फेरी से बनी प्रदेश सरकारों को एक पल भी सत्ता में बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। डॉ0 सीपी राय ने कहा कि पाकिस्तान जैसे देश में भी पिछले चुनाव के बाद वहां के चुनाव आयुक्त ने प्रेस वार्ता कर स्वीकार किया कि उन्होंने बेईमानी की है। जीते हुए को हराया और हारे हुए लोगों को जिता दिया। उन्होंने अपने पद से इस्तीफा देते हुए अपने लिए तथा इस काम में भागीदार सभी के लिए फांसी की सजा की मांग की तो क्या भारत का चुनाव आयोग पाकिस्तान से भी गया गुजरा हो गया है? डॉ0 सीपी राय ने कहा कि इधर हाल ही में जापान सहित कुछ देश के प्रधानमंत्रियों ने नैतिकता के आधार पर सिर्फ इन बातों पर अपने पदों से इस्तीफा दे दिया।

# अधिकारियों को निर्देश,बिना सहमति के न लगे तार और पोल



**लखनऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने राजधानी स्थित अपने आवास पर जनसुनवाई की। इस दौरान विभिन्न जनपदों से आए नागरिकों ने सीवर लाइन, सड़क निर्माण, विद्युत बिल सुधार, पोल शिफ्टिंग एवं अन्य स्थानीय समस्याओं से अवगत कराया। जनसुनवाई में उपस्थित शिकायतकर्ताओं की बात ध्यानपूर्वक सुनने के बाद मंत्री श्री शर्मा ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को सभी समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विद्युत विभाग से संबंधित शिकायतों पर विशेष रूप से निर्देश देते हुए मंत्री श्री शर्मा ने अधिकारियों को कहा कि तार एवं पोल लगाने अथवा शिफ्टिंग से पूर्व आस-पास के जमीन मालिकों की सहमति लेना अनिवार्य है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि पहले से सहमति ली जाए तो इस प्रकार की विवादित समस्याओं से बचा जा सकता है। मंत्री श्री शर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनता को अनावश्यक परेशान न होने दें तथा उनकी समस्याओं का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करें।

### ऊर्जावान और निष्ठावान कार्यकर्ताओं को सौंपी जाये शक्ति केन्द्र की जिम्मेदारी

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि शक्ति केन्द्र की मजबूत संरचना ही निश्चित विजय का फार्मूला है। शक्ति केन्द्र ही मंडल और बूथ के बीच मजबूत सेतु है। शक्ति केन्द्र की जिम्मेदारी अनुशासित, परिश्रमी, ऊर्जावान और निष्ठावान कार्यकर्ताओं को सौंपी जाय। हर कार्यकर्ता को काम और काम की समीक्षा से जबाबदेही का कल्चर विकसित होगा। भाजपा का संगठन सबसे मजबूत और आदर्श हो उसके लिए कार्य करना होगा।

उन्होंने कहा कि तथ्य के साथ सत्य को लेकर हर घर तक पहुंचना है और विपक्ष के द्वारा फैलाए जा रहे झूठ व भ्रम का सफाया करना है। श्री धर्मपाल सिंह ने प्रयागराज महानगर, गंगापार, यमुनापार में जिलो के शक्ति केन्द्र संयोजको की बैठक को सम्बोधित किया। इसके साथ ही अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के पदाधिकारियों से संवाद किया। विभिन्न अभियान तथा कार्यक्रमों के संयोजको व सहसंयोजको के साथ ही जिला पदाधिकारी, सभी मोर्चो के जिलाध्यक्षो की बैठक को भी सम्बोधित किया।


### कार्यालय ग्राम पंचायत नरायनपुर वि0ख0 कूरेभार सुलतानपुर

पत्रांक : मेमो 2025- 26 | दिनांक : 18/09/2025

#### निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत नरायनपुर विकास खण्ड कूरेभार जनपद सुलतानपुर वर्ष 2025 -26 मनरेगा योजनांतर्गत ईट मार्का (प्रथम), इंटरलॉकिंग ईंट, ईंट गिट्टी, सीमेंट, मोरंग, बालू आदि निविदा आमंत्रित किया जाता है । शेष नियम व शर्ते योजना गाइडलाइंस/ग्राम पंचायत के अंतर्गत किये जाएंगे। समस्त सामाग्री उपलब्ध निर्धारित कार्य स्थल पर लिया जायेगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1 | एस सी बस्ती पक्की सड़क से सुरेश व मनोज के घर होते हुए जियालाल के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य। | 6.11 लाख |
| 2 | अवधेश पाण्डेय के घर से नहर तक इंटरलॉकिंग कार्य। | 11.54 लाख |
| 3 | खण्डंजा से पुजारी पाण्डेय के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य। | 6.91 लाख |
| 4 | राकेश पाण्डेय के घर से इंटरलॉकिंग तक इंटरलॉकिंग कार्य। | 3.50 लाख |

उपरोक्त कार्य हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्ता विज्ञापन तिथि से दिनांक 25/09/2025 तक कार्यालय पंचायत भवन ग्राम पंचायत नरायनपुर, विकास खण्ड कूरेभार जनपद सुलतानपुर में दोपहर 2 बजे तक वक्तिगत या किसी अन्य माध्यम पत्राचार द्वारा उपलब्ध करा सकतें हैं। उसी दिन शाम 4 बजे निविदाताओ के समक्ष निविदा खोली जायेगी।

**पूनम पाण्डेय**
ग्राम प्रधान
ग्रा0पं0 नरायनपुर वि0ख0
कूरेभार सुलतानपुर

**खुशबू सोनी**
सचिव
ग्रा0पं0 नरायनपुर वि0ख0
कूरेभार सुलतानपुर

### कार्यालय ग्राम पंचायत नटौली कला वि0ख0 कूरेभार सुलतानपुर

पत्रांक : मेमो 2025- 26 | दिनांक : 18/09/2025

#### निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत नटौली कला विकास खण्ड कूरेभार जनपद सुलतानपुर वर्ष 2025 -26 मनरेगा योजनांतर्गत ईट मार्का (प्रथम), इंटरलॉकिंग ईंट, ईंट गिट्टी, सीमेंट, मोरंग, बालू, पत्थर गिट्टी, सरिया आदि निविदा आमंत्रित किया जाता है। शेष नियम व शर्ते योजना गाइडलाइंस/ग्राम पंचायत के अंतर्गत किये जाएंगे। समस्त सामाग्री उपलब्ध निर्धारित कार्य स्थल पर लिया जायेगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1 | बनराजा के घर से भीमराज के घर तक नाली पटिया निर्माण कार्य। | 11.39 लाख |
| 2 | बड़ा तालाब से झील तक नाली पटिया निर्माण कार्य। | 16.16 लाख |
| 3 | अमन के घर से मंदिर तक इंटरलॉकिंग कार्य। | 9.08 लाख |
| 4 | बबलू सिंह के घर से राघव शरण के चक तक नाली पटिया निर्माण। | 4.59 लाख |

उपरोक्त कार्य हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्ता विज्ञापन तिथि से दिनांक 25/09/2025 तक कार्यालय पंचायत भवन ग्राम पंचायत नटौली कला, विकास खण्ड कूरेभार जनपद सुलतानपुर में दोपहर 2 बजे तक वक्तिगत या किसी अन्य माध्यम पत्राचार द्वारा उपलब्ध करा सकतें हैं। उसी दिन शाम 4 बजे निविदाताओ के समक्ष निविदा खोली जायेगी।

**सोनी गुप्ता**
ग्राम प्रधान
कार्यालय ग्राम पंचायत नटौली
कला वि0ख0 कूरेभार सुलतानपुर

**खुशबू सोनी**
सचिव
कार्यालय ग्राम पंचायत नटौली कला
वि0ख0 कूरेभार सुलतानपुर


**धरने का 295वां** — वर्टिकल रिस्ट्रक्चरिंग कर पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों के साथ पांच शहरों के निजीकरण की भी तैयारी

# निजीकरण के विरोध में प्रांत व्यापी आंदोलन जारी

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने आरोप लगाया है कि पांच शहरों की वर्टिकल रिस्ट्रक्चरिंग कर पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों के समानांतर इन शहरों के निजीकरण की भी तैयारी चल रही है। निजीकरण के विरोध में लगातार चल रहे आंदोलन के 295 वें दिन आज बिजली कर्मियों ने प्रदेश के समस्त जनपदों में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के केंद्रीय पदाधिकारियों ने आज यहां कहा कि विदित हुआ है कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के आरएफपी डॉक्यूमेंट पर विद्युत नियामक आयोग द्वारा लगाई गई आपत्तियों का जवाब तैयार कर लिया गया है और आरएफपी डॉक्यूमेंट के अनुमोदन के लिए पावर कॉरपोरेशन किसी भी समय विद्युत नियामक आयोग में जा सकता है जिससे निजीकरण की प्रक्रिया तीव्र गति से आगे बढ़ाई जा सके। संघर्ष समिति ने विद्युत नियम आयोग के अध्यक्ष श्री अरविंद कुमार से अपील की है कि यदि पावर कारपोरेशन का निजीकरण का आरएफपी डॉक्यूमेंट अनुदान के लिए आता है तो पहले तो उसे अस्वीकृत कर दिया जाए और अगर उस पर चर्चा भी की जाती है तो उसके पहले विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधियों से चर्चा की जाए क्योंकि निजीकरण से बिजली कर्मचारियों का भविष्य अंधकारमय होने जा रहा है। संघर्ष समिति ने आरोप लगाया है कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के समानांतर उत्तर प्रदेश के पांच अन्य शहरों के निजीकरण की तैयारी भी अंदर-अंदर की जा रही है। संघर्ष समिति ने कहा कि कानपुर, मेरठ, अलीगढ़, बरेली और लखनऊ शहर की बिजली व्यवस्था का ऊर्ध्वाधर पुनर्गठन (वर्टिकल रिस्ट्रक्चरिंग) करने के पीछे मुख्य उद्देश्य इन शहरों की बिजली व्यवस्था का निजीकरण किया जाना है। संघर्ष समिति ने कहा कि पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉक्टर आशीष गोयल जो ऑल इंडिया डिस्कॉम एसोशिएशन के महामंत्री के रूप में काम करने में अधिक रुचि ले रहे हैं, उन्होंने आल इंडिया डिस्कॉम एसोशिएशन की वेबसाइट पर निजीकरण पर अपनी उपलब्धियां गिनाने के क्रम में स्वयं एक नया पॉइंट जोड़ा है जिसमें इस बात को लिखा है कि पूर्वांचल विद्युत निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के साथ सुधार हेतु कानपुर, मेरठ, अलीगढ़, बरेली और लखनऊ की बिजली व्यवस्था की वर्टिकल रिस्ट्रक्चरिंग की जा रही है। इससे बिल्कुल साफ हो जाता है कि इन शहरों के निजीकरण की साथ-साथ तैयारी चल रही है। संघर्ष समिति ने कहा कि सरकारी क्षेत्र में रहते हुए देश के जिन शहरों में भी बिजली व्यवस्था में सर्वाधिक सुधार किया गया उनमें से किसी भी शहर में इस प्रकार तुगलकी फरमान जारी कर वर्टिकल रिस्ट्रक्चरिंग जैसी विचित्र व्यवस्था नहीं लागू की गई। संघर्ष समिति ने उदाहरण देकर कहा बेंगलुरु, पटियाला, पुणे, हैदराबाद, विजयवाड़ा, विशाखापत्तनम, गुड़गांव, हिसार आदि ऐसे कई शहर है जहां बिजली व्यवस्था में गुणात्मक सुधार किया गया है और यह सब सरकारी क्षेत्र में चल रही व्यवस्था के अंतर्गत ही किए



## एक नजर

### घर में निकला सांप, पीआरवी ने किया रेस्क्यू

**लखनऊ।** खरिका वार्ड प्रथम के गोपाल नगर में सुरेन्द्र भट्ट के मकान में एक जहरीला सांप निकल आया। परिवार दहशत में आ गया। तभी उन्होंने पुलिस को मदद के फोन किया , सूचना पर पहुंची पी आर वी आशियाना ने सांप का रेस्क्यू कर उसे जंगल में छोड़ दिया। सुरेन्द्र भट्ट,भाई मोहन चंद्र भट्ट और परिवार के साथ गोपाल नगर तेलीबाग लखनऊ में रहते हैं। सुरेन्द्र भट्ट ने बताया कि बुधवार देर शाम करीब 8 बजे उनके घर में एक जहरीला सांप निकल आया ।जिससे घर में मौजूद महिलाएं और उनके 4 बच्चे दहशत में आ गए,उनको सीढ़ी के रास्ते छत पर पहुंचाया और सांप पर नजर बनाए रखी,साथ में पुलिस को मदद के लिए फोन किया। थोड़ी देर में ही पीआरवी 4925 थाना आशियाना, के कॉन्स्टेबल शैलेन्द्र सहाय,और कॉन्स्टेबल प्रतेश कुमार, मौके पर पहुंचे और उस जहरीले सांप को रेस्क्यू कर बोरे में बंद कर जंगल में छोड़ दिया गया।

### प्लाट के नाम पर सैनिक की पत्नी से 14 लाख ठगे

**लखनऊ।** लखनऊ में पनपे प्रापर्टी डीलरों द्वारा लाखों रुपये डकारने के बाद जब प्लाट नहीं देते हैं, तो क्रेता धन हड़पे जाने के साथ ही जमीन से भी हाथ धो बैठता है। एकबार रुपये डीलरों के हाथ लगने के बाद क्रेता लगातार उनके घर या आफिस के चक्कर ही लगाता रहता है। भारतीय सेना में जनपद सुल्तानपुर निवासी सधांशु यादव सैनिक के पद पर कार्यरत है। पीड़िता के पति जय प्रकाश से मित्रवत व्यवहार था। जिनका घर पर भी आना जाना होने के कारण उनके परिवार पर विश्वास था । जय प्रकाश के पुत्र विनय सिहं ने अपने पिता के पारिवारिक विश्वास का भरपूर फायदा उठाते हुए पीड़िता को प्लाट खरीदने का प्रलोभन दिया। उक्त प्लाट क्रय हेतु विनय सिंह को 14 लाख रुपये का भुगतान भी कर दिया । विनय सिंह ने जमीन पर कभी लेकर नहीं गया और टालमटोल कर झांसा देता रहा । पीड़िता को उसके हावभाव व चतुराई समझकर अपने दिये गये भुगतान को जब वापस माँगा तो वह बहाने बनाते हुए परेशान करने लगा। विनय सिंह के पिता जयप्रकाश ने विवश होकर पीड़िता को 03 लाख रुपये वापस कर दिया । विगत मार्च माह में 4-4 लाख के दो चेक भी दिया। जिसे बैंक में जमा करने के उपरान्त चेकें बाऊंस हो गयी। पीड़िता के मध्य हुए समझौते को भी इन लोगों ने मानने से मना कर दिया। विनय सिंह अपने पिता जय प्रकाश के साथ जिस किराये के मकान में रहते थे। उस मकान को भी छोड़कर अन्यत्र कहीं चले गये। वह लोग न तो पीड़िता का फोन उठाते हैं और न ही रुपये वापस कर रहे हैं। पिता पुत्र द्वारा धोखाधड़ी करके ठगी का शिकार बनाकर लाखों रुपये हड़प लिये जाने पर पीड़िता ने थाना सरोजनी नगर में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया।

### छात्राओं को मिली साइबर अपराध की जानकारी



**लखनऊ।** अनजान व्यक्ति से कभी भी बात न करें, किसी अनजान लिंक को क्लिक न करें, बिना जानकारी के किसी को कोई ओटीपी न बताएं। बैंक, बिजली विभाग या अन्य कही से फोन करके कोई आपकी व्यक्तिगत जानकारी लेना चाहे तो न बताएं, पहले संबंधित से जानकारी हासिल कर लें। किसी के बहकावे में न आएं अनजान व्यक्ति से बचें और घर से बाहर तक हमेशा सावधान रहें। गोसाईगंज स्थित लाला महादेव प्रसाद वर्मा बालिका महाविद्यालय की छात्राओं को गुरुवार को साइबर अपराध की जानकारी देते हुए पुलिस अधिकारियों द्वारा सावधानी के कुछ ऐसे उपाय बताए गए। बालिका महा विद्यालय के अनुसुइया सभागार में साइबर अपराध और महिलाएं विषय पर सहायक पुलिस आयुक्त सुश्री अपूर्वा पांडेय, उप निरीक्षक सुश्री सोनम राय तथा साइबर प्रकोष्ठ प्रभारी दिव्यांशु तिवारी ने छात्राओं को साइबर क्राइम से सुरक्षित रहने और सम्बंधित हेल्प लाइन की जानकारी दी। कार्यक्रम में गोसाईगंज कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार त्रिपाठी, हेड कांस्टेबल राजेंद्र तिवारी, चौकी प्रभारी राजकुमार, आरक्षी सौरभ सचान और प्रदीप कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। प्रबंधक अम्बिका प्रसाद वर्मा, प्राचार्या डॉ नीरज सिंह रघुवंशी के साथ ही शिक्षिकाओं और छात्राओं ने पुलिस के सुझावों को गंभीरता से समझा।

### हादसे को दावत दे रहा न्यू पावर हाउस रोड पर गड्ढा



**मोहनलालगंज।** कस्बे के न्यू पावर हाउस रोड पर बड़ा गड्ढा लोगों के लिए मुसीबत बन गया है। सड़क के बीचों-बीच बने इस गहरे गड्ढे के कारण आए दिन राहगीरों और वाहन चालकों को दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। यह मार्ग प्रतिदिन सैकड़ों स्थानीय निवासियों के साथ-साथ कई सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों के आवागमन का मुख्य साधन है।स्थानीय लोगों का कहना है कि गड्ढा कई दिनों से बना हुआ है, लेकिन अभी तक प्रशासन और संबंधित विभागों ने इसे दुरुस्त कराने की कोई जहमत नहीं उठाई है। बारिश के मौसम में इस गड्ढे में पानी भर जाता है, जिससे इसकी गहराई का अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाता है और दोपहिया वाहन चालक सबसे अधिक जोखिम में रहते हैं।ग्रामीणों और कस्बेवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सड़क की मरम्मत का कार्य शुरू नहीं किया गया तो वे आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। लोगों का कहना है कि प्रशासन की यह लापरवाही किसी बड़े हादसे को जन्म दे सकती है।इस संबंध में स्थानीय नागरिकों ने कई बार अधिकारियों का ध्यान आकर्षित करने की कोशिश की, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। अब लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।कस्बे वासियों ने मांग की है कि जिला प्रशासन और लोक निर्माण विभाग तत्काल प्रभाव से इस गड्ढे को भरवाकर सड़क की मरम्मत कराए, ताकि लोगों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

### सुलभ द्वारा स्वच्छता अभियान का आयोजन



**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के75 में जन्मदिन के शुभ अवसर पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त सामाजिक सेवा संस्थान सुलभ इंटरनेशनल द्वारा दिनांक 17 सितंबर2025 को प्रातः 8 :00 बजे से10 :00 बजे तक लखनऊ नगर निगम सीमा अंतर्गत कपूरथला में नवनिर्मित सार्वजनिक सुलभ शौचालय के निकट स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस स्वच्छता अभियान में लखनऊ उत्तर विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ नीरज बोरा के मार्गदर्शन में नियंत्रक फतेह बहादुर सिंह एवं संस्था के कार्यकर्ता द्वारा व्यापक स्तर पर सफाई का कार्य किया गया इस सफाई अभियान में पार्षद गन पृथ्वी गुप्ता एवं स्वदेश सिंह तथा स्थानीय लोगों ने योगदान किया विधायक डॉ बोरा द्वारा स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालने हेतु प्रधानमंत्री के आवाहन पर संचालित स्वच्छ भारत मिशन की सराहना की गई तथा स्वच्छता एवं पर्यावरण के क्षेत्र में सुलभ इंटरनेशनल के योगदान का भी उल्लेख किया गया सुलभ के मानद नियंत्रक सिंह ने अवगत कराया कि सुलभ द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान का आयोजन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक किया जाएगा।

### लेखपाल एकीकृत डाइशबोर्ड का उद्घाटन

**लखनऊ।** तहसील सरोजनी नगर कार्यालय मे गुरुवार को राजस्व लेखपाल एकीकृत डाइशबोर्ड का उद्घाटन राजस्व परिषद अध्यक्ष द्वारा किया गया। जिसमे राजस्व लेखपाल द्वारा ऑनलाइन माध्यम से किये जाने वाले समस्त कार्यों और वरासत, आय, जाति, निवास एवं हैसियत प्रमाण पत्र, मुख्य मंत्री कृषक बीमा योजना,अंश संशोधन, फॅमिली आई डी,खसरा, फॉर्मर रजिस्ट्री, धारा 24,कृषि क्रांप कटिंग एवं दैवीय आपदा आदि के टीम के साथ व्यापक विचार विमर्श के उपरांत परिषद स्तर पर एकीकृत डाइशबोर्ड का निर्माण किया गया। सुश्री नीतू, सुश्री दीपिका, सुश्री नेहा, सुश्री अमृतंजलि ने तहसील बार असोसिएशन के अध्यक्ष क्रमलेश प्रताप सिंह एवं महामंत्री राजेंद्र यादव को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया।

# राज भवन की निगरानी में होगा स्वास्थ्य परीक्षण

## गोसाईंगंज के सात गांव चयनित, डिप्टी सीएम सहित स्वास्थ्य अधिकारियों को भी भेजा गया पत्र

विश्ववार्ता संवाददाता

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर शुरू किए गए स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान को गोसाईगंज में सात गांवों से शुरू किया जाएगा। सात गांवों में शत प्रतिशत महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण राज भवन की निगरानी में होगा। इसके साथ अन्य गांवों में भी अभियान चलेगा। इसके लिए उप मुख्यमंत्री सहित स्वास्थ्य अधिकारियों को भी राज भवन से पत्र भेजा जाएगा।



गुरुवार को राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव सुधीर एम बोवडे ने गोसाईगंज के कासिमपुर गांव में आंगनवाड़ी केंद्र पर आयोजित स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा तथा स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान समारोह में उक्त बातें कही। अपर मुख्य सचिव राज्यपाल सुधीर एम बोवडे ने तीन बच्चों कीर्ति, प्रहलाद और विनायक का अन्नप्राशन कराया तथा चांदनी, बिलूल और राम कुमारी की गोदभराई की। उन्होंने गोदभराई के दौरान महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण की जानकारी लिया और एएनएम हेमारानी से कहा कि कितनी महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ है। उन्होंने पूछा स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक यहां हैं तो पता चला कि नहीं हैं। सीएचओ पूनम शर्मा मौजूद थी। अपर मुख्य सचिव ने एएनएम से पूछा कि आपके पास कितने गांव हैं तो बताया सात गांव। इस पर उन्होंने सभी सात गांव की सभी महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण करने के निर्देश ही नहीं दिए बल्कि कहा कि यह कार्य राज भवन की निगरानी में होगा। उन्होंने सचिव से कहा कि इस संबंध में उप मुख्यमंत्री सहित जिले के स्वास्थ्य अधिकारियों और जिलाधिकारी को पत्र भेजना है। जिन गांवों में राज भवन अपनी निगरानी में स्वास्थ्य परीक्षण कराएगा उनमें कासिमपुर, बिरुहा, मोअज्जम नगर, कबीरपुर, लक्ष्मणपुर, नवाब अली पुरवा और नटखेड़ा शामिल हैं। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि बच्चों का भी आंगनवाड़ी केंद्रों पर स्वास्थ्य परीक्षण किया जाए। कहा की जिनको कोई जटिल बीमारी है उनके भी इलाज की व्यवस्था है। उनको पीजीआई तक भी ले जाने की सरकारी व्यवस्था है। बरसात के बीच कासिमपुर आंगनवाड़ी केंद्र पहुंचे अपर मुख्य सचिव ने स्टाल निरीक्षण करते हुए पोषण स्टाल पर रखे व्यंजन देख कर पूछा कि किसने बनाया है। सचिव को बताया गया कि जो पोषाहार आता है उसी से बनाए गए हैं। उन्होंने कहा हर आंगनवाड़ी कार्यकत्री को व्यंजन बनाना सीखना चाहिए। उन्होंने बच्चों के खाने की जानकारी ली तो बताया गया कि अक्षयपात्र से खाना मिलेगा। सचिव ने कहा इसकी जल्दी व्यवस्था हो। सचिव ने कुंवर बहादुर खेड़ा की नवनियुक्त आंगनवाड़ी कार्यकत्री सोनाली सिंह को आंगनवाड़ी किट देते हुए बताया कि एक लाख आंगनवाड़ी केंद्रों को किट देने का लक्ष्य है जिसमें से चालीस हजार केंद्रों को किट दी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि इसमें सरकारी धन नहीं लगता है। गोसाईगंज परियोजना अधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि यहां पंद्रह केंद्रों को किट मिल चुकी है। राज्यपाल के अपर सचिव ने पोषण वाटिका में पेड़ भी रोपे और सभी से कहा कि स्वास्थ्य का ध्यान रखो।

अपर मुख्य सचिव के साथ राज्यपाल के विशेष सचिव श्रीप्रकाश गुप्ता, संजय दीक्षित, उप सचिव हेमंत चौधरी के साथ ही अनुभाग अधिकारी डेविड पाल, पवन शुक्ला और कमल यादव भी मौजूद रहे। बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रेयश मौर्य, परियोजना अधिकारी राकेश कुमार, मुख्य सेविका अर्चना पांडेय, सुषमा उत्तम, अनीता यादव, अर्चना वर्मा, प्रधान शिमला देवी तथा आंगनवाड़ी कार्यकत्री शांती ने भी अधिकारियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में लगे स्वास्थ्य विभाग के स्टाल पर डॉ जयंत, निशा सिंह, प्रदीप कुमार, चंद्र प्रकाश ने महिलाओं के ब्लड प्रेशर, शुगर और हीमोग्लोबिन की जांच की। स्वच्छता अभियान में कर्मचारी नेता कुलदीप यादव भी मौजूद रहे।

### अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर लाखों के जेवरात व नकदी उड़ाए

**मोहनलालगंज।** क्षेत्र के ग्राम सोहावा, पोस्ट जैतीखेड़ा निवासी सर्वेश कुमार पुत्र स्व. कन्हईलाल के घर बीती रात चोरों ने धावा बोलकर सोने-चांदी के जेवरात और नगदी पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित सर्वेश कुमार ने बताया कि दिनांक 17 सितंबर 2025 की रात उनकी पत्नी की तबीयत खराब हो गई थी, जिस कारण उन्होंने उन्हें अनुप्रिया क्लीनिक में भर्ती कराया था। इस दौरान घर पर कोई मौजूद नहीं था। इसी मौके का फायदा उठाते हुए अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर भीतर घुसकर आलमारी में रखे कीमती जेवरात और नकदी चोरी कर ली।सुबह जब ग्रामीणों ने सर्वेश को इसकी जानकारी दी तो वे क्लीनिक से घर पहुंचे और घटना देखकर सन्न रह गए। पीड़ित ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल चोरी गए जेवर और नकदी की सही कीमत का आकलन किया जा रहा है। पीड़ित परिवार ने आशंका जताई है कि चोर पहले से उनकी गतिविधियों पर नजर रखे हुए थे। लगातार चोरी की घटनाएं हो रही हैं, लेकिन पुलिस गश्त न होने से चोरों के हौसले बुलंद हैं। पुलिस जल्द से जल्द चोरों का पर्दाफाश करे और गश्त बढ़ाए।



ये है जानकीपुरम विस्तार स्थित ट्रामा सेंटर एवं लखनऊ विश्वविद्यालय द्वितीय परिसर सेक्टर-1 की तरफ वाले गेट से रेलवे लाइन की तरफ वाली सड़क से जोड़ने वाली 4 लेन सड़क , इसका हाल ये है कि एक तरफ की 2 लेन की सड़क पूरी की पूरी नगर निगम ने कूड़े घर के रूप में काफी समय से तब्दील कर रखी है और यह तब है जब विगत दिनों में जानकीपुरम विस्तार के कई सेक्टर में डायरिया जैसी महामारी फैली जिसमें कई जाने तक चली गई और शासन स्तर के कई जिम्मेदार मंत्रियों सहित खुद उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, नगर विकास मंत्री भी एवं महापौर जी एवं नगर आयुक्त भी आए थे पूरा प्रशासनिक अमला बराबर लगा रहा, परंतु उसके बाद भी जिस तरीके से लखनऊ विश्वविद्यालय के सेक्टर 1 की तरफ वाले गेट के आगे संपूर्ण सड़क पर कूड़ा घर बना दिया गया है इससे न केवल क्षेत्रीय जनता के आवागमन में काफी परेशानी हो रही है वरन पुनः महामारी फैलने का खतरा पूरी तरह से बना हुआ है। इस तरफ से आम जनता को निकलने में बहुत ही बड़ी समस्या उत्पन्न हो रही है, अर्थात आम जनता यदि इस तरफ से निकलती है तो उसे भयंकर दुर्गंध एवं महामारी एवं सड़े हुए कूड़े से उत्पन्न होने वाली बीमारियों का भी सामना करना पड़ सकता है, नगर निगम के कर्मचारिओ ने पूरी रोड को ही कूड़ाघर बना रखा है।

## 23 तक चलेगा राष्ट्रीय फार्माकोविजिलेंस सप्ताह

विश्ववार्ता संवददाता

**लखनऊ।** यदि कोई भी दवा गलत प्रतिक्रिया देती है तो टोल फ्री नंबर 1800-180-3024 या पीवीपीआई ऐप पर रिपोर्ट करिए । कोई भी स्वास्थ्य प्रदाता या मरीज स्वयं यह रिपोर्ट कर सकता है । इसमें मरीज की गोपनीयता का पूरा ध्यान रखा जाता है।

यह मरीजों की सुरक्षा के लिए प्रभावी हथियार होगा। आम जनता एवं फार्मासिस्टों के नाम एक अपील करते हुए स्टेट फार्मेसी काउंसिल उत्तर प्रदेश के पूर्व चेयरमैन एवं फार्मेसिस्ट फेडरेशन के अध्यक्ष सुनील यादव ने बताया कि रोगी सुरक्षा के लिए एडीआर रिपोर्टिंग संस्कृति का निर्माण करने हेतु "आपकी सुरक्षा बस एक क्लिक दूर - रिपोर्ट टू PvPI विषय के साथ भारत में एक सप्ताह तक औषधि और औषधीय सामग्री द्वारा उत्पन्न प्रतिकूल दवा प्रतिक्रिया (एडवर्स ड्रग रिएक्शन) को रिपोर्ट करने के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से फार्माकोविजिलेंस सप्ताह का आयोजन होगा । फार्मेसिस्ट फेडरेशन पूरे सप्ताह जागरूकता कार्यक्रम संचालित करेगा । राष्ट्रीय समन्वय केंद्र-फार्माकोविजिलेंस प्रोग्राम ऑफ इण्डिया (PvPI), भारतीय फार्माकोपिया आयोग




द्वारा राष्ट्रीय फार्माकोविजिलेंस सप्ताह (17 से 23 सितंबर, )की घोषणा की गई है। इस सप्ताह सभी स्वास्थ्य प्रदाताओं एवं सभी फार्मेसी शिक्षण संस्थानों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करते हुए जागरूकता पैदा की जाएगी । एक बड़ी घटना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि थैलिडोमाइड ट्रेजेडी को 20वें शताब्दी के वर्ष 1950 से 1960 दशक की सबसे बड़ी चिकित्सा त्रासदी माना जाता है, गर्भवती महिलाओं में थैलिडोमाइड को जर्मनी की दवा कंपनी ने मॉर्निंग सिकनेस और उल्टी रोकने के लिए प्रस्तुत किया था, दवा कंपनी, Chemie Grnenthal, द्वारा इसे गर्भवती महिलाओं के लिए सुरक्षित और गैर-नशे की दवा के रूप में प्रचारित किया गया था। थैलिडोमाइड जल्दी ही यूरोप, एशिया, ऑस्ट्रेलिया, और अन्य देशों में लोकप्रिय हो गई और लगभग 46 देशों में बेची जाने लगी। लेकिन बाद में पाया गया कि लगभग 10000 से अधिक ऐसे शिशु पैदा हुए जिनमे फोकोमेलिया (Phocomelia) पाया गया, नवजात शिशुओं के अंग या तो पूरी तरह से विकसित नहीं होते थे या बहुत छोटे होते थे। कई बच्चों के हाथ और पैर विकृत हो जाते थे या उनमें हड्डियों का विकास ठीक से नहीं हो पाता था। Unme अन्य शारीरिक विकृतियाँ जैसे कि हृदय, गुर्दे, और नेत्र दोष भी देखे गए। जिन बच्चों को ये समस्याएं हुईं, उनमें से अधिकांश या तो मर गए या फिर गंभीर विकलांगताओं के साथ जीवन बिताने को मजबूर हो गए। इसके बाद ज्यादातर देशों ने इस दवा पर रोक लगाई। इस घटना के कारण, दुनिया भर में Pharmacovigilance(दवाओं की निगरानी और सुरक्षा) की आवश्यकता को मान्यता दी गई जो आज और प्रासंगिक हो गई है। अब आयूष विभाग ने आयुर्वेदिक औषधियों का भी ADR रिपोर्टशुरू कर दिया है।

# अब और भी आसान होगा नक्शा पास कराना

## लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार की पहल पर एनओसी के लिए लागू की गयी डिजिटल व्यवस्था

विश्ववार्ता संवाददाता

**लखनऊ।** एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि शहर में आवासीय एवं व्यावसायिक आदि भवनों का मानचित्र स्वीकृत कराने के लिए लोगों को विभिन्न विभागों से एनओसी लेनी होती है। इसमें नजूल, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट, सीलिंग, अर्जन, लैंड यूज की एनओसी प्राधिकरण के अनुभागों से जारी होती है। इसके अलावा सम्बंधित तहसील व जलकल विभाग की एनओसी की जरूरत पड़ती है। पूर्व प्रचलित व्यवस्था के तहत जब भी कोई एलडीए में मानचित्र के लिए आवेदन करता था तो उसे सम्बंधित विभागों की एनओसी जमा कराने के लिए पत्र जारी कर दिया जाता था।

जिसके बाद आवेदक को एनओसी हासिल करने के लिए विभिन्न विभागों के चक्कर लगाने पड़ते थे। इसमें सामान्यतः तीन से चार महीने लग जाते थे और लोगों को बेवजह परेशानी का सामना करना पड़ता था। एलडीए उपाध्यक्ष ने बताया कि लोगों की इन समस्याओं को ध्यान में रखते हुए एनओसी जारी करने की प्रक्रिया को सरल करने के साथ ही पूरी तरह डिजिटल कर दिया गया है।



अब आवेदक को एनओसी के लिए विभिन्न विभागों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। मानचित्र के लिए आवेदन प्राप्त होने पर प्राधिकरण द्वारा ईआरपी (इंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग) के माध्यम से एनओसी निर्गत कराने की प्रक्रिया शुरू करा दी जाएगी। सम्बंधित अनुभाग जैसे ही ईआरपी पर एनओसी स्वीकृत करेगा, उक्त एनओसी अपने आप आवेदक के व्हाट्स एप नंबर पर प्रेषित हो जाएगी। एलडीए उपाध्यक्ष ने बताया कि प्राधिकरण के स्तर से जारी होने वाली नजूल, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट, सीलिंग, अर्जन, लैंड यूज की एनओसी के अतिरिक्त तहसील और जलकल विभाग की एनओसी के लिए भी लोगों को दौड़-भाग नहीं करनी पड़ेगी। एलडीए अपने स्तर से तहसील और जलकल विभाग की एनओसी की भी ट्रैकिंग कराएगा और आवेदक को सम्बंधित एनओसी उनके व्हाट्स एप पर प्राप्त करायी जाएगी। अगर आप लखनऊ में जमीन खरीद रहे हैं और उसका भू-उपयोग जानना चाहते हैं तो आपको कहीं भागदौड़ नहीं करनी पड़ेगी। आपको घर बैठे लैंड यूज की पूरी जानकारी मिल जाएगी। एलडीए ने इसकी प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल कर दिया है। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि लैंड यूज की जानकारी एलडीए की वेबसाइट पर मिलेगी। इसके लिए आवेदक को एलडीए की वेबसाइट पर विजिट करके सिटिजन सर्विस पर रजिस्ट्रेशन कराना होगा। जिस जमीन के भू-उपयोग की जानकारी प्राप्त करनी है, उसके दस्तावेज, डिटेल व लोकेशन देनी होगी।

### 150 करोड़ की अर्जित भूमि से कब्जे हटाये

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने गुरूवार को गोमती नगर विस्तार में अभियान चलाकर अपनी 10,500 वर्गमीटर अर्जित भूमि से अवैध कब्जे हटाये। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर की गयी इस कार्रवाई में लगभग डेढ़ दर्जन अवैध निर्माणों को जमींदोज किया गया। खाली करायी गयी इस जमीन की कीमत लगभग 150 करोड़ रूपये है। अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि प्राधिकरण द्वारा अमर शहीद पथ गोमती नगर विस्तार योजना के अंतर्गत वर्ष 2000 में ग्राम-मलेशेमऊ की जमीन का अधिग्रहण किया गया था। इसमें गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-6 में स्थित खसरा संख्या-406, 407, 408 एवं 409 की अर्जित भूमि पर कुछ लोगों द्वारा अनाधिकृत रूप से कब्जा करते हुए अवैध निर्माण करा लिये गये थे। जिस पर उपाध्यक्ष ने जमीन को कब्जामुक्त कराकर स्थल पर आवासीय व व्यावसायिक भूखण्ड नियोजित करने के निर्देश दिये थे। इसके अनुपालन में गुरूवार को अर्जन व प्रवर्तन अनुभाग की संयुक्त टीम ने स्थल पर अभियान चलाया। इस दौरान अवैध कब्जेदारों ने विरोध करते हुए कार्रवाई बाधित करने का प्रयास किया। लेकिन, प्राधिकरण की टीम मौके पर डटी रही और पुलिस बल के सहयोग से सभी अवैध निर्माणों को ढ़हाकर जमीन को खाली करा लिया।

## एशिया में नौवें और देश में दूसरे स्थान पर एसजीपीजीआई का न्यूरोसर्जरी

### एडुरैंक एजेंसी ने विभाग की ओर से एशियाई महाद्वीप का 9वां और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ न्यूरो सर्जिकल विभागों में 65वां स्थान दिया है

विश्ववार्ता संवाददाता

**लखनऊ।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा संस्थानों की गुणवत्ता का आकलन करने वाली जानी-मानी एजेंसी 'एडुरैंक' ने अपनी 2025 की ग्लोबल रैंकिंग जारी कर दी है। जारी रैंकिंग में संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) में न्यूरोसर्जिकल विभाग को एशिया में नौवें व देश के दूसरे सर्वश्रेष्ठ विभाग का दर्जा दिया गया है।

एडुरैंक एजेंसी की तरफ से विभाग को एशियाई महाद्वीप का 9वां सर्वश्रेष्ठ विभाग और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ न्यूरो सर्जिकल विभागों में 65वां स्थान दिया है। यह रैंकिंग रोगी देखभाल की गुणवत्ता, विभाग द्वारा प्रकाशित प्रकाशनों के शोध प्रभाव और इसके प्रतिष्ठित पूर्व छात्रों द्वारा सामाजिक प्रभाव की एक और पुष्टि है। संस्थान के निदेशक डॉ आरके धीमन के मुताबिक न्यूरो सर्जरी विभाग हमेशा से उत्तर प्रदेश राज्य का सर्वश्रेष्ठ न्यूरोसर्जरी विभाग रहा है और यह नई उपलब्धि राज्य सरकार के उस उद्देश्य के अनुरूप है। जिसके तहत उत्तर प्रदेश को



सभी पहलुओं में देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाया जाएगा। संस्थान की जनसम्पर्क अधिकारी कुसुम यादव के मुताबिक इस विभाग को देश में एम्स, नई दिल्ली के न्यूरोसर्जरी विभाग के बाद दूसरे स्थान पर रखा गया है। यह विभाग उच्च गुणवत्ता वाली समग्र रोगी देखभाल, शिक्षा और अनुसंधान के अवसर प्रदान करता है। यह वर्तमान में स्कलबेस सर्जरी, क्रेनियोवर्टेब्रल जंक्शन, एंडोस्कोपिक न्यूरोसर्जरी और न्यूरो ऑन्कोलॉजी जैसे कई क्षेत्रों में अग्रणी है। उन्होंने बताया कि एपेक्स ट्रॉमा सेंटर की न्यूरोसर्जरी सेवाओं को हाल ही में न्यूरोट्रॉमा सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा मान्यता देने के साथ ही इस वर्ष देश में सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार दिया गया है।

**समारोह** रवि सारस्वत, शशांक व वल्लरी को अंग वस्त्र व सम्मान पत्र देकर बिम्ब के पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया

# बिम्ब कला केन्द्र ने मनाया अपनी स्थापना के 45 वर्ष पूर्ण होने का उत्सव

विश्ववार्ता संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी की प्रतिष्ठित साहित्यिक, सांस्कृतिक और सामाजिक संस्था बिम्ब कला केन्द्र की 45 वर्ष की यात्रा का उत्सव 'सुहाना सफ़र' शीर्षक से हिन्दी संस्थान के निराला सभागार में धूमधाम से मनाया गया।

कार्यक्रम का आरम्भ वाणी वंदना और रवि सारस्वत के बिना वाद्ययंत्र के शहनाई वादन से हुआ। दो सत्रों में आयोजित इस कार्यक्रम के पहले सत्र में बिम्ब स्मारिका का विमोचन वरिष्ठ साहित्यकार एवं उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान के पूर्व कार्यकारी निदेशक उदय प्रताप सिंह, लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति जी.बी.पटनायक, प्रख्यात अभिनेता/रंगकर्मी डॉ.अनिल रस्तोगी,




वरिष्ठ व्यंग्यकार एवं बिम्ब के मुख्य संरक्षक सूर्यकुमार पांडेय, संस्था के संस्थापक राजेश अरोरा शलभ, अध्यक्ष श्याम कुमार मिश्र व डीडी यूपी के कार्यक्रम प्रमुख आत्म प्रकाश मिश्र द्वारा किया गया। इस अवसर पर बिम्ब कला केन्द्र द्वारा संसाधन विहीन बच्चों को निःशुल्क कोचिंग दे रही संस्था 'समर्थ फ़ाउण्डेशन'को सहायतार्थ 11,000 की राशि भेंट की गई। दूसरे सत्र में युवा कवि-कवयित्री सम्मेलन का आयोजन किया गया। संस्था के संस्थापक राजेश अरोरा शलभ ने बताया कि बिम्ब कला केन्द्र ने अब तक 175 से अधिक कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक आयोजन कर चुकी है, जिसमें नाट्य मंचन, अखिल भारतीय कवि सम्मेलन, साहित्यिक व रंगकर्म संबंधी संगोष्ठियां, संगीत व नृत्य कार्यक्रम, प्रतिष्ठित कलाकारों/साहित्यकारों का सम्मान, नवोदित कलाकारों व कवि/कवयित्रियों के लिए प्रोत्साहन कार्यक्रम आयोजित करने के साथ-साथ समाज के संसाधनविहीन वर्गों की आर्थिक सहायता करना भी सम्मिलित है। इस अवसर पर गोपाल चतुर्वेदी की स्मृति में उनकी रचना 'जय देश-भारत-भारती' पर शशांक व शिष्या वल्लरी द्वारा मनोहारी नृत्य प्रस्तुत किया गया। सूर्यकुमार पांडेय ने कहा कि बिम्ब संस्था से वह विगत चार दशकों से जुड़े थे परंतु अब उन्हें मुख्य संरक्षक के रूप में अपने अग्रज द्वय स्व. के.पी सक्सेना और स्व. गोपाल चतुर्वेदी के बाद, उनकी परंपरा के निर्वहन का गुरुतर दायित्व भी मिला है। विशिष्ट अतिथि डा.रस्तोगी ने कहा कि यह संस्था हर क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रही है। मुख्य अतिथि जी.बी.पटनायक ने कहा बिम्ब अन्य संस्थाओं से हटकर साहित्यिक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अतिरिक्त, बिना किसी सरकारी अनुदान के समाज के जरूरतमंद वर्ग के लोगों के लिए भी कार्यरत है, जो अत्यंत अनुकरणीय है। सभा की अध्यक्षता करते हुए उदय प्रताप सिंह ने बिम्ब की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए स्व. के.पी. सक्सेना और स्व. गोपाल चतुर्वेदी को याद किया। कार्यक्रम में विशेष आमंत्रित के रूप में पद्मश्री विद्या बिन्दु सिंह, दूरदर्शन के पूर्व अपर महानिदेशक डॉ. एस.के.ग्रोवर, शास्त्रीय गायिका सुनीता झिंगरन, केवल कुमार, गुलशन भारती, अर्चना सतीश, गोपाल सिन्हा, पद्मा गिडवानी, भातखंडे संगीत विवि की पूर्व कुलपति डा.पूर्णिमा पांडेय सहित नगर की तमाम शख्सियतें उपस्थित रहीं। दूसरे सत्र में उभरते रचनाकारों के प्रोत्साहन स्वरूप एक सरस युवा कवि-कवयित्री सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें निर्भय निश्छल, अंकुर पाठक, कुलदीप शुक्ला, वर्षा श्रीवास्तव, रिया सिंह, वंदिता पांडेय व युवा कवि आनंद कनौजिया ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं बांधे रखा। सभी कवि-कवयित्रियों के साथ रवि सारस्वत, शशांक व वल्लरी को अंग वस्त्र व सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# ब्लैक लिस्टेड फर्म को मिला 1.20 करोड़ का ठेका

» महानगर में लगी कई इलेक्ट्रिक तितलियां टूट गई व जलनी बन्द हो गई » एक तरफ तितलियों को लगाया जा रहा दूसरी ओर खराब हो जाती नवम्बर तक पूरा करना काम

**खस्ताहाल निकलीं 1.20 करोड़ तितलियां**

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** नगर निगम में भारी लापरवाही और मिलीभगत का मामला सामने आया है। जिस फर्म को पूर्व नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने ब्लैक लिस्टेड घोषित किया था। उसी फर्म को करोड़ों रुपये का ठेका दे दिया गया। हैरत की बात यह है कि फर्म ने निगम के कर्मचारियों और वाहनों का इस्तेमाल करते हुए पोलों पर इलेक्ट्रिक तितलियां और बेलनम चिन्ह लगाए लेकिन कुछ ही दिनों में तितलियां खराब होने लगीं।

सूत्रों के मुताबिक नगर निगम ने मैसर्स लक्ष्मी इलेक्ट्रिकल हरदोई की इस फर्म को 1 करोड़ 20 लाख रुपये का ठेका दिया। एक तितली की कीमत करीब 24 हजार रुपये तय की गई। अब तक 500 में से 455 तितलियां ही लगाई गई हैं जबकि 45 बाकी हैं। लेकिन लगी हुई कई तितलियां पहले ही खराब हो चुकी है और टूट गई है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि निगम ने बिना जांच-परख किए फर्म को दो किश्तों में भुगतान भी कर दिया। पहली किस्त में 48 लाख 40 हजार और दूसरी किस्त में 30 लाख 30 हजार रुपये का भुगतान कर कुल 78 लाख 70 हजार रुपये फर्म के खाते में डाल दिए गए। जिम्मेदार अधिकारियों ने भुगतान से पहले तितलियों का निरीक्षण करना भी जरूरी नहीं समझा। अब सवाल उठ रहा है कि आखिर नगर निगम ने ब्लैक लिस्टेड फर्म को करोड़ों का काम क्यों सौंपा? क्या इसके पीछे कोई मजबूरी थी या फिर सबकुछ दबाव और सांठगांठ का नतीजा है? शहरवासी अब इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग उठा रहे हैं।



पोल में लगी टूटी तितली



पोल में खराब लगी तितली

> जिस फर्म को ठेका मिला है वो ब्लैक लिस्टेड है जानकारी नहीं है अगर फर्म ने नगर निगम के कर्मचारियों व गाड़ियों का प्रयोग किया है तो उसका रुपया फर्म से काटा जाएगा एवं जो तितली खराब व टूटी है उन्हें बदला जाएगा
> **डा. विपिन कुमार मिश्रा,** नगर आयुक्त शाहजहांपुर

## विवाहिता की संदिग्ध मौत, मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप

**बरेली।** थाना सुभाषनगर क्षेत्र के प्रहलाद नगर शिव मंदिर निवासी 27 वर्षीय निधि कुमारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, कल घर में सभी लोग अपने-अपने काम में व्यस्त थे, तभी निधि ने किसी बात पर साड़ी के सहारे फांसी लगाकर जान दे दी। जब परिजनों को इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच पड़ताल शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि मृतका के पति रेलवे में इज्जतनगर में ट्रैकमैन पद पर तैनात हैं और घटना के समय ड्यूटी पर थे। अचानक हुई मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया। उधर, मृतका के मायके पक्ष ने घटना को हत्या करार देते हुए ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं और पुलिस से शिकायत दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

# डीएम ने दुर्गा देवी मंदिर कॉरिडोर का किया निरीक्षण, अतिक्रमण हटाने के दिए निर्देश

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने गुरुवार को चौक स्थित दुर्गा देवी मंदिर कॉरिडोर निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने मंदिर परिसर व पहुंच मार्ग पर अतिक्रमण देख नाराजगी जताई और तुरंत अतिक्रमण चिन्हित कर लाल निशान लगाने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि चिन्हित अतिक्रमण को हटाकर जल्द से जल्द निर्माण कार्य शुरू कराया जाए। डीएम ने नगर आयुक्त को निर्देशित किया कि सड़क चौड़ीकरण के लिए सड़क की सीमा का चिन्हांकन कराएं और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण हटने के बाद सड़क का सौंदर्यकरण कार्य अविलंब शुरू कराया जाए।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने कंपोजिट विद्यालय मंडी नगर का भी जायजा लिया। उन्होंने विद्यालय कक्षों की स्थिति देखी और नगर आयुक्त को निर्देश दिया कि जांच कराई जाए। यदि कक्ष मरम्मत योग्य हैं तो मरम्मत कराई जाए, अन्यथा तोड़कर नगरोदय योजना के तहत नए निर्माण का प्रस्ताव तैयार किया जाए। इसके बाद डीएम लोहार चौराहे पहुंचे और वहां भी अतिक्रमण की स्थिति देखी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि चिन्हित अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई शुरू करें और सड़कों पर अतिक्रमण करने वालों पर जुर्माना भी लगाया जाए। डीएम ने कहा कि अतिक्रमण हटने के बाद विद्युत लाइन अंडरग्राउंड करने और सड़क चौड़ीकरण का काम तुरंत शुरू हो। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेन्द्र कुमार, अपर नगर आयुक्त एस.के. सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



## एक नजर

### डूडा कार्यालय पर भ्रष्टाचार के आरोप, सुविधा शुल्क लेकर दिए जा रहे सरकारी आवास

**शाहजहांपुर।** सर्वधर्म एकता समिति की महिला प्रदेश अध्यक्ष रीना शर्मा के नेतृत्व में सोमवार को नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा गया। इसमें मोहल्ले की मूलभूत समस्याओं के साथ डूडा कार्यालय पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए गए। ज्ञापन में कहा गया कि अहमदपुर रेती में सप्लाई हो रहे पानी में कीड़े और दुर्गंध है, जिससे लोग परेशान हैं। टिक्कल रेती की सड़कें गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं और क्षेत्रवासी बिजली के खंभे न होने से पथ प्रकाश व्यवस्था से वंचित हैं। समिति ने आरोप लगाया कि नगर निगम के अधीन आने वाला डूडा कार्यालय भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुका है। प्रधानमंत्री आवास योजना में पात्र आवेदकों से खुलेआम 40 से 50 हजार रुपये तक की मांग की जाती है। आरोप है कि कार्यालय का कर्मचारी अनुज सुविधा शुल्क वसूलता है और रकम न देने वालों के खिलाफ नकारात्मक रिपोर्ट लगवा देता है। वहीं जिनके पहले से पक्के मकान बने हैं, उन्हें पैसे लेकर आवास दिलाया जा रहा है। समिति ने इसे भ्रष्टाचार का रैकेट करार देते हुए अनुज को निलंबित करने या स्थानांतरण की मांग की। समिति ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी नगर निगम प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने वालों में समिति के प्रदेश अध्यक्ष जसविंदर सिंह, सईद खां, शमीला, पूजा, सोनी, कुन्ती, देवकी, गीता, सविता, गायत्री, सरोजनी, अंजुम, सफीना, फूलजहां समेत दर्जनों लोग शामिल रहे।

### फाजिल अंसारी ने थामा चंद्रशेखर आजाद का हाथ



**बरेली।** भीम आर्मी–आज़ाद समाज पार्टी को बुधवार को नई मजबूती मिली जब डॉ. मोहम्मद फ़ाज़िल अंसारी ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उन्हें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नगीना से सांसद एडवोकेट चंद्रशेखर आज़ाद ने सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल रहा। चंद्रशेखर आज़ाद ने कहा कि बरेली में आज़ाद समाज पार्टी लगातार विस्तार और मजबूती की ओर बढ़ रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि डॉ. अंसारी के पार्टी से जुड़ने से संगठन को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी। डॉ. फ़ाज़िल अंसारी ने कहा कि वह समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय और अधिकार की लड़ाई लड़ने के लिए पार्टी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करेंगे। उन्होंने पार्टी के सिद्धांतों और नीतियों को जन–जन तक पहुँचाने का संकल्प भी लिया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने डॉ. अंसारी का स्वागत करते हुए उनके निर्णय को ऐतिहासिक बताया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष डॉ. कुलदीप भार्गव, आसपा प्रदेश अध्यक्ष सुनील चितौड़, प्रदेश महासचिव एडवोकेट विकास बाबू, प्रदेश उपाध्यक्ष एडवोकेट अच्छन अंसारी और जिला अध्यक्ष सुशील कुमार गौतम समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### भाजपा द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन किया अशोक कटारिया ने



**बरेली।** भाजपा द्वारा आयोजित सेवा पखवाड़े के अंतर्गत सिटी ऑडिटोरियम में प्रधानमंत्री द्वारा किए गए कार्यों पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन विधान परिषद सदस्य अशोक कटारिया ने किया। ज्ञात रहे की सेवा पखवाड़ा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस को लेकर आयोजित किया गया है। इसी क्रम में प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह भी महानगर के कार्यक्रम में शिरकत करने आए हुए हैं। सर्किट हाउस पहुंचने पर उनका स्वागत कैंट विधायक संजीव अग्रवाल के साथ ही पार्टी नेताओं ने भी किया। सिटी ऑडिटोरियम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर अशोक कटारिया ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ ही उनकी जनकल्याणकारी योजनाएं देश के सभी वर्गों को प्राप्त हो रही है। सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार ने कहा कि प्रधानमंत्री का सारा जीवन राष्ट्रहित को समर्पित रहा है। उन्होंने यह भी कहा की सेवा पखवाड़ा अभियान देश भर में सकारात्मक परिवर्तन और नई ऊर्जा से भरा हुआ है। जिला प्रभारी चौधरी देवेंद्र सिंह ने आवाहन किया कि हम सबको प्रधानमंत्री के जीवन के संघर्ष और राष्ट्र सेवा को अपने जीवन में धारण करने की आवश्यकता है। प्रदर्शनी का अवलोकन करने वालों में विधायक संजीव अग्रवाल, डॉ एमपी आर्य, बहोरन लाल मौर्य, पूर्व अध्यक्ष पवन शर्मा, राजकुमार शर्मा, डॉ राघवेंद्र शर्मा, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, आदेश प्रताप सिंह, निर्भय गुर्जर, अंकित महेश्वरी सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता शामिल रहे।

## बायोमेडिकल वेस्ट खुले में फेंकने वालों पर कार्रवाई

**बरेली।** बहेड़ी, नगर पालिका परिषद ने शहर में स्वच्छता और सार्वजनिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए बायोमेडिकल वेस्ट के अनुचित निपटान के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। गुरुवार को हुई इस कार्रवाई में होली चौराहा के निकट स्थित दो क्लीनिकों पर खुले में बायोमेडिकल वेस्ट फेंकने के लिए 6000 रुपये का जुर्माना लगाया गया। यह कार्रवाई सफाई एवं खाद निरीक्षक अहमद हसन के नेतृत्व में की गई।

कार्रवाई के दौरान क्लीनिक संचालकों को चेतावनी दी गई कि बायोमेडिकल वेस्ट को खुले में फेंकना या इसे म्युनिसिपल वेस्ट के साथ मिलाना गंभीर अपराध है। बायोमेडिकल वेस्ट को केवल अधिकृत एजेंसी को सौंपें। ऐसा न करने पर जैव चिकित्सीय अपशिष्ट अधिनियम 2018 के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें जुर्माने के साथ-साथ अन्य कानूनी कदम भी शामिल हो सकते हैं।

# जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने किया गर्रा नदी परियोजना का निरीक्षण

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने गुरुवार को जिले का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सदर तहसील के अजीजगंज मोहल्ले की सुरक्षा हेतु गर्रा नदी के दाएं तट पर निर्मित छह स्टड नवीनीकरण परियोजना का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगों ने बताया कि परियोजना पूरी होने से बाढ़ के समय क्षेत्र को सुरक्षा मिली है।

जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने मंत्री को जानकारी दी कि ककरा पुल को लगभग 80 सेंटीमीटर ऊंचा करने का प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है। इस पर मंत्री ने आवश्यक कार्य जल्द शुरू कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बाईपास जिला अस्पताल के पास स्थित नहर का भी निरीक्षण किया। इसके उपरांत मंत्री ने सिंचाई गेस्ट हाउस में अधिकारियों संग समीक्षा बैठक की। बैठक में विधायक ददरौल अरविंद कुमार सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष के.सी. मिश्रा, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता मौजूद रहीं। वहीं सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता (शारदा) एच.एन. सिंह, जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह, अधीक्षण अभियंता एन.के. जैन, अधीक्षण अभियंता नलकूप बरेली, अधिशासी अभियंता सुनील कुमार भास्कर, देवेन्द्र कुमार सहाय समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



# शौच को गई लड़की के साथ युवकों ने बलात्कार करने की कोशिश

» पुलिस ने दो युवकों को नामज़द करते हुए चार पर दर्ज किया मुकदमा

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बहेड़ी।** चार युवकों पर नावालिग पुत्री को एकांत में ले जाकर उसके साथ बलात्कार करने की कोशिश करने और विरोध करने पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। घटना के बाद महिला ने मामले की तहरीर पुलिस को दी जिसपर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

थाना बहेड़ी के ग्राम नदेली निवासी एक व्यक्ति का कहना है कि उसकी 13 वर्ष की नाबालिग पुत्री दिनांक 25.08.2025 की रात लगभग 11:30 बजे दूसरे घर में टायलेट करने के लिये गई थी। टायलेट से वापस आने पर गांव के ही शानू पुत्र हरमीत सिंह, विकास पुत्र हरपाल व अन्य दो लड़के उसकी पुत्री के मुंह पर कपड़ा डालकर घसीटते हुये सूनसान जगह ले गए। चारों लड़कों ने चाकू के बल पर उसकी पुत्री के साथ अश्लील हरकते की तथा जबरदस्ती करने का प्रयास किया। जब वह पुत्री को ढूंढते हुए वहां पहुंचा तो टार्च की रोशनी और उसी समय आ रही पुलिस की गाड़ी का सायरन सुनकर उक्त चारों लड़के पुत्री को छोड़कर वहां से भाग गए। पुत्री से उक्त चारों युवकों ने कहा कि अगर तूने इस घटना के बारे में किसी तो बताया तो हम तुझे कहीं मुंह दिखाने लायक नहीं छोड़ेंगे। घटना की पूरी जानकारी लगने पर लड़की के पिता ने मामले की तहरीर पुलिस को दी जिसपर पुलिस ने आरोपी युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# एआईएमआईएम के कर्यकर्त्ताओ ने महामहिम राज्यपाल को सौपा ज्ञापन

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बरेली।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश महासचिव नदीम कुरैशी के नेतृत्व में जिला अधिकारी को उत्तर प्रदेश के राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हाजी शौकत अली के खिलाफ साजिश के तहत सोशल मीडिया पर अक्षय भारद्वाज नामक व्यक्ति ने अभद्र, असंसदीय और अशोभनीय भाषा का प्रयोग किया है। साथ ही उन्हें प्रदेश की सीमाओं में न घुसने देने की धमकी दी गई है, जो उनके मान-सम्मान और राजनीतिक छवि को धूमिल करने का प्रयास है।

कार्यकर्ताओं ने मांग की कि मामले में कड़ी कार्रवाई की जाए और दोषी के खिलाफ सख्त कानूनी कदम उठाए जाएं।



इस मौके पर जिलाध्यक्ष एडवोकेट मो असलम,महानगर अध्यक्ष अन्ने अंसारी, जिलाध्यक्ष यूथ आसिफ शेख, गुड्डू अल्वी, नदीम मंसूरी, नसीम खान, इमरान खान, अमजद खान, इमरान रज़ा चेयरमेन, युसूफ अली, इमरान अज़हरी, शरीफ खा गुड्डू, मो मियां, अनवर चौधरी, हाजी ताहिर, सरफराज़ अहमद, नासिर अज़हरी, मो हारून, मुख़्तायार अली, शहीद खा, शाहीद मंसूरी, साबिर अली, साजिद अली आदि मौजूद रहे।

# रोहिलखंड विश्वविद्यालय बांस की विभिन्न जातियों को कर रहा है संरक्षित

## औषधि व खाद्य पदार्थों में बांस के उपयोग से किसानों की आय में हो रही है वृद्धि

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बरेली।** बांस भोजन के रूप में भी इस्तेमालः विशेषज्ञों के अनुसार बांस के अंकुर (कोपलें) भोजन के रूप में भी इस्तेमाल होते हैं, जो फाइबर का एक बेहतरीन स्रोत हैं। बांस के पत्तों में औषधीय गुण भी पाए जाते हैं, जो रक्त शर्करा और कोलेस्ट्राल को नियंत्रित करने में सहायक होते हैं। इसकी जड़ें मिट्टी के कटाव को रोकती हैं और यह कम पानी में उगता है, जिससे जल संरक्षण में मदद मिलती है। औषधि व खाद्य पदार्थों में बांस के उपयोग से किसानों की आय में वृद्धि हो रही है।

विश्व बांस पर दिवस के अवसर पर चर्चा करते हुए रुहेलखंड विश्वविद्यालय का पादप विज्ञान विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डा. विजय कुमार सिन्हाल बताते हैं कि विशेषज्ञों के अनुसार बांस के अंकुर (कोपलें) भोजन के रूप में भी इस्तेमाल होते हैं, जो फाइबर का एक बेहतरीन स्रोत हैं। बोस के पत्तों में औषधीय गुण भी पाए जाते हैं, जो रक्त शर्करा और कोलेस्ट्राल को नियंत्रित करने में सहायक होते हैं। इसकी जड़ें मिट्टी के कटाव को रोकती हैं और यह कम पानी में उगता है, जिससे जल संरक्षण में मदद मिलती है। रुहेलखंड विश्वविद्यालय का पादप विज्ञान विभाग अपने वनस्पति उद्यान में बांस की अलग-अलग दुर्लभप्रजातियों को लंबे समय से संरक्षित कर रहा है। इससे छात्र-छात्राओं को बांस के बहुआयामी उपयोगों के बारे में भी बताया जाता है। यहां विशेष रूप से काला चांस, सफेद बांस, नर बांस, बंब्यूसा स्पाइनोसा जैसी प्रजातियों के बांस दीवारों के किनारे लगाए गए हैं, जोकि उद्यान में आने वाले लोगों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बने रहते हैं। यह पहल 'बांस बरेली' की पहचान को भी मजबूती प्रदान कर रही है। विश्व भर में बांस के उपयोगी के बारे में जागरूक करने के लिए 18 सितंबर को विश्व बांस दिवस मनाया जाता है।



एसोसिएट प्रोफेसर डा. विजय कुमार सिन्हाल बताते हैं कि उद्यान में वल्गरिस, डेंड्रोकैलम्स, मैलोकेना, और बंब्यूसा नूटेंस जैसी प्रजातियां लगाई गई हैं। शहर में बड़े स्तर पर बांस से फर्नीचर बनाया जाता है। विवि में छात्रओं को पढ़ाई के साथ उद्यान में घुमाने पर बांस से जुड़े उद्योग के बारे में बताया जाता है। वह कहते हैं कि बांस सिर्फ एक पारंपरिक निर्माण सामग्री नहीं है, बल्कि इसके कई औद्योगिक, औषधीय और पर्यावरणीय लाभ भी हैं। यह तेजी से बढ़ने वाला और टिकाऊ पौधा है, जो लकड़ी का एक शानदार विकल्प है। पारंपरिक रूप से बांस का उपयोग घर की छतों, फर्श, फर्नीचर और संगीत वाद्ययंत्रों जैसे बांसुरी बनाने के लिए किया जाता रहा है, लेकिन इसके आधुनिक उपयोगों में कागज, कपड़े और विभिन्न घरेलू उत्पाद जैसे माचिस की तीलियां और टूथपिक बनाना शामिल है।

# जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कानून व्यवस्था को लेकर बैठक की

## सोशल मीडिया के माध्यम से गलत टिप्पणी, अफवाह फैलाने वालों को चिन्हित कर की जाए कठोर कार्यवाही : जिलाधिकारी

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बरेली।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य की अध्यक्षता में आगामी त्योहारों यथा-दुर्गापूजा, रामलीला तथा दशहरा आदि के दृष्टिगत जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में क्षेत्र और थानावार आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के सम्बन्ध में जानकारी ली गयी तथा पूछा गया कि कहीं पर किसी प्रकार की समस्या तो नहीं है। दुर्गा पूजा के उपरांत होने वाले विसर्जन, शोभायात्राएं, पटाखों के लाइसेंसधारी विक्रेताओं व भंडारण के सम्बन्ध में भी जानकारी ली गयी।

जिलाधिकारी ने मंदिरों की साफ-सफाई कराने और जिन रूटों से शोभायात्राएं निकलती हैं उनके रुटों को चेक कराकर आवश्यक व्यवस्थाएं व साफ- सफाई व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों को दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि विगत दिवसों में जो त्योहार बीते हैं उन्हें सकुशल आप लोगों ने सम्पन्न कराया है इसी प्रकार आने वाले दिनों में भी पड़ने वाले त्योहारों को भी सकुशल सम्पन्न कराएंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि दूसरे राज्यों की शराब, अवैध शराब आदि पर नजर बनाए रखें, ऐसी शराब जनपद में नहीं आनी चाहिए। डुप्टिकेट दवाईयों की आपूर्ति बाहर से हो रही हैं उसके लिए भी छापे मारे और सैम्पल जब्त करें। उन्होंने कहा कि 22 सितम्बर से नवरात्रि का शुभारम्भ हो रहा है तथा मुख्यमंत्री जी द्वारा उसी दिन से मिशन शक्ति के पांचवें चरण का शुभारम्भ भी किया जाएगा। पिंक बूथ, पिंक टॉयलेट का मकसद महिलाओं को सुविधा मुहैया करना है अतः इस पर ध्यान दिया जाए। बैठक में निर्देश दिए गए कि गौ तस्करी किसी भी प्रकार ना होने पाए इस पर भी ध्यान रखा जाए। सोशल मीडिया के माध्यम से गलत टिप्पणी व अफवाह फैलाने वालों को चिन्हित करें और उन पर कठोर कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को जिला बदर किया गया है उसका प्रचार-प्रसार भी कराएं, जिससे ग्राम/शहर में भी लोगों को जानकारी हो कि वह व्यक्ति जिला बदर किया गया है।

प्रधानी चुनाव के दृष्टिगत पूर्व प्रधान, वर्तमान प्रधान और आगामी प्रत्याशी पर भी ध्यान दें कि चुनावी लाभ के लिए कोई गलत कार्य ना करने पाए। उन्होंने नगर निगम को मंदिरों की साफ-सफाई, चूना आदि डलवाने, विद्युत विभाग को विद्युत के तारों का ध्यान रखने के निर्देश दिए गए। मंदिरों के आस-पास के क्षेत्रों में विशेष रुप से मूर्ति विसर्जन पर भी ध्यान रखा जाए कि कोई व्यक्ति उसमें शामिल होकर अभद्रता ना करें। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने निर्देश दिए कि आपके क्षेत्र में कितनी प्रतिमाओं की स्थापना दुर्गा पूजा के दौरान की जा रही है, इसका ब्यौरा रखिए विसर्जन स्थल का रुट क्या है, विसर्जन स्थल पर लाइट आदि की व्यवस्था पूर्ण कर ली जाए। इसके अतिरिक्त शोभायात्रा आदि से संबंधित जानकारियां हेतु जो फार्मेट आपसे मांगा गया है उसे यथाशीघ्र स्थलीय निरीक्षण करके भरकर उपलब्ध करा दें। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रतिमाओं की जहां स्थापना है वहां रात्रि में सुरक्षा व्यवस्था की विशेष निगरानी की जाए इसके लिए वालंटियर का सहयोग लिया जाए। आयोजन स्थलों पर पानी और रेत की भी व्यवस्था अवश्य रखी जाए, जहां प्रतिमा की स्थापना हो रही है उसके ऊपर विद्युत आपूर्ति के तार ना हो इसका ध्यान रखा जाए।



## एक नजर

### घरेलू विवाद में मारपीट, युवक घायल

**बरेली।** थाना बिथरी चैनपुर क्षेत्र के ग्राम परसौना निवासी असलम खान ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि घरेलू बंटवारे को लेकर मंगलवार रात उनके साथ मारपीट की गई। असलम खान के मुताबिक, वह अपने छोटे भाइयों को समझा रहे थे। तभी उनके छोटे भाई शाहनूर के रिश्तेदार अजीम निजामुद्दीन (पुत्र नन्ना उस्ताज), नन्ना उस्ताज (पुत्र मुनीर) और नन्ना उस्ताज की पत्नी निवासी भिन्डोलिया मौके पर आ गए।पीड़ित का आरोप है कि उपरोक्त लोगों ने गाली–गलौज करते हुए लाठी–डंडों से हमला कर दिया। इससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। शोर सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंच गए तो हमलावर जान से मारने और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देते हुए भाग निकले।घटना के बाद असलम खान ने थाना बिथरी चैनपुर में लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है।

### युवक से रुपये और मोबाइल लूटे

**बरेली।** थाना सुभाषनगर क्षेत्र के मणिनाथ निवासी 40 वर्षीय दीपक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सिटी पर बस खड़ी कर सब्जी लेकर जैसे ही घर की ओर जा रहा था, तभी सिटी पुलिया के पास चार–पांच टेंपो चालकों ने उसे अकेला पाकर घेर लिया। आरोप है कि टेंपो चालकों ने जेब में रखे 17 हजार रुपये और मोबाइल छीन लिया तथा मारपीट कर उसे घायल कर दिया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## डीएम ने फैमिली आईडी की समीक्षा बैठक की

**बरेली।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में आज फैमिली आईडी की समीक्षा बैठक विकास भवन स्थित सभागार में सम्पन्न हुई। जिला विकास अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में फैमिली आईडी के लिए शासन द्वारा दिए गए लक्ष्य 141435 के सापेक्ष ग्रामीण क्षेत्रों में 86476 व नगरीय क्षेत्रों में 5149 फैमिली आईडी बनायी गयी हैं जो लक्ष्य का 64.78 प्रतिशत है।

फैमिली आईडी कार्ड के माध्यम से परिवारों को उक्त योजना से आच्छादित किया जाएगा, जिसके लिए वे पात्र हैं साथ ही फैमिली आईडी कार्ड में अब परिवार के नए सदस्यों को किसी भी समय जोड़ा जा सकता है। लक्ष्य के सापेक्ष फैमिली आईडी की कम प्रगति का कारण जनमानस में फैमिली आईडी से सम्बंधित भ्रांतियां हैं।

**उपलब्धियां** | विधान परिषद सदस्य ने न्यू इंडिया@2047 विषयक प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

# विकसित उत्तर प्रदेश@2047 अभियान के तहत आमजन ने दिए अपने सुझाव

**आगंतुकों को मिली योजनाओं की जानकारी**

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बरेली।** विधान परिषद सदस्य/पूर्व परिवहन मंत्री अशोक कटारिया ने प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व व कृतित्व व न्यू इंडिया@2047 तथा प्रदेश सरकार द्वारा जनहित में क्रियान्वित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, परियोजनाओं व उपलब्धियां विषयक जी.आई.सी. ऑडिटोरियम में लगी प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन किया। विधान परिषद सदस्य व पूर्व परिवहन मंत्री अशोक कटारिया ने अपने संबोधन में कहा कि भारत के शक्तिशाली प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सफल नीतियों से विश्व के देशों में भारत का दबदबा है, प्रधानमंत्री एक गरीब परिवार से निकलकर अपने मेहनत, व्यक्तित्व एवं कृतित्व के कारण ही भारत जैसे विशाल देश के प्रधानमंत्री के पद पर विराजमान हैं।

उन्होंने कहा कि उनकी मेहनत और व्यक्तित्व से हम लोगों को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। अपने देश प्रदेश व जनपद को विकसित बनाने की दिशा में हमें कार्य करना चाहिए ताकि प्रधानमंत्री के संकल्प के अनुसार 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत और प्रदेश के मुख्यमंत्र के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश को विकसित उत्तर प्रदेश बनाए जाने की दिशा में प्रत्येक वर्ग के लिए अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर प्रत्येक दरवाजे तक योजनाओं को पहुंचाने का कार्य किया जा रहा हैं जिससे गरीब, मजदूर वर्ग को इसका लाभ मिल रहा है। वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने कहा कि इस प्रदर्शनी में अधिक से अधिक संख्या में विद्यार्थी, युवा, किसान, महिलाएं सभी आकर योजनाओं की जानकारी ले सकते है एवं विकसित उत्तर प्रदेश विजन डॉक्यूमेंट हेतु अपने सुझाव भी दें सकते हैं। प्रदर्शनी में प्रत्येक कॉर्नर पर योजनाओं की भरपूर जानकारी दी गई है। यहां आकर लोग विकसित बनने की ओर अग्रसर भारत की जीवंत तस्वीर देख सकेंगे और निश्चित ही एक मजबूत प्रेरणा लेकर लौटेंगे। प्रदर्शनी में महिला सशक्तीकरण, स्टार्टअप एवं स्वरोजगार सहित शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि क्षेत्र से जुड़ी तमाम योजनाओं की विस्तृत जानकारी रोचक पोस्टरों के माध्यम से दी जा रही है। जिला सूचना अधिकारी नीतू कन्नौजिया ने बताया कि यह प्रदर्शनी 18 सितंबर से प्रारंभ होकर 2 अक्टूबर तक लगी रहेगी, जिसका उद्देश्य आम नागरिकों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना और उन्हें सेवा कार्यों में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित करना है। सांसद बरेली छत्रपाल गंगवार, विधान परिषद सदस्य बहोरन लाल मौर्य, विधायक कैंट संजीव अग्रवाल, विधायक नवाबगंज डॉ. एमपी आर्य, विधायक बिथरी चैनपुर डॉ. राघवेन्द्र शर्मा, जिलाध्यक्ष भाजपा बरेली सोमपाल शर्मा, जिलाध्यक्ष भाजपा आंवला आदेश प्रताप सिंह, महानगर अध्यक्ष भाजपा अधीर सक्सेना व अन्य जनप्रतिनिधिगण सहित डॉ. विनोद पागरानी व बड़ी संख्या में जनसामान्य द्वारा प्रदर्शनी की सराहना की।



## एक नजर

### किसान कांग्रेस की प्रदेश सचिव बनी अफसाना



प्रदेश सचिव अफसाना।

**बांदा।** आगामी विधानसभा चुनाव 2027 को जीतकर अपनी झोली में डालने के लिए कांग्रेस पार्टी कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती, ऐसे में कांग्रेस ने अपने सभी फ्रंटल संगठनों को सक्रिय करना शुरू कर दिया है और संगठन में नए पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी जा रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शिवनारायण सिंह परिहार की संस्तुति पर नि शहर कांग्रेस अध्यक्ष अफसाना बेगम को प्रदेश सचिव पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। वहीं प्रदेश महासचिव के रूप में बबेरू के वरिष्ठ कांग्रेसी आदित्य स्वरूप द्विवेदी को नामित किया है। जबकि रामकिशोर द्विवेदी को किसान कांग्रेस का जिलाध्यक्ष बनाया गया है। ऐसे ही पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डा.अनिल जयहिंद ने सुशील कुशवाहा को जिलाध्यक्ष और जिलानी दुर्रानी को शहर अध्यक्ष की कमान सौंपी है। सभी ननियुक्त पदाधिकारियों को संगठन की मजबूती के लिए काम करने और कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### डेंगू की दस्तक से दहशत, आधा दर्जन मिले पॉजिटिव




**बांदा।** लगातार हो रही बरसात के बाद अब मच्छरों का प्रकोप बढ़ने लगा है। इसी बीच जिले में मच्छरजनित बीमारी डेंगू ने भी अपनी दस्तक दे दी है। जिला अस्पताल की पैथालोजी में डेंगू की जांच कराने वालों की भीड़ उमड़ी है। बुधवार को आधा दर्जन लोगों की डेंगू जांच पॉजिटिव मिली है। स्वास्थ्य विभाग ने डेंगू पीड़ितों के घरों में लार्वा निरोधक का छिड़काव कराया है। उधर बुखार से पीड़ित दर्जनभर से अधिक मरीजों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बारिश के बाद इधर उधर हो रहे जलभराव से पनप रहे मच्छरों के साथ डेंगू के डंक ने भी लोगों को डराना शुरू कर दिया है। स्वास्थ्य विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। बीते तीन दिनों में जिला अस्पताल की पैथालोजी में छह लोग डेंगू पॉजिटिव पाए गए है। डेंगू पीड़ितों में कर्बला निवासी संकल्प (15), कटरा निवासी शहजादी (32), मर्का के गुजेनी निवासी अनीस (20), चरका निवासी उमाशंकर (21), कोतवाली निवासी रेखा (35), करबई निवासी राजबहादुर (48) शामिल हैं। डेंगू की रिपोर्ट मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में आया और पीड़ितों के घरों में लार्वा निरोधक का छिड़काव करा रहा है। इतना ही नहीं परिवार के लोगों की स्लाइड भी बनाई जा रही है। उधर बुखार से पीड़ित अजीत पारा निवासी आरती (27), शांति नगर निवासी अन्नू (4), असरा पुरवा निवासी श्रेयांश (8), मलेहरा निवासी रामगोपाल (70), जरैली कोठी निवासी प्रेमबाबू (26), बिछवाही गांव निवासी रणविजय (7), छतरपुर के पवईयर गांव निवासी आकांक्षा (5), छतरपुर के संतोषपुरवा निवासी मुकेश (15), सैमरी गांव निवासी गेंदिया (80), कनवारा रोड निवासी क्षमा (30), टोलाकला निवासी प्रियंका (18), खुटला निवासी अंशराज गुप्ता (13), मर्का के मऊ गांव निवासी संदीप (23), को भर्ती कराया गया। डॉक्टर हृदयेश पटेल का कहना है मच्छरों से बचने के लिए मच्छरदानी का प्रयोग करें। फुल बांह के कपडे पहने, गमलों में पानी इकठठा न होने दें।

# नवदुर्गा महोत्सव में नियमित सफाई और सुरक्षा व्यवस्था की मांग

## मांस-मदिरा की दुकानें बंद रखने के साथ उठाईं विभिन्न मांगें

» केंद्रीय पूजा महोत्सव समिति ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बांदा।** आगामी 22 सितंबर से शुरू होने वाले नवदुर्गा महोत्सव की तैयारियों को लेकर जहां केंद्रीय पूजा महोत्सव समिति ने कमर कस ली है, वहीं समिति के लोगों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर सभी व्यवस्थाएं समय से दुरुस्त करने की मांग बुलंद की है। पूजा महोत्सव समिति ने नवदुर्गा महोत्सव के दौरान सफाई व सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रखने और मांस-मदिरा की दुकानें बंद रखने समेत विभिन्न मांगों को प्रमुख से उठाया है।

गुरुवार को केंद्रीय पूजा महोत्सव समिति के प्रमुख संरक्षक पूर्व विधायक राजकुमार शिवहरे और जिलाध्यक्ष अमित सेठ भोलू की अगुवाई में समिति के लोगों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को 16 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा और नवदुर्गा महोत्सव से लेकर विसर्जन तक की सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने की मांग उठाई। ज्ञापन में समिति के लोगों ने 22 सितंबर से शुरू होने वाले शारदीय नवरात्र पर्व के दौरान शहर के सभी प्रमुख देवी मंदिरों व दुर्गा पंडालों में सफाई व सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने, मंदिरों व पंडालों में सीसीटीवी कैमरे लगवाने, प्रमुख चौराहों, मंदिरों व पंडालों में महिला पुलिस की तैनाती करने, शहर के विभिन्न मार्गों पर लटकते विद्युत तारों को दुरुस्त कराने के साथ शहरी क्षेत्र को विद्युत कटौती से मुक्त रखने, सुबह-शाम नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित कराने, अवारा जानवरों, सुअरों के साथ भारी वाहनों का शहर के अंदर प्रवेश वर्जित करने,ि वसर्जन जुलूस के निर्धारित मार्ग को गड्ढा मुक्त व अतिक्रमण मुक्त करने, रोड लाइट ठीक कराने, देवी प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए हाथठेला व नाव की व्यवस्था कराने, जुलूस के मार्ग में जगह-जगह स्वास्थ्य शिविर लगवाने, बड़ी प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए दो हाइड्रा मशीनों की व्यवस्था करने, विसर्जन घाट पर सुरक्षा की दृष्टि से जल पुलिस, महिला पुलिस, स्टीमर आदि का इंतजाम करने, नवदुर्गा पर्व के दौरान मांस-मदिरा की दुकानें बंद रखने, प्रागी तालाब व अलीगंज रामलीला मैदान की साफ सफाई व सुरक्षा की व्यवस्था करने समेत विभिन्न मांगों को प्रमुखता से उठाया है।



जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते पूजा महोत्सव समिति के लोग।

ज्ञापन देने वालों में समिति के महामंत्री भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत, विहिप जिलाध्यक्ष प्रकाशचंद्र त्रिपाठी, बजरंग दल से प्रभाकर सिंह चंदेल, उत्तम सक्सेना, बीके सिंह बड़े भइया, पूर्व चेयरमैन राजकुमार राज, व्यापार मंडल अध्यक्ष सत्यप्रकाश सर्राफ, सुरेश कान्हा, रजत कुमार रावत, गुलाबचंद्र, नईम नेता, लव सिन्हा, अशोक गुप्ता, नारायण धुरिया, चंद्रमोहन बेदी, संतू गुप्ता, अभिषेक खंचू समेत तमाम लोग शामिल रहे।

# ड्रोन कैमरों के उपयोग से प्रतिबंध हटाने की मांग



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बांदा।** फोटोग्राफर एसोसिएशन ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर ड्रोन कैमरों के उपयोग पर लगे प्रतिबंध को हटाने की मांग बुलंद की है। कहा है कि उन्हें शादी-समारोहों में निर्धारित नियमों व सुरक्षा मानकों के साथ ड्रोन का उपयोग करने की अनुमति दी जाए, ताकि उनका रोजगार बाधित न हो।

गुरुवार को फोटोग्राफर एसोसिएशन के मंडल प्रभारी व जिलाध्यक्ष सुनील सक्सेना की अगुवाई फोटोग्राफरों ने पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से फोटोग्राफरों ने कहा है कि मौजूदा समय में आधुनिक फोटोग्राफी के लिए ड्रोन कैमरा आवश्यक उपकरण बन गया है। ऐसे में शासन स्तर से ड्रोन संचालन पर लगाया गया प्रतिबंध उनके व्यवसाय पर नकारात्मक प्रभाव डाल रहा है और उनकी आजीविका प्रभावित हो रही है।

फोटोग्राफरों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसपी को सौंपते हुए शादी-समारोह के दौरान मैरिज हाल और निजी आयोजनों में पंजीकृत फोटोग्राफरों को निर्धारित नियमों व सुरक्षा मानकों के साथ ड्रोन संचालन की अनुमति दिए जाने की मांग की है। इस मौके पर महामंत्री राजेश निषाद, राजेश गुप्ता, राधेश्याम साहू, धीरेंद्र गुप्ता, अमृतलाल गुप्त, मोनू गुप्ता, शिवम गुप्ता, मयंक तिवारी, रहमान खान आदि शामिल रहे।

## स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार के तहत लगा स्वास्थ्य शिविर

**बांदा।** स्वस्थ भारत के निर्माण और महिलाओं व परिवार के स्वास्थ्य संवर्धन के लिए प्रदेश सरकार ने स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान शुरू किया है। जिसके क्रम में रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज के चिकित्सकों ने बबेरू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया और लोगों को मुफ्त परामर्श व उपचार उपलब्ध कराया।

रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज के प्रभारी अधिकारी मीडिया डा.अनूप सिंह ने बताया है कि गुरुवार को सीएचसी बबेरू में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डा. निवेदिता, बाल विशेषज्ञ डा.विरोनिका, दंत रोग से डा.साजिद, शल्य चिकित्सा से डा. श्रीकांत चौहान, मेडिसिन विभाग से डा.संतोष रमेश काकड़ व सामुदायिक चिकित्सा विभाग से डा.जलज चतुर्वेदी समेत कई विशेषज्ञ चिकित्सकों ने प्रतिभाग किया। अभियान के दौरान महिलाओं व बच्चों की स्वास्थ्य जांच, रोगों की समय पर पहचान, उपचार व उचित परामर्श दिया गया। चिकित्सकों ने महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की नसीहत दी और परिवार के लोगों को स्वस्थ रखने में योगदान देने की नसीहत दी। प्रभारी अधिकारी मीडिया डा.सिंह ने बताया कि अभियान के तहत 19 सितंबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसंडा में स्वास्थ्य परामर्श एवं जांच शिविर आयोजित किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्रीय लोगों को शिविर में शामिल होकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

## बदले की भावना से युवक ने की थी महिला की हत्या

**बांदा।** बीते दो दिन पहले पैलानी थाने के सिंधनकलां गांव में एक बुजुर्ग महिला को डंडा मारकर मौत के घाट उतारने वाली घटना का का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बताया गया है कि महिला ने कुछ दिन पहले युवक को उसकी प्रेमिका के साथ आपत्तिजनक हालत में देख लिया था, जिससे आहत होकर प्रेमिका ने आत्महत्या कर ली थी। जिसका बदला लेने के लिए युवक ने महिला की हत्या कर दी। पुलिस ने युवक की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त डंडा और खून से सने कपड़े भी बरामद कर लिए हैं।

बता दें कि बीती 15/16 सितंबर की रात पैलानी थाने के सिंधनकलां गांव में घर के बाहर सो रही 85 वर्षीय बुजुर्ग महिला रामा देवी पत्नी गयाप्रसाद कुशवाहा की हत्या हो गई थी। पुलिस ने मृतका के पुत्र तुलसीराम की तहरीर पर गांव के ही संजय कुशवाहा के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस गुरुवार को थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नामजद हत्यारोपी संजय कुशवाहा पुत्र रमेश कुशवाहा को सिंधनकलां गांव से ही दबोच लिया। गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि महिला रामा देवी के परिवार की एक युवती से उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था। कुछ दिन पहले महिला ने उसे उसकी प्रेमिका के साथ देख लिया था, जिसके बाद उसकी प्रेमिका ने आत्महत्या कर ली थी। जिसे लेकर वह महिला को अपनी प्रेमिका की मौत का दोषी मानता था और उससे बदला लेने की फिराक में था। मौका मिलते ही उसने महिला को मौत के घाट उतार दिया और अपनी प्रेमिका की मौत का बदला ले लिया। अभियुक्त की निशानदेही पर खून से सने कपड़े बरामद किए और बीएनएस की धारा 103(1), 351(2), 352 के तहत जेल भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष राजेश कुमार वर्मा व उनकी टीम शामिल रही।

# कालपी बस स्टैंड पर हुए बवाल में 3 आरोपियों पर NSA की कार्यवाही

» जालौन पुलिस ने सगे भाइयों समेत तीन पर की कार्रवाई

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**उरई जालौन।** उरई के कालपी स्टैंड पर 29 अगस्त को हुई घटना को लेकर हुए बवाल और आगजनी मामले में उरई कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। महिलाओं का वीडियो बनाने से शुरू हुआ यह विवाद मारपीट और आगजनी तक पहुंच गया था मामला। पुलिस की संतुति पर जालौन के जिला मजिस्ट्रेट ने इस मामले में जेल में बंद तीन आरोपियो के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (NSA) लगाया। घटना 29 अगस्त की रात की है। जानकारी के मुताबिक, कालपी बस स्टैंड पर एक दंपत्ति बस का इंतजार कर रहा था। तभी बजरिया निवासी शादाब और उसका भाई माजिद अपने साथी मकसूद बेग के साथ वहां पहुंचे।

आरोप है कि शादाब नशे की हालत में महिलाओं का वीडियो बनाने लगा। इसे देख पास में मौजूद बस ऑपरेटर अभिषेक निरंजन ने विरोध किया और रोकने की कोशिश की। तो इसी बात से गुस्साए शादाब ने कांच की बोतल से अभिषेक पर ताबड़तोड़ वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद मौके पर हड़कंप मच गया और देखते ही देखते मारपीट और आगजनी भी हो गई। पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इसके बाद प्रशासन ने माजिद और शादाब द्वारा अवैध तरीके से अर्जित संपत्ति पर बुलडोजर चलाकर तोड़फोड़ की थी। लेकिन अब इस मामले में पुलिस ने और कड़ा कदम उठाया है। एसपी जालौन डॉ. दुर्गेश कुमार ने बताया कि समाज में भय और असुरक्षा का माहौल पैदा करने वाले इन आरोपियो के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (NSA) की कार्यवाही की। जेल में निरुद्ध शादाब खां, माजिद खां और मकसूद बेग पर NSA की कार्रवाई से अन्य असामाजिक तत्वों में खलबली मच गई है। पुलिस अधीक्षक जालौन डॉ दुर्गेश कुमार ने बताया कि शादाब और मजिद इनका पंजीकृत गैंग है, सट्टा माफिया भी हैं और यह जमानत का प्रयास कर रहे थे, जिसमें शादाब और मजीद के साथ इनका साथी मकसूद भी है जेल में बंद है, यदि यह जेल से बाहर आएंगे तो यह फिर से समाज में आतंक मचाएंगे, जिससे लोगों के लिए खतरा बनेंगे, इसी के तहत उनके खिलाफ रासुका के तहत कार्रवाई की गई है, अन्य अभियुक्त जिसे पब्लिक को खतरा है, उनके खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी, साथ ही उनके गैंग के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।






# शांति और सौहार्द से मनाएं दुर्गा पूजा और दशहरा पर्व

## दुर्गा पूजा और दशहरा पर्व को लेकर आयोजित हुई शांति समिति की बैठक

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बांदा।** आगामी दुर्गा पूजा और विजयदशमी के त्योहारों को शांति एवं सौहार्द के साथ मनाने की नसीहत देते हुए जिलाधिकारी जे.रीभा ने मातहतों को सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने की हिदायत दी। कहा कि त्योहारों के दौरान आम जनता को किसी भी प्रकार की दिक्कतों का सामना नहीं करने दिया जाएगा। उन्होंने शांति समिति की बैठक में अफसरों को सभी आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त करने की सख्त हिदायत दी।

गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित शांति समिति की बैठक में जिलाधिकारी श्रीमती रीभा ने नगर पालिका, नगर पंचायतां और जिला पंचायतराज अधिकारी को अपने क्षेत्र में स्थापित दुर्गा पंडालों व प्रमुख मंदिरों की सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने की हिदायत दी। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता को ढीले विद्युत तारों और खराब ट्रांसफार्मरां को तत्काल ठीक कराने, जल निगम के एक्सईएन को टूटी सड़कों की मरम्मत कराने और जलापूर्ति की समुचित व्यवस्था कराने, पीडब्लूडी एक्सईएन को सड़कों को गड्ढ़ा मुक्त करने के निर्देश दिए।

उन्हांने पुलिस क्षेत्राधिकारियों व उप जिलाधिकारियों को अपने क्षेत्रों में पीस कमेटी बैठक करने और विसर्जन स्थलों का निरीक्षण करके व्यवस्थाएं दुरुस्त करने की हिदायत दी। डीएम ने पंडाल संचालकों से विद्युत तारों के नीचे या ट्रांसफार्मरों के आसपास दुर्गा पंडाल स्थापित न करने की अपील की। उन्होंने मुख्य अग्निशमन अधिकारी को पंडालों का निरीक्षण कर अग्रिम सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दी। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने सभी थाना प्रभारियों को दो दिन के अंदर दुर्गा पंडालों का निरीक्षण करने और आवश्यक सुधार कराने के निर्देश दिए। बैठक में अपर एसपी शिवराज, सिटी मजिस्ट्रेट संदीप केला, एडीएम न्यायिक, केंद्रीय शांति समिति के पदाधिकारी और संबंधित अधिकारी शामिल रहे।



शांति समिति की बैठक को संबोधित करतीं डीएम।

### दिव्यांग दंपत्ति की पीड़ा सुनकर डीएम पहुंचे घर, बच्चों की पढ़ाई व रोज़गार की व्यवस्था का दिया भरोसा

# चिंता मत कीजिए, सरकार आपके साथ खड़ी है : डीएम

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**उरई जालौन।** जनसुनवाई के दौरान सामने आई एक मार्मिक गुहार पर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने संवेदनशीलता दिखाते हुए तुरंत कार्यवाही की और दिव्यांग परिवार को राहत पहुंचाई। दो दिन पूर्व उमरारखेरा, उरई निवासी अरुण (36 वर्ष) और उनकी पत्नी गोल्डी (35 वर्ष) जिलाधिकारी के पास पहुंचे थे। दोनों ने बताया कि वे दृष्टिबाधित हैं, आँखों से देख नहीं सकते। उनके वृद्ध माता-पिता (72 वर्ष) भी सहारे पर हैं और घर में कोई आय का साधन नहीं है। ऐसे में बच्चों की पढ़ाई-लिखाई कठिन हो रही है और स्कूल की फीस भर पाना असंभव है।

जिलाधिकारी ने तत्काल संज्ञान लेकर बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि आरटीई के तहत बच्चों की शिक्षा कराई जाए और उन्हें उत्तर प्रदेश शासन की योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। साथ ही जिला पूर्ति अधिकारी को आदेशित किया कि परिवार को नियमित खाद्यान्न की व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए। जिलाधिकारी आज स्वयं दंपत्ति के घर पहुंचे और उनका हाल चाल जाना उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि बच्चों की शिक्षा में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। साथ ही अधिशासी अधिकारी नगर पालिका उरई को निर्देशित किया कि परिवार को रोज़गार से जोड़ने की ठोस व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि वे आत्मनिर्भर होकर सम्मानजनक जीवन जी सकें। जिलाधिकारी की इस पहल से दिव्यांग दंपत्ति भावुक हो उठे और उनकी आंखों से खुशी के आँसू छलक पड़े।



# अंतर्राज्यीय चोर गिरोह का किया भांडा फोड़, 6 सदस्य गिरफ्तार

» जालौन पुलिस ने 10 लाख के जेवरात व नगदी किए बरामद

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**उरई जालौन।** कुठौन्द पुलिस और SOG टीम ने सयुक्त रूप से अन्तरराज्यीय चोर गिरोह का किया भंडाफोड़ और पुलिस अधीक्षक ने खुलासा करते हुए 6 चोरों को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई एसपी के नेतृत्व में की गई। गिरोह के पास से चोरी के 10 लाखों रुपए के जेवरात व नगदी और अवैध हथियार बरामद हुए हैं।

एसपी डॉक्टर दुर्गेश कुमार ने बताया कि 18 सितम्बर को थाना कुठौन्द पुलिस व SOG टीम ने क्षेत्र में अपराध की रोकथाम,हेतु संदिग्धों की चेकिंग और वांछित अपराधियों की तलाश में निकली थी। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि पारेन अंडर पास बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के पास कुछ शातिर चोर वारदात की योजना बना रहे हैं। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर घेराबंदी कर छह आरोपियों को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपियों के पास से पुलिस टीम ने 1 किलो 450 ग्राम सफेद धातु, 60 ग्राम पीली धातु (कुल कीमत लगभग 8.50 लाख रुपये), 1,38,400 रुपये नगद, दो देशी तमंचे, चार जिंदा कारतूस चार नाजायज चाकू, एक मोटरसाइकिल और चोरी में प्रयुक्त औजार (सब्बल, पेचकस, प्लास आदि) बरामद किए गए। इसके अलावा कई जेवरात, मोबाइल फोन और अन्य सामान भी कब्जे में लिया गया। इस दौरान पुलिस ने अनिरुद्ध उर्फ मामा उर्फ राजा (जालौन), धर्मेन्द्र उर्फ लल्ला (हमीरपुर), सुरेन्द्र (हमीरपुर), प्रदीप उर्फ नन्ना (जालौन), शिवम (उरई, जालौन), सत्येन्द्र (हमीरपुर) को गिरफ्तार किया।

एसपी ने बताया कि पूछताछ में सामने आया कि यह गिरोह जालौन के अलावा मध्य प्रदेश के भिंड, निवाड़ी, छतरपुर और राजस्थान के बालाजी में भी चोरी व लूट की वारदातों को अंजाम दे चुका है। आरोपियों ने स्वीकार किया कि चोरी से मिली रकम और जेवरात को वे बेचकर अपनी जरूरतें और शौक पूरे करते है। गिरफ्तार अभियुक्तों में से कई पहले से ही आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहे हैं। प्रदीप, सुरेन्द्र, धर्मेन्द्र और अनिरुद्ध के खिलाफ हमीरपुर, महोबा, झांसी और जालौन जिलों में कई संगीन मुकदमे दर्ज हैं। इन मामलों में चोरी, लूट, आर्म्स एक्ट और गैंगस्टर एक्ट जैसी गंभीर धाराएं शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार किए गए 6 अभियुक्तों के खिलाफ विभिन्न थानों में दर्ज कई मामलों से जुड़े सबूत मिले हैं। अन्य जनपदों और राज्यों में इनकी गतिविधियों की जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस अब गिरोह के नेटवर्क को तोड़ने और इनके बाकी साथियों की तलाश में लगी है।



## एक नजर

### अधिक शराब पीने से युवक की मौत

**बांदा।** पत्नी से विवाद होने के बाद गांव पहुंचे युवक की शराब अधिक पीने से मौत हो गई। बता दें कि जसपुरा थाना क्षेत्र के सिकहुला गांव निवासी अशोक पाल (32) पुत्र जयकरन पाल अतर्रा स्थित बैंक में संविदा पर काम करता था। वह शहर के क्योटरा मोहल्ला में पत्नी के साथ रहता था। उसका छोटी छोटी बातों को लेकर पत्नी से अक्सर विवाद होता रहा था। मंगलवार को उसका पत्नी रागनी से विवाद हो गया। वह नाराज होकर अपने गांव सिकहुला चला गया था। वहां पर उसने जमकर शराब पिया। अधिक शराब पीने से उसकी मौत हो गई। शाम को खेत से घर पहुंचे बड़े भाई विनोद ने देखा तो उसका शव झोपड़ी के पास पड़ा था, उसे सीएचसी जसपुरा में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के बड़े भाई बिनोद ने बताया कि पत्नी से विवाद होने पर उसने अधिक शराब पी लिया। जिससे उसकी मौत हो गई।

### आग से झुलसी वृद्धा ने दम तोड़ा

**बांदा।** बीस दिन पहले आग से झुलसी बुजुर्ग महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। बता दें कि हमीरपुर जिला के चकोठी गांव निवासी रानी (60) पत्नी अयोध्या प्रसाद करीब बीस दिन पहले गैस चूल्हा से खाना बना रही थी। अचानक गैस लीक हो जाने से उसके कपड़ों में आग लग गई। वह जलती हुई कमरे से बाहर भागी तो परिजनों ने उसकी आग बुझाई। पहले उसे हमीरपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन हालत में सुधार न होने पर उसे बांदा जिला अस्पताल लाया गया। जहां बुधवार की रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### सर्पदंश से महिला की मौत, दो की हालत बिगड़ी

बांदा। अलग-अलग घटनाओं में सर्पदंश से जहां एक महिला की मौत हो गई, वहीं दो अन्य लोग गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराए गए हैं। नरैनी कोतवाली क्षेत्र के मुगौरा गांव निवासी रचना (40) पत्नी ब्रजकिशोर गुरुवार की सुबह अपने खेतों में चारा काटने गई थी। चारा काटते समय उसे सर्प ने डस लिया। थोड़ी ही देर में उसकी हालत बिगड़ने लगी। परिजनों ने उसे गंभीर हालत में स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जबकि मटौंध थाना क्षेत्र के अछरौड़ गांव निवासी अमर सिंह (45) पुत्र शिवा बुधवार की रात कमरे के अंदर कोई सामान निकालने गया था। तभी उसे सर्प ने डस लिया। वहीं एक अन्य घटना में चिल्ला थाना क्षेत्र के मदनपुर गांव निवासी कामरान (15) पुत्र फरीद को सर्प ने डस लिया। हालत बिगड़ने पर

### जिलाधिकारी ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक कर अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

# मिलावट खोरों पर बड़ी कार्रवाई, 43 कारोबारियों पर 31 लाख से अधिक का जुर्माना

## त्योहारों में मिलेगी शुद्धता की गारंटी, मिलावटखोरों पर नकेल कसने की तैयारी

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**उरई जालौन।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक कर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। त्योहारों के मद्देनजर मिलावटखोरों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

अभिहित अधिकारी डॉ. जतिन कुमार सिंह ने जानकारी दी कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभाग द्वारा कुल 198 खाद्य नमूने लिये गये, जिनमें से 25 नमूने मानक के अनुरूप नहीं पाए गये। इस आधार पर न्यायालय में 58 प्रकरण दायर किए गए, जिनमें से 43 मामलों में मिलावटी खाद्य पदार्थ विक्रय करने वाले कारोबारियों पर 31 लाख 5 हजार रुपये का जुर्माना अधिरोपित किया गया है।




जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि बाजारों, प्रतिष्ठानों, होटल व रेस्टोरेंट्स का गहन व नियमित निरीक्षण किया जाए। बासी खाना या दूषित भोजन मिलने पर होटल मालिकों के साथ-साथ संबंधित निरीक्षक पर भी कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सब्जियों व फलों में मिलाए जाने वाले कृत्रिम रंगों की जांच पर विशेष जोर दिया। साथ ही खोया, दाल और बेसन जैसे त्योहारी खाद्य पदार्थों पर पैनी निगाह रखने के निर्देश। औषधि निरीक्षक को निर्देश दिए गए कि मेडिकल स्टोर्स पर कंप्यूटराइज्ड बिलिंग अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाए। नशीली दवाओं की बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी और किसी भी दशा में एक्सपायरी दवाओं की बिक्री न हो पाए, इसके लिए नियमित निरीक्षण कर सख्त कार्यवाही की जाए। जिलाधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि न्यायालयों में अधिरोपित अर्थदण्ड की वसूली समयबद्ध ढंग से कराई जाए और लंबित वादों की प्रभावी पैरवी कर उनका त्वरित निस्तारण कराया जाए।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) प्रेमचंद मौर्य, अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. नरेंद्र देव शर्मा, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, अभिहित अधिकारी डॉ. जतिन कुमार सिंह, औषधि निरीक्षक दिव्यानी दुबे, व्यापार मंडल के प्रतिनिधि और स्वयंसेवी संगठन मौजूद रहे।

## संपादकीय

# नेपाल में राजनीतिक भूचाल

दक्षिण एशिया विगत दो दशकों से आग्नेय क्षेत्र बना हुआ है। यह भारतीय उपमहाद्वीप के लिए अत्यन्त घातक है। पहले पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश और अब नेपाल में जो स्थिति बनी है, वह इस खित्ते के लिए अत्यन्त घातक है। दबी जुबान से ही सही विपक्ष भारत में भी ऐसा ही होगा, भविष्यवाणी कर रहा है। बहरहाल भारत में ऐसा कुछ नही होने वाला, इसके पक्ष में सैकड़ो दलीले दी जा सकती हैं। अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति के गलियारों में विशेष रूप से दक्षिण एशिया की भू-राजनीति को प्रभावित करने वाली घटना जो नेपाल में हुई है, को लेकर जबरदस्त बहस शुरू हो गई है। नेपाल की स्थिति के लिए वस्तुत: जिम्मेदार कौन हैऔर ऐसी स्थिति मेंभारतीय रणनीति क्या होगी? ये यक्ष प्रश्न हैं और इनका निदान क्या हो सकता है, यह विश्लेषण का विषय है। 25 अगस्त को नेपाल के सर्वोच्च न्यायालय ने सरकार से विदेशी सोशल मीडिया प्लेटफार्मों की जवाबदेही तय करने को कहा। इसके बाद 28 अगस्त को सरकार ने सभी प्लेटफार्मों को 3 सितम्बर तक पंजीकरण कराने का आदेश दिया। 28 में से केवल 2 ने इसका पालन किया जबकि 26 ने इनकार कर दिया। सरकार ने 4 सितम्बर को गैर-अनुपालन पर सोशल मीडिया सेवाएँ रोक दीं। यह कदम आम जनता के लिए डिजिटल अधिकार पर प्रहार जैसा साबित हुआ क्योंकि सोशल मीडिया अब दैनिक जीवन का हिस्सा बन चुका है। युवाओं, खासकर 14 से 28 वर्ष के ₹जेन ज़ी₹ वर्ग ने इस निर्णय के खिलाफ व्यापक आंदोलन छेड़ दिया। उन्होंने भ्रष्टाचार और प्रतिबंध दोनों के विरोध में नारों के साथ सड़कों पर उतरकर आवाज़ बुलंद की — "भ्रष्टाचार ख़त्म करो" और "सोशल मीडिया नहीं, भ्रष्टाचार पर प्रतिबंध लगाओ।"काठमांडू और अन्य शहरों में यह विरोध उग्र हो गया। प्रदर्शनकारियों ने कई ऐतिहासिक और आधुनिक इमारतों को आग लगा दी । स्थिति इतनी गंभीर हुई कि प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को इस्तीफा देना पड़ा। ग्लोबल डिजिटल इनसाइट्स की रिपोर्ट के अनुसार नेपाल की 55 प्रतिशत आबादी इंटरनेट का उपयोग करती है और इनमें से आधी सोशल मीडिया पर सक्रिय है। प्रतिबंध से लाखों उपयोगकर्ता प्रभावित हुए। 9 सितम्बर तक यह आंदोलन पूरे देश में फैल गया और पुलिस कार्रवाई में कम से कम 19 प्रदर्शनकारी मारे गए तथा दर्जनों घायल हो गए। नेपाल लंबे समय से भ्रष्टाचार और घोटालों से जूझ रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री माधव नेपाल पतंजलि योगपीठ भूमि अधिग्रहण विवाद में फंसे हैं जबकि केपी शर्मा ओली पर गिरिबंधु चाय बागान घोटाले के आरोप हैं। 2023 के फ़र्ज़ी भूटानी शरणार्थी प्रकरण ने स्थिति और बिगाड़ी, जिसमें दो पूर्व मंत्री और 12 वरिष्ठ नौकरशाह जेल भेजे गए। इसमें पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा की पत्नी आरज़ू राणा का नाम भी सामने आया। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल के भ्रष्टाचार सूचकांक 2024 में नेपाल 180 देशों में 107वें स्थान पर रहा।कोविड-19 के बाद अर्थव्यवस्था में सुधार के संकेत मिले थे और एशियाई विकास बैंक ने 2025 में 4% से अधिक वृद्धि का अनुमान जताया था परंतु राजनीतिक अस्थिरता और हिंसा ने विकास पर प्रश्नचिह्न लगा दिया। 2021 की जनगणना के अनुसार 30 लाख नेपाली विदेशों में रहते हैं और हर वर्ष 2-3 लाख लोग रोज़गार हेतु पलायन करते हैं। मई-जून 2025 में प्रवासी नेपालियों ने 176 अरब नेपाली रुपये (लगभग 1.3 बिलियन डॉलर) भेजे, जो जीडीपी का 24% है। देश में उद्योग और निवेश की स्थिति कमजोर है। राजनीतिक हस्तक्षेप से शिक्षा प्रभावित है, जिससे छात्र विदेश पलायन कर रहे हैं। वहीं "नेपो किड्स" को ठेके और पद मिलने से जेन ज़ी वर्ग असंतुष्ट है। सरकार ने हिंसा को बाहरी हस्तक्षेप बताया, जबकि प्रदर्शनकारियों ने इसे जनाक्रोश का नतीजा कहा। काठमांडू के मेयर और राजशाही समर्थकों के जुड़ने से हालात और जटिल हो गए। नेपाल भू-राजनीति की दृष्टि से बेहद महत्त्वपूर्ण है। यह "जोन ऑफ स्ट्रैटेजिक कॉन्संट्रेशन₹ है अर्थात एक ऐसा भौगोलिक क्षेत्र जहां दो या दो से अधिक शक्तिशाली देशों की रणनीतिक और भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा और हित केंद्रित होते हैं, जिसके कारण वे उस क्षेत्र पर अपना प्रभाव बढ़ाना चाहते हैं। नेपाल, जो चीन और भारत के बीच स्थित है, एक ऐसा ही क्षेत्र है, जिसे ₹बफर स्टेट ₹ के रूप में भी देखा जाता है, और इन दोनों देशों के लिए बराबर रणनीतिक महत्त्व रखता है।

## कटाक्ष

हसन जैदी




# वायु प्रदूषण से घटती जिंदगी


अरविंद जयतिलक

द एनर्जी पॉलिसी इंस्टीट्यूट एट द यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो (एपिक)' की यह रिपोर्ट चिंतित करने वाली है कि भारत की 1.4 अरब आबादी ऐसे इलाकों में रहती है, जहां कण प्रदूषण का वार्षिक औसत विश्व स्वास्थ्य संगठन के दिशा-निर्देशों से आठ गुना अधिक है। रिपोर्ट के मुताबिक अगर भारत के सबसे प्रदूषित उत्तरी मैदानी क्षेत्रों में कण सांद्रता के दिशा-निर्देशों के अनुरुप हो जाए तो 54.44 करोड़ लोगों अर्थात देश की 38.9 फीसदी आबादी की औसत जीवन प्रत्याशा पांच साल बढ़ सकती है। अगर पूरे भारत में कण प्रदूषण के स्तर को घटाकर विश्व स्वास्थ्य संगठन के दिशा-निर्देशों के मुताबिक कर दिया जाए तो राष्ट्रीय राजधानी और सबसे अधिक आबादी वाले शहर दिल्ली के निवासियों की औसत जीवन प्रत्याशा 8.2 साल तक बढ़ सकती है। गौर करें तो इस तरह की रिपोर्ट कोई पहली बार उजागर नहीं हुई है, जब किसी संस्था द्वारा प्रदूषण से जिंदगी पर पड़ने वाले भयावह असर का जिक्र हुआ हो। गत वर्ष पहले इसी संस्था द्वारा ही खुलासा किया गया था कि बढ़ते प्रदूषण के कारण लोगों की जिंदगी घट रही है। गत वर्ष पहले हार्वर्ड और येल के अर्थशास्त्रियों ने भी खुलासा किया था कि भारत दुनिया के उन चुनिंदा देशों में शुमार है जहां सबसे अधिक वायु प्रदूषण है। इस कारण यहां के लोगों को समय से तीन साल पहले काल के गाल में जाना पड़ रहा है। रिपोर्ट में सावधान करते हुए कहा गया था कि अगर भारत अपने वायु मानकों को पूरा करने के लिए इस आंकड़े को उलट देता है यानी वायु प्रदूषण पर नियंत्रण कर लेता है तो इससे 66 करोड़ लोगों के जीवन के 3.2 वर्ष बढ़ जाएंगे। इस रिपोर्ट में भी उल्लेख था कि भारत की आधी आबादी यानी 66 करोड़ लोग उन क्षेत्रों में रहते हैं जहां सूक्ष्म कण पदार्थ (पार्टिकुलेट मैटर) प्रदूषण भारत के सुरक्षित मानकों से उपर है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट से भी उद्घाटित हो चुका है कि प्रदूषित हवा के चपेट में भारत में वर्ष 2016 में लगभग एक लाख मासूम बच्चों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा था। गौर करें तो यह आंकड़ा प्रतिवर्ष बढ़ता जा रहा है। गत वर्ष पहले यूनिवर्सिटी ऑफ कैरोलीना के विद्वान जैसन वेस्ट के अध्ययन में कहा गया था कि वायु प्रदूषण से सबसे अधिक मौत दक्षिण और पूर्व एशिया में होती है और उसमें भी भारत शीर्ष पर है। आंकड़ें बताते हैं कि हर साल मानव निर्मित वायु प्रदूषण से 4 लाख 70 हजार और औद्योगिक इकाईयों से उत्पन प्रदूषण से 21 लाख लोग दम तोड़ते हैं। अगर जहर फैला रही इन औद्योगिक इकाईयों पर नियंत्रण लग जाए तो हालात सुधर सकते हैं। दुनिया की जानी-मानी पत्रिका 'नेचर' द्वारा भी खुलासा किया जा चुका है कि अगर शीध्र ही वायु की गुणवत्ता में सुधार नहीं हुआ तो वर्ष 2050 तक प्रत्येक वर्ष 66 लाख लोगों की जानें जा सकती है। यह रिपोर्ट जर्मनी के मैक्स प्लेंक इंस्टीट्यूट ऑफ केमेस्ट्री के प्रोफेसर जोहान लेलिवेल्ड और उनके शोध दल ने तैयार किया था जिसमें प्रदूषण फैलने के दो प्रमुख कारण गिनाए गए। एक, पीएम 2.5एस विषाक्त कण और दूसरा वाहनों से निकलने वाली गैस नाइट्रोजन आक्साइड। रिपोर्ट में आगाह किया गया था कि भारत और चीन में वायु प्रदूषण की समस्या विशेष तौर पर गहरा सकती है। क्योंकि इन देशों में खाना पकाने के लिए कच्चे ईंधन का इस्तेमाल होता है जो कि प्रदूषण का महत्वपूर्ण स्रोत है। विशेषज्ञों की मानें तो अगर इससे निपटने की तत्काल वैश्विक रणनीति तैयार नहीं की गयी तो भारत की बड़ी जनसंख्या वायु प्रदूषण की चपेट में आ सकती है। गत वर्ष पहले भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) द्वारा खुलासा किया गया था कि जागरुकता का अभाव और कठोर मानकों की कमी के कारण भारत में हर आठवें व्यक्ति की मौत का कारण वायु प्रदूषण है। अनुसंधान के मुताबिक वर्ष 2017 में ही 12.4 लाख भारतीयों की मौत वायु प्रदूषण की वजह से हुई। इसमें 6.7 लाख लोग सड़कों पर प्रदूषित आबोहवा के शिकार बने। अन्य 4.8 लाख लोगों की मौत का कारण घरों के अंदर की हवा के जानलेवा बन जाने से हुई। अनुसंधान के आंकड़ों के मुताबिक वायु प्रदूषण से देश में औसत जीवनकाल 1.7 वर्ष घट गया है और अधिकतर मौतें प्रदूषण के कारण फेफड़ों में कैंसर, हार्ट अटैक और क्रोनिक रोगों से हो रही है। आंकड़े के मुताबिक प्रति लाख आबादी की मृत्यु में वायु प्रदूषण की हिस्सेदारी 89.9 प्रतिशत है। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के वैज्ञानिकों की मानें तो वायु प्रदूषण के कहर का सबसे ज्यादा प्रभावित दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और बिहार है। वर्ष 2019 की बात करें तो भारत में प्रदूषण से 23.5 लाख से अधिक लोगों की मौत हुई जिनमें से 16.7 लाख लोगों की मौत वायु प्रदूषण से हुई। वर्ष 2023 में बीएमजे अध्ययन में पाया गया था कि भारत में वायु प्रदूषण से प्रति वर्ष 2.18 मिलियन अर्थात 21.8 लाख लोगों की मौत होती है। ध्यान दें तो भारत में हृदय रोग, स्ट्रोक, फेफड़ों की बीमारी और मधुमेह से होने वाली मौतों से वायु प्रदूषण से होने वाली मौतों का आंकड़ा बड़ा है। यहां खतरनाक बात यह है कि देश के शहरों के वायुमण्डल में गैसों का अनुपात लगातार बिगड़ता जा रहा है और उसे लेकर किसी तरह की सतर्कता नहीं बरती जा रही है। आंकड़ों पर गौर करें तो हाल के वर्षों में वायुमण्डल में ऑक्सीजन की मात्रा घटी है और दूषित गैसों की मात्रा बढ़ी है। कार्बन डाई ऑक्साइड की मात्रा में तकरीबन 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसका मुख्य कारण बड़े कल-कारखानें और उद्योगधंधों में कोयले एवं खनिज तेल का उपयोग है। गौरतलब है कि इनके जलने से सल्फर डाई ऑक्साइड निकलती है जो मानव जीवन के लिए बेहद खतरनाक है। शहरों का बढ़ता दायरा, कारखानों से निकलने वाला धुंआ, वाहनों की बढ़ती तादाद एवं मेट्रो का विस्तार तमाम ऐसे कारण हैं जिनकी वजह से प्रदूषण बढ़ रहा है। वाहनों के धुएं के साथ सीसा, कार्बन मोनोक्साइड तथा नाइट्रोजन ऑक्साइड के कण निकलते हैं। ये दूषित कण मानव शरीर में कई तरह की बीमारियां पैदा करते हैं। मसलन सल्फर डाई ऑक्साइड से फेफड़े के रोग, कैडमियम जैसे घातक पदार्थों से हृदय रोग, और कार्बन मोनोक्साइड से कैंसर और श्वास संबंधी रोग होते हैं। कारखानें और विद्युत गृह की चिमनियों तथा स्वचालित मोटरगाड़ियों में विभिन्न ईंधनों के पूर्ण और अपूर्ण दहन भी प्रदूषण को बढ़ावा देते हैं। वायु प्रदूषण से न केवल मानव समाज को बल्कि प्रकृति को भी भारी नुकसान पहुंच रहा है। प्रदूषित वायुमण्डल से जब भी वर्षा होती है प्रदूषक तत्व वर्षा जल के साथ मिलकर नदियों, तालाबों, जलाशयों और मृदा को प्रदुषित कर देते हैं। अम्लीय वर्षा का जलीय तंत्र समष्टि पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। नार्वे, स्वीडन, कनाडा और संयुक्त राज्य अमेरिका की महान झीलें अम्लीय वर्षा से प्रभावित हैं। अम्लीय वर्षा वनों को भी बड़े पैमाने पर नष्ट कर रहा है। ओजोन गैस की परत, जो पृथ्वी के लिए एक रक्षाकवच का कार्य करती है, में वायुमण्डल के दूषित गैसों के कारण उसे काफी नुकसान पहुंचा है। ध्रुवों पर इस परत में एक बड़ा छिद्र हो गया है जिससे सूर्य की खतरनाक पराबैगनीं किरणें भूपृष्ठ पर पहुंचकर ताप में वृद्धि कर रही है। इससे न केवल कैंसर जैसे असाध्य रोगों में वृद्धि हो रही है बल्कि पेड़ों से कार्बनिक यौगिकों के उत्सर्जन में बढ़ोत्तरी हुई है। इससे ओजोन एवं अन्य तत्वों के बनने की प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। नए शोधों से जानकारी मिली है कि गर्भवती महिलाएं जो वायु प्रदूषण क्षेत्र में रहती है, उनसे जन्म लेने वाले शिशु का वजन सामान्य शिशुओं की तुलना में कम होता है। यह खुलासा एनवायरमेंटल हेल्थ प्रॉस्पेक्टिव द्वारा 9 देशों में 30 लाख से ज्यादा जन्म लेने वाले नवजात शिशुओं के अध्ययन से हुआ है। अब समय आ गया है कि सरकार ठोस कानून बनाकर वायु प्रदूषण की गहराती समस्या पर नियंत्रण लगाए और साथ ही जनता को भी जागरुक करे।

अपनी राय हमें इस मेल पर भेंजे- vishwavarta.response@gmail.com

# मोदी जी की सफल विदेश नीति, बढ़ता वैश्विक प्रभाव


संजीव ठाकुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत की विदेश नीति ने एक नई दिशा और ऊर्जा प्राप्त की है। आज भारत केवल दक्षिण एशिया तक सीमित नहीं, बल्कि वैश्विक मंच पर एक सशक्त और निर्णायक आवाज़ बनकर उभरा है। मोदी जी की सरकार ने "पड़ोसी पहले" की नीति से लेकर "एक धरती, एक परिवार, एक भविष्य" के विचार तक, विश्व को भारतीय दृष्टिकोण से जोड़ने का प्रयास किया है। जी-20 शिखर सम्मेलन की सफल मेज़बानी ने भारत की कूटनीतिक शक्ति और आयोजन क्षमता को सिद्ध किया। वहीं, अमेरिका, रूस, फ्रांस और जापान जैसे देशों के साथ रणनीतिक साझेदारी गहरी हुई है। संयुक्त राष्ट्र में भारत की सक्रिय भूमिका, अंतरराष्ट्रीय मंचों पर आतंकवाद के खिलाफ सख़्त रुख और ऊर्जा सुरक्षा से लेकर तकनीकी सहयोग तक भारत की प्राथमिकताओं को स्पष्ट रूप से सामने रखती है। लोकप्रियता में विश्व के शीर्ष पर मोदी जी- भारत की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी आज केवल भारत के नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेताओं में गिने जाते हैं। अनेक वैश्विक सर्वेक्षणों में उन्हें लगातार नंबर एक स्थान मिलना इस बात का प्रमाण है कि उनकी छवि सीमाओं से परे जाकर विश्वजन तक पहुँची है।मोदी की लोकप्रियता का रहस्य केवल उनकी सशक्त नीतियों में नहीं, बल्कि उनके जन-संपर्क कौशल और सशक्त नेतृत्व में निहित है। अमेरिका से लेकर ऑस्ट्रेलिया और जापान से लेकर खाड़ी देशों तक, जहाँ भी मोदी जाते हैं, भारतीय प्रवासी ही नहीं, स्थानीय नागरिक भी उन्हें उत्साह से स्वागत करते हैं। विदेश नीति हमेशा चर्चा में रही है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में इसकी दिशा और धारा बदल गई है। अब भारत केवल दूर का दर्शक नहीं, बल्कि निर्णायक भूमिका निभाने वाला देश बन गया है। यही वजह है कि मोदी सरकार की विदेश नीति को अक्सर "बहु-संतुलन" (मल्टी एलाइनमेंट)कहा जाता है। पड़ोसियों से रिश्ते की पहल - मोदी जी ने 2014 में शपथ लेते ही सभी शार्क देशों के प्रमुखों को आमंत्रित कर पड़ोस को प्राथमिकता दी थी और बहुत ही सौहाद्रता पूर्वक रिश्ता बनाने की पहल की थी। बांग्लादेश के साथ भूमि सीमा समझौता, नेपाल में राहत कार्य और श्रीलंका-मालदीव से रिश्तों की मजबूती ने भारत की छवि को निखारा। 1947 में स्वतंत्रता के बाद से पाकिस्तान के साथ रिश्ते जरूर



तनावपूर्ण रहे हैं, पाकिस्तान अपनी आतंकवादी गतिविधियों से बाज नहीं आने के कारण भारत के हमेशा निशाने पर रहा है और अनेक युद्ध हारने के बाद भी वह आतंकवादियों को लगातार वित्तीय पोषण कर रहा है लेकिन आतंकवाद के मुद्दे पर भारत ने उसे वैश्विक मंच पर अलग-थलग करने में सफलता पाई और संयुक्त राष्ट्र संघ के कई मंचों पर भारत ने पाकिस्तान को फटकार लगाई है इसके अलावा उसकी आतंकवादी गतिविधियों को पूरे विश्व के सामने उजागर भी कर दिया है। अमेरिका,रूस चीन और पश्चिमी देशों से बराबरी के रिश्ते - मोदी की विदेश नीति का सबसे अहम पहलू यह है कि भारत ने हर ध्रुव से संबंध मज़बूत किए।अमेरिका के साथ रणनीतिक साझेदारी और क्वाड रूस से ऊर्जा और हथियार सहयोग।यूरोप, खासकर फ्रांस के साथ रक्षा सहयोग यानी भारत ने संतुलन बनाए रखा और किसी एक खेमे पर निर्भर नहीं रहा। नाटो के देशों के राष्ट्र प्रमुखों से भारत के प्रधानमंत्री के रिश्ते काफी मजबूत एवं दोस्ताना है, इसराइल फ्रांस कनाडा ब्रिटेन इटली भारत को अपना सच्चा हितैषी और अभिन्न मित्र मानते हैं यह मोदी जी की कूटनीतिक बड़ी सफलता है। चीन से रिश्ते किंतु सतर्क भारत- चीन के साथ व्यापार तो बढ़ा, लेकिन डोकलाम और गलवान जैसी घटनाओं ने रिश्तों को कठिन बनाया। इसके जवाब में भारत ने क्वाड और इंडो-पैसिफिक रणनीति के ज़रिए चीन को संतुलित करने की कोशिश की। 2023 में दिल्ली में हुए G20 शिखर सम्मेलन ने भारत की कूटनीति को नई ऊँचाई दी। अफ्रीकी संघ को G20 का स्थायी सदस्य बनवाने में भारत की पहल को दुनिया भर में सराहा गया। यह संदेश साफ था कि भारत केवल अपने लिए नहीं, बल्कि विकासशील देशों के लिए भी नेतृत्व कर रहा है।अमेरिका में मैडिसन स्क्वायर गार्डन ₹हाउडी मोदी ₹जैसे कार्यक्रमों ने प्रवासी भारतीयों को गर्व का अहसास कराया। योग और आयुर्वेद को दुनिया भर में लोकप्रिय बनाना भारत की सांस्कृतिक ताकत को दर्शाता है। भारत के सामने चुनौतियां अभी बाकी है भारत की विदेश नीति कई मायनों में सफल रही है। चीन में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन की महत्वपूर्ण मीटिंग में भारत के प्रधानमंत्री मोदी जी ने चीन के राष्ट्रपति से जिनपिंग और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ जो गठबंधन किया है उससे विदेश नीति में एक नए युग का सूत्रपात हुआ है उससे यह तो स्पष्ट हो गया है कि भारत चीन और रूस यदि एक साथ हो जाए तो अमेरिका तथा नाटो देश इन्हें चुनौती नहीं दे सकते है। इसके बावजूद में भविष्य में चुनौतियाँ भी कम नहीं हैं चीन के साथ सीमा विवाद अभी भी है हालांकि इसका प्रभाव काफी कम हुआ है किंतु पाकिस्तान की जिद और अमेरिका को पाकिस्तान जैसे आतंकवादी देश को अपने पक्ष में करने से दक्षिण एशिया में तनाव की स्थिति पैदा हो सकती है। पड़ोसी देशों में चीन का बढ़ता प्रभाव भारत के लिए चिंता का कारण हैं।कुल मिलाकर, प्रधानमंत्री मोदी की विदेश नीति ने भारत की छवि को स्पष्ट एवं पारदर्शी बनाकर वैश्विक देशों को अपनी और आकर्षित किया है। अब भारत विश्व गुरु और आर्थिक सामरिक तथा वैज्ञानिक वैश्विक शक्ति दोनों के रूप में उभर रहा है। दुनिया का कोई भी बड़ा फैसला भारत की भागीदारी के बिना पूरा नहीं हो सकता है। यही मोदी जी की सरकार की विदेश नीति की सबसे बड़ी उपलब्धि है।

## कविता


विशाखा विधु

### मेरे राम

मेरे राम..
अब बरस तो गये हो
पर ये जानते हो क्या
मेरे राम तुम !!!!!
तुमने जला दिया
मेरी नस्लों को मरने से पहले ही
ये फफोले...
तन पे नहीं मन पे पड़े
और सरकार नमक छिड़क रही
चंद सिक्कों का इन पे
इन फफोलों से पीड़ा नहीं
भूख फूटती है
बेटी के ब्याह की फिक्र फूटती है
जो आँखों से रिसती नहीं
बस आँखों में दिखती है
फिर इक क्षण आता है
मन होता है
कि... दिखा आऊं
अपना हाल तुम्हें
और इसी सोच में
इक रस्सी जो तुम तक जाए
उसके फंदे से लटक जाता हूँ
पीछे छोड जाता हूँ
कुछ अधूरी उम्मीदें
सिसकता बचपन
बेसहारा बुढ़ापा
कितना मुआवजा...
कितनी रकम ....
कर पायेगी भरपाई इनकी
ये तय करके
अब तुम ही बता दो ना मेरे
राम.......।

# इंजीनियरिंग शिक्षा : अब कम होगी कंप्यूटर साइंस की सीटें


राजेश जैन

पिछले दशक में इंजीनियरिंग की कंप्यूटर साइंस, आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस, मशीन लर्निंग जैसी टेक्नोलॉजी उन्मुख शाखाएं छात्रों और कॉलेजों, दोनों की पहली पसंद बन गयी थीं। कारण स्पष्ट हैं — उच्च सैलरी, नौकरी के ग्लोबल अवसर, इन्फार्मेशन टेक्नोलॉजी उद्योग की होड़ और डिजिटल इंडिया की महत्वाकांक्षाएं। इस सफलता की चमक ने यह सोच दी कि जितना हो सके सीएसई में सीटें बढ़ाओ। तेलंगाना हाई कोर्ट के ताज़ा फैसले ने एक महत्वपूर्ण सवाल उठाया है-कितनी बढ़ी हुई सीएसई सीटें अभी मांग के अनुरूप हैं? क्या यह वृद्धि स्थिर है या सिर्फ़ इरादा-मात्र है? अगर यह मांग कम हो गयी तो क्या भविष्य में बेरोज़गारी की लौ में झुलसेंगे छात्र? हाल ही में तेलंगाना हाई कोर्ट ने राज्य सरकार के उस फैसले को सही ठहराया जिसमें कहा गया कि कंप्यूटर साइंस (सीएसई) की सीटें अब और नहीं बढ़ाई जा सकतीं। जिन कॉलेजों ने मनमानी करते हुए हजारों सीटें जोड़ ली थीं, उनकी संख्या घटाई जाएगी। कोर्ट का तर्क साफ था—मांग और आपूर्ति का संतुलन बिगड़ना खतरनाक है। तेलंगाना के इस आदेश ने न सिर्फ वहां के प्राइवेट इंजीनियरिंग कॉलेजों को झटका दिया, बल्कि पड़ोसी राज्यों के लिए भी चेतावनी की घंटी बजा दी। खासकर कर्नाटक ने तो तुरंत संकेत दे दिए हैं कि वे भी इसी दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं। क्यों बढ़ी कंप्यूटर साइंस की सीटें? पिछले कुछ वर्षों में आईटी सेक्टर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस और मशीन लर्निंग की तेज़ी से बढ़ती मांग ने छात्रों और कॉलेजों, दोनों को आकर्षित किया। यहां प्लेसमेंट पैकेज और नौकरी के मौके ज़्यादा दिख रहे थे। इसलिए सीएसई छात्रों की पहली पसंद बन गई । कॉलेजों ने इसे सुनहरा मौका समझा और एआईसीटी (ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन) से अप्रूवल लेकर बड़ी संख्या में सीटें बढ़ानी शुरू कर दीं। कुछ कॉलेजों ने तो हद ही कर दी। जहां पहले 200-300 सीटें थीं, वहां अचानक 1500-2000 सीएसई सीटें कर दी गईं। एआईसीटी का रोल और विवाद एआईसीटी का नियम है कि कोई भी कॉलेज बिना उसकी मंजूरी के सीट नहीं बढ़ा सकता लेकिन हाल के वर्षों में संस्था ने काफ़ी लचीला रवैया अपनाया। यदि किसी कॉलेज के पास बिल्डिंग और इंफ्रास्ट्रक्चर है तो उसे सीटें बढ़ाने की इजाज़त मिल जाती थी। कॉलेज इस नियम का फायदा उठाकर बड़ी संख्या में सीटें सीएसई में ट्रांसफर करने लगे। समस्या यह है कि एआईसीटी की मंजूरी तकनीकी आधार पर थी



जबकि मार्केट की वास्तविक मांग और भविष्य की संभावनाओं का आकलन नहीं हुआ। यही वजह है कि अब राज्य सरकारें और अदालतें हस्तक्षेप कर रही हैं। भविष्य की चुनौतीः मांग बनाम आपूर्ति सीएसई और एआई की डिमांड अभी ऊंचाई पर है लेकिन कोई भी मार्केट अनंत नहीं होता। यदि सीटें लगातार बढ़ती रहीं तो कुछ वर्षों बाद बेरोज़गारी का खतरा बढ़ेगा। टेक सेक्टर में छंटनी पहले से देखने को मिल रही है। दूसरी ओर, मैकेनिकल, सिविल, इलेक्ट्रिकल जैसी पारंपरिक शाखाओं में दाख़िला लेने वाले छात्रों की संख्या घट रही है। सरकारों को डर है कि यदि यही ट्रेंड जारी रहा तो भारत के पास पुल बनाने वाले इंजीनियर, स्टील इंडस्ट्री के विशेषज्ञ या इंफ्रास्ट्रक्चर इंजीनियर नहीं बचेंगे। तेलंगाना से कर्नाटक तक और आगे... तेलंगाना के फैसले के बाद अब कर्नाटक के उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा है कि वे भी सीएसई सीट फ्रीज़ करने का नियम लाने पर विचार कर रहे हैं। इससे बड़े यानी टीयर-1 शहरों में प्राइवेट कॉलेजों का अनियंत्रित विस्तार रुकेगा और भविष्य की बेरोज़गारी कम होगी। यदि कर्नाटक ऐसा करता है तो महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों पर भी दबाव बनेगा। और एक बार यह सिलसिला शुरू हुआ तो यह पूरे भारत की इंजीनियरिंग शिक्षा व्यवस्था को प्रभावित करेगा। अब क्या होगा? सीएसई सीटें घटेंगी तो एडमिशन की दौड़ और भी कठिन हो जाएगी। छात्रों को मजबूरी में अन्य शाखाओं जैसे-मैकेनिकल, सिविल, इलेक्ट्रिकल, केमिकल की ओर रुख करना होगा। कॉलेज भी चालाकी दिखाएंगे और कहेंगे कि सीएसई नहीं तो एआई/डेटा साइंस ले लो लेकिन सरकारें उन पर भी सीमा तय कर सकती हैं। इसलिए अब वह दौर आने वाला है जब छात्रों को अपनी सोच बदलनी होगी और सिर्फ़ सीएसई पर निर्भर नहीं रहना होगा। भारत की इंजीनियरिंग शिक्षा का बड़ा सवाल भारत में इंजीनियरिंग कॉलेजों की सबसे ज़्यादा संख्या महाराष्ट्र, कर्नाटक, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल में है। यदि इन राज्यों ने सीएसई सीटों पर रोक लगा दी तो राष्ट्रीय स्तर पर बड़ा असर दिखेगा। इंजीनियरिंग शिक्षा का संतुलन फिर से पारंपरिक शाखाओं की ओर झुक सकता है। इससे इंडस्ट्री की ज़रूरतें भी पूरी होंगी और सभी सेक्टर्स के लिए स्किल्ड इंजीनियर तैयार होंगे। संतुलन ही समाधान कंप्यूटर साइंस आज की तारीख में चमकदार ब्रांच है लेकिन हर चमकदार चीज़ हमेशा टिकाऊ नहीं होती। सरकार और कोर्ट की दलील यही है कि सिर्फ़ अल्पकालिक डिमांड देखकर सीटें बढ़ाना दूरदर्शिता नहीं है। छात्रों को भी चाहिए कि वे बाकी शाखाओं की संभावनाओं को समझें। इंफ्रास्ट्रक्चर, ऑटोमोबाइल, मैन्युफैक्चरिंग, एनर्जी जैसे सेक्टर भी भारत की रीढ़ हैं। आने वाले दो-तीन साल में यह नियम पूरे देश में लागू हो सकता है। ऐसे में छात्रों, अभिभावकों और कॉलेजों को अपनी रणनीति अभी से बदलनी होगी। कुल मिलकर तेलंगाना का कोर्ट यह फैसला भारत के इंजीनियरिंग शिक्षा इतिहास में एक टर्निंग पॉइंट साबित हो सकता है। यह न सिर्फ़ सीएसई की अंधी दौड़ को थामेगा बल्कि बाकी इंजीनियरिंग शाखाओं को भी नया जीवन देगा।

## एक नजर

### स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन



कप्तानगंज (कुशीनगर)। प्रधानमंत्री के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान की शुरुआत क्षेत्रीय विधायक की उपस्थिति में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओ के स्वास्थ्य की जांच कर आवश्यक दवाओं का वितरण किया गया। कप्तानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आयोजित स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक विनय प्रकाश गौड़ ने कहाकि अगर महिलाएं पूर्ण रूप से स्वस्थ रहेगी तो उनके परिवार व समाज के विकास में उनका काफी सहयोग मिलेगा। भाजपा सरकार ने महिलाओ के सम्पूर्ण इलाज के लिए सशक्त व्यवस्थाये की है देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सर्व समाज के विकास व कल्याण के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाओं का संचालन कर इनको सहूलियत देने का काम किया है।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए चिकित्सा प्रभारी डॉ सूर्यभान कुशवाहा ने कहाकि महिलाओ को अपने स्वास्थ्य को लेकर सचेत रहना चाहिए।समय समय पर उनको अपने स्वास्थ्य की जांच कराते रहना चाहिए ताकि ये जांच सभी सरकारी अस्पतालों में मुफ्त किया जाता है।कार्यक्रम को पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष विजय खेतान आनंद मिश्रा डॉ परवेज आलम रेणु मिश्र आदि ने सम्बोधित किया।कार्यक्रम का संचालन विनोद गुप्ता ने किया। इस अवसर पर गोपाल मद्देशिया शशि भूषण सिंह आत्मा सिंह रविन्द्र गौड़ भोला साहनी आलोक यादव धर्मेंद्र यादव संदीप गौड़ सुरेंद्र गौड़ आशुतोष पटेल राजेश कुमार दुर्गेश दीक्षित दीपक चौहान आदि मौजूद रहे।

### स्कूल गया छात्र लापता

कप्तानगंज (कुशीनगर)। थाना के ग्राम सभा कोटवा के 13 वर्षीय युवक तीन दिन पूर्व घर से स्कूल के लिए निकला। लेकिन न तो वह स्कूल पहुंचा और न ही घर लौटा। जिसके कारण परेशान परिजनो ने थाने में तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज कराने के लिए आवेदन किया है। कप्तानगंज थाना क्षेत्र के कोटवा गांव के त्रिभुवन सिंह का 13 वर्षीय बेटा रितेश सिंह कस्बे के एक निजी स्कूल में कक्षा सात का छात्र है। जो विगत 15 सितंबर को सुबह सात बजे स्कूल के लिए साइकिल से निकला लेकिन देर शाम तक घर नहीं लौटा तो परिजनों ने स्कूल में पता किया तो स्कूल में भी नहीं आने की जानकारी हुई।परेशान माता सरिता सिंह ने हार थक कर थाने में प्रार्थना पत्र देकर पुत्र की तलाश में पुलिस का सहयोग लिया है। प्रभारी निरीक्षक चंद्रभूषण प्रजापति ने बताया कि गुमशुदगी की सूचना मिली है। जांच पड़ताल किया जा रहा है।

### विद्या भारती जन शिक्षा समिति गोरक्ष प्रांत द्वारा आयोजित खेल प्रतियोगिता का हुआ समापन



कसया, कुशीनगर। नगर स्थित महर्षि अरविन्द विद्या मन्दिर में विद्या भारती जन शिक्षा समिति गोरक्ष प्रांत द्वारा संचालित विद्यालयों की आयोजित तीन दिवसीय प्रांतीय खेल-कूद प्रतियोगिता का समापन हो गया। प्रतियोगिता में शिशु व बाल वर्ग में आजमगढ़ अव्वल रहा जबकि किशोर व तरुण वर्ग में कुशीनगर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि प्रतिनिधि एम.एल.सी. एवं ब्लॉक प्रमुख हाटा प्रतिनिधि सुधीर कुमार राव ने विजेता खिलाड़ियों को शील्ड, ट्रॉफी और पुरस्कार वितरित करते हुए कहा कि खेल से शरीर व मस्तिष्क दोनों स्वस्थ रहते हैं और खिलाड़ी जीवन में ऊँचाइयों तक पहुँच सकते हैं। विशिष्ट अतिथि सह विभाग संघचालक डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने खेलों के प्रोत्साहन पर चर्चा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष, पडरौना बाल शिक्षा समिति उमाशंकर सोनी ने की। अंत में आभार प्रांतीय खेल प्रमुख अनिल चतुर्वेदी ने व्यक्त किया। इस प्रतियोगिता में गोरक्ष प्रान्त के 10 जिलों के विद्या भारती जन शिक्षा समिति गोरक्ष प्रांत द्वारा संचालित विद्यालयों के 500 भैया बहनों और 100 से अधिक आचार्य व प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।

### धूमधाम से मनाया गया प्रधानमंत्री का जन्मदिन



हजपुरा, अम्बेडकरनगर। गुरुवार को सहयर सेवा संस्थान द्वारा बनी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर मंगलम मैरिज लाइन जलालपुर में स्वास्थ्य शिविर एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक पंकज वर्मा ने बताया स्वास्थ्य मेले का उद्घाटन महिला रोग विशेषज्ञ डॉ निधि सिंह ने एवं प्रतिष्ठित डॉ आशुतोष शुक्ला, संरक्षक डॉ मिथिलेश त्रिपाठी के साथ किया गया। स्वास्थ्य मेले में 253 मरीजों ने विभिन्न डॉक्टर की टीम को दिखाया, इस अवसर पर कुल रक्तदान के लिए 35 रजिस्ट्रेशन कराया गया जिसमें से 21 युवाओं ने रक्तदान किया,कुल 70 लोगों को 2 लाख का दुर्घटना बीमा का फॉर्म भरा गया, डॉ केपीएन सिंह चेस्ट रोग विशेषज्ञ, डॉ ध्रुवन मिश्रा, डॉ राजीव वर्मा एवं साईं पैथोलॉजी द्वारा 110 लोगों का ब्लड जांच किया गया, इस अवसर पर संस्था के लोगों ने डॉक्टर और रक्तदान लेने वाली टीम का अभिनंदन भी किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष विमलेंद्र प्रताप सिंह, मोनू, डॉ अमित त्रिपाठी, शाश्वत मिश्रा, भाजपा नगर अध्यक्ष संदीप अग्रहरी,सुनील गुप्ता, संजीव मिश्रा, सुरेश गुप्ता विनय मिश्रा अभिषेक उपाध्याय,विशाल त्रिपाठी, प्रभात जायसवाल, संजीव सिंह, केशव श्रीवास्तव, शीतल सोनी, अनुज सोनकर, आशीष सोनी, आसाराम मौर्य,गोपाल कसौधन आदि सहित सैकड़ो की संख्या में पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दाखिल करने पर शिक्षकों ने जताया आभार

## नानटेट शिक्षकों ने सीएम व बेसिक शिक्षा मंत्री का धन्यवाद ज्ञापित किया

» सुप्रीम कोर्ट के आदेश से उपजे संकट पर सरकार की तत्परता को सराहा गया



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**तमकुहीराज (कुशीनगर)।** दुदही शिक्षक भवन परिसर में गुरुवार को नानटेट शिक्षकों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रदेश सरकार द्वारा उच्चतम न्यायालय में त्वरित पुनर्विचार याचिका दाखिल करने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह सहित प्रदेश सरकार के प्रति आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

गौरतलब है कि गत एक सितंबर को उच्चतम न्यायालय ने देशभर के ऐसे शिक्षकों को जिन्होंने शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) उत्तीर्ण नहीं की, उन्हें दो वर्ष के भीतर परीक्षा पास करने या अन्यथा नौकरी से बाहर किए जाने का आदेश दिया था। इस आदेश के विरोध में विभिन्न शिक्षक संघ आंदोलनरत थे और समय-समय पर ज्ञापन सौंप रहे थे। इसी क्रम में 16 सितंबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नानटेट शिक्षकों को योग्य बताते हुए अनुभव को तरजीह दी और तत्काल पुनर्विचार याचिका दाखिल कराई। प्राशिसं के अध्यक्ष अरुणेंद्र राय ने कहा कि सरकार ने समय रहते शिक्षकों के हित में जो पहल की है, वह ऐतिहासिक है। इससे न केवल नानटेट शिक्षकों का भविष्य सुरक्षित होगा बल्कि शिक्षा व्यवस्था को भी स्थिरता मिलेगी। जूशिसं के अध्यक्ष बांकेबिहारी लाल ने कहा कि यह निर्णय शिक्षकों के आत्मविश्वास को मजबूत करेगा। प्राशिसं के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक यादव, जूशिसं के मंत्री योगेंद्र शर्मा, मुनौव्वर अली, ओपी सिंह और अनिल चौरसिया ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ शिक्षक विद्या सिंह ने की और संचालन प्राशिसं के मंत्री रामनिवास जायसवाल ने किया। बैठक में व्यास मिश्र, ज्ञानप्रकाश पांडेय, रमेश पटेल, योगेश मिश्र, रवि मल्ल, नरेंद्र शर्मा, अरविंद दुबे, प्रदीप मिश्र, जवाहर प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

# हर बूथों पर मजबूत टीम होनी चाहिए : कृष्ण कुमार यादव



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अम्बेडकरनगर।** जिले के हर बूथों पर मजबूत टीम होनी चाहिए जिसमें युवा,महिला, और और सभी वर्गों की भागीदारी होनी चाहिए उक्त बातें ज़िला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव ने बरियावन मंडल के बूथ अध्यक्षों के दौरान कही। उन्होंने कहा प्रत्येक बूथ पर 20 लोगो की कमेटी होनी चाहिए।

पूर्व जिला अध्यक्ष राम कुमार पाल, जिला उपाध्यक्ष द्विजेंद्र नारायण शुक्ला, मो जियाउद्दीन अंसारी, उदयभान मिश्र ₹राजबहादुर₹, जितेन्द्र पटेल, युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव विशाल वर्मा, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष हेमंत यादव, मंडल अध्यक्ष बरियावन महेंद्र यादव ने कहा हम सभी कांग्रेस जनों को सक्रिय भागीदारी निभा कर पार्टी को मजबूत करना है और आगामी चुनाव में पार्टी के प्रत्याशी को जीतना ही लक्ष्य है।

जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अवधेश कुमार मिश्र ₹बब्लू₹ ने बताया आज अकबरपुर बलाक के बरियावन मंडल के बूथ अध्यक्षों की बैठक कृष्णा मैरेज हॉल में हुई।बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष महेन्द्र यादव ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव और पूर्व जिला अध्यक्ष राम कुमार पाल विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लाक अध्यक्ष अकबरपुर मो जियाउद्दीन अंसारी मौजूद रहे।

कार्यक्रम को प्रमुख रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष राम कुमार पाल,जिला उपाध्यक्ष द्विजेंद्र नारायण शुक्ला, उदयभान मिश्र 'राजबहादुर', ब्लाक अध्यक्ष अकबरपुर मो जियाउद्दीन अंसारी, जितेन्द्र पटेल, युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव विशाल वर्मा, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष हेमंत यादव,पवन वर्मा,मंडल अध्यक्ष सिकंदरपुर संजय कन्नौजिया, घनश्याम, हरिओम, राहुल यादव, बहराम यादव,डा घनश्याम, रामविलास, मिश्रीलाल, प्रदीप कुमार, राकेश राजभर, रामतीरथ यादव समेत अनेक कांग्रेसजनों ने सम्बोधित किया।

# धान क्रय केंद्र बनाने में भ्रष्टाचार का काला चेहरा!

## दागी समितियों पर केंद्र खोल, ईमानदारों को ठुकराया

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अम्बेडकरनगर।** उत्तर प्रदेश अम्बेडकरनगर की धान खरीद व्यवस्था में पारदर्शिता के सरकारी दावे धूल चाट रहे हैं। अम्बेडकरनगर जिले में ए.आर. कोऑपरेटिव राघवेंद्र प्रताप शुक्ला द्वारा शासनादेशों की खुलेआम अवहेलना करते हुए उन समितियों पर धान क्रय केंद्र स्थापित कर दिए गए हैं, जहां पहले से ही एफआईआर दर्ज हैं। आश्चर्यजनक रूप से, गबन के आरोपी सचिवों को भी क्रय प्रभारी बना दिया गया है, जिससे किसानों में आक्रोश है। यह घोटाला न केवल किसानों का भरोसा तोड़ रहा है, बल्कि खरीफ विपणन व्यवस्था की नींव को ही हिला रहा है।

जिला के सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार, शासनादेश में साफ तौर पर कहा गया है कि क्रय केंद्रों का संचालन केवल उन नियमित कर्मचारियों से कराया जाए, जिनकी सेवा अवधि कम से कम दो वर्ष शेष हो। लेकिन हकीकत इसके उलट है। कई समितियों में बिना किसी स्थाई कर्मचारी के क्रय केंद्र चला रहे हैं हैं। कुछ ऐसे लोगों को जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिनका कार्यकाल दो वर्ष से कम बचा है, जबकि कुछ सचिव तो कभी समिति के स्थाई सदस्य ही नहीं रहे। 'यह तो खुला लूट का खेल है।'

एक वरिष्ठ नागरिक ने नाम न छापने की शर्त पर कहा किसान संगठनों का आरोप है कि यह सारा घपला ए.आर. कोऑपरेटिव राघवेंद्र शुक्ला की सांठगांठ से रचा गया है। चौंकाने वाली बात यह है कि कई ऐसी समितियां, जहां न तो कोई एफआईआर थी और न ही गबन का कोई आरोप, उन्हें अचानक बंद कर दिया गया। वहीं, दागदार रिकॉर्ड वाली समितियों पर धड़ल्ले से केंद्र खोल दिए गए। आलम यह है कि ईमानदार समितियों के कर्मचारी बेकार बैठे हैं, जबकि आरोपी तत्व मुनाफा कमा रहे हैं।

जिले के किसान इस अन्याय से बेहद नाराज किसान ने कहा, 'हमारी मेहनत की कमाई पर डाका डाला जा रहा है। जब दागी लोगों को ही मौका मिलेगा, तो हम सरकार के पारदर्शिता के दावों पर कैसे भरोसा करें? यह व्यवस्था किसानों को लूटने का जरिया बन चुकी है।' एक अन्य किसान, सुनील कुमार, ने गुस्से में कहा, 'राघवेंद्र शुक्ला जैसे अधिकारी के इशारे पर यह खेल चल रहा हैं। अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो हम सड़कों पर उतरेंगे।'

इस मामले ने आमजन में गहरी हलचल मचा दी है। सोशल मीडिया पर #धान_खरीद केंद्र_घोटाला हैशटैग ट्रेंड कर रहा है, और किसान संगठन जिला प्रशासन से तत्काल जांच की मांग कर रहे हैं। प्रशासन की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन सूत्र बताते हैं कि ऊपर से दबाव बन रहा है। सवाल यह है कि क्या यह घोटाला सिर्फ अम्बेडकरनगर तक सीमित रहेगा, या पूरे प्रदेश की धान खरीद प्रक्रिया पर सवाल खड़े कर देगा? किसानों का संदेश साफ है- ईमानदारी को सम्मान दो, वरना विश्वास का पुल टूट जाएगा।

जिला प्रशासन को अब फैसला लेना होगा- क्या भ्रष्टाचार को पनपने देंगे, या पारदर्शिता के दावों को साकार करेंगे? यह मुद्दा न केवल स्थानीय चुनावों को प्रभावित कर सकता है, बल्कि किसान आंदोलन की नई चिंगारी भी बन सकता है।

# फाजिलनगर में बहनों की जंग ने खेला बड़ा खेल

» छुटभैये नेता की दबंगई पर कस्बा गुस्से में व्यापार मंडल की चुप्पी सवालों के घेरे में

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**फाजिलनगर (कुशीनगर)।** नगर पंचायत फाजिलनगर की दुकान नंबर 3 पर कब्जे की लड़ाई अब सीधी कानून बनाम दबंगई की जंग बन गई है। एक ओर रंजना चौरसिया और उनकी बीमार मां न्याय की गुहार लगा रही हैं, वहीं दूसरी ओर कस्बे में मशहूर एक छुटभैये नेता का नाम गली–गली चर्चा में है। इस छुटभैये , जिसे लोग पुलिसिया नेता जी के नाम से पुकारते हैं, की भूमिका इस पूरे खेल में सबसे अहम मानी जा रही है। बताया जा रहा है कि वह खुद को समाजवादी पार्टी का नेता बताते हैं और बाजार में पुलिस के सह पर अपना दरबार लगाने में माहिर हैं। उनके इशारे पर बड़े से बड़े काम पलक झपकते हो जाते हैं और उनके बेशुमार धन–बल के आगे आम जनता नतमस्तक दिखती है। सवाल यही उठता है कि आखिर किसके इशारे पर रंजना की दुकान में देवरिया से आकर ताला जड़ दिया गया? दुकान में पड़ा हजारों रुपये का कच्चा माल अब सड़ने लगा है, लेकिन किसी को इसकी फिक्र नहीं।

सबसे बड़ी हैरानी इस बात की है कि स्थानीय व्यापार मंडल, जो हर मुद्दे पर आवाज बुलंद करता है, इस मामले में चुप्पी साधे बैठा है। लोगों का कहना है कि व्यापार मंडल को मानो लकवा मार गया है न आवाज, न विरोध। क्या रंजना कस्बे की व्यापारी नहीं हैं? क्या सिर्फ बड़े रसूखदारों का ही बोलबाला रहेगा? अगर यही हाल रहा तो आम व्यापारी का व्यापार मंडल से भरोसा पूरी तरह टूट जाएगा।

अब यह लड़ाई मां–बेटी और बहन की ही नहीं रही, बल्कि राजनीतिक गलियारों तक गूंज चुकी है। स्थानीय विधायक और सांसद ने मामले को संज्ञान में लेते हुए साफ कहा है कि देर है अंधेर नहीं, न्याय जरूर मिलेगा। दोषी चाहे कितना बड़ा नेता क्यों न हो, बख्शा नहीं जाएगा। भाजपा की योगी सरकार में अन्याय को संरक्षण नहीं मिल सकता। दो बहनों की लड़ाई में मां की ममता, आम जनता का दर्द और रसूखदारों की दबंगई ने पूरे कस्बे को हिला दिया है। इस छुटभैये नेता की इस समय कस्बे की सबसे बड़ी चर्चा है। लोग कह रहे हैं कि या तो अब न्याय होगा या फिर कानून पर दबंगई का शिकंजा साबित हो जाएगा।

# बीईओ ने की कार्रवाई, दो अमान्य विद्यालय बंद



» बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ पर संचालकों को मिली चेतावनी

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**तमकुहीराज (कुशीनगर)।** दुदही विकास खंड के दशहवा ग्राम पंचायत के धोबीघटवा में गुरुवार को खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) डा. प्रभातचंद राय ने औचक जांच की। जांच में क्षेत्र के दो निजी विद्यालय बिना मान्यता संचालित पाए गए जिन्हें तत्काल बंद करा दिया गया।

निरीक्षण की शुरुआत अपेक्स माडर्न पब्लिक स्कूल से हुई। यह विद्यालय दिशा एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी (एनजीओ) द्वारा कक्षा एक से आठवीं तक चलाया जा रहा था। बीईओ ने मान्यता संबंधी अभिलेख मांगे लेकिन संचालक कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। ऐसे में विद्यालय को तत्काल बंद कर दिया गया और छात्रों को नजदीकी सरकारी विद्यालय में नामांकित करने का आदेश दिया गया। इसके बाद बीईओ एमजीएम पब्लिक स्कूल पहुंचे। यहां भी विद्यालय बिना मान्यता के पाया गया।

नियमों की अवहेलना पर इस विद्यालय को भी बंद करा दिया गया। बीईओ डा. प्रभातचंद राय ने कहा, "बिना मान्यता के विद्यालय चलाना न सिर्फ कानून का उल्लंघन है, बल्कि यह बच्चों के भविष्य के साथ सीधा खिलवाड़ है। विभाग ऐसी लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगा। यदि दोबारा ऐसे विद्यालय संचालित होते पाए गए तो जुर्माना वसूला जाएगा और कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।"

# पड़रौना में नवरात्र के दौरान नगर की सफाई व प्रकाश व्यवस्था रहेगी चाक चौबंद

## नगरपालिका अध्यक्ष विनय जायसवाल ने पालिका के अधिकारियों–कर्मचारियों को दी हिदायत



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कुशीनगर।** आगामी नवरात्रि पर्व के मद्देनजर आज पड़रौना नगरपालिका कार्यालय में निकाय के अध्यक्ष विनय जायसवाल की अध्यक्षता में सफाई विभाग एवं पथ प्रकाश विभाग के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में श्री जायसवाल ने पर्व के दौरान नगर में होने वाली सफाई व प्रकाश की व्यवस्था समेत विभिन्न नागरिक सुविधाओं की उपलब्धता की स्थिति की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि नवरात्रि के पावन अवसर पर नगरवासियों एवं श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी विभाग पूर्ण समर्पण भाव से कार्य करें।

नगरपालिका अध्यक्ष ने नगर के सभी मार्गों, मंदिरों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों की निरंतर साफ-सफाई किये जाने की जरूरत पर जोर दिया और कहा कि पथ प्रकाश व्यवस्था को पहले ही दुरुस्त कर लियाय जाए। साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु विशेष दल बनाकर निगरानी की जाए। जहां आवश्यकता हो वहां अस्थायी प्रकाश व्यवस्था भी की जाए एवं अतिरिक्त सफाई कर्मी लगाए जाएं। उन्होंने नगरपालिका के अधिकारियों व कर्मचारियों से कहा कि यह लोगों की आस्था व श्रद्धा का पर्व है। इसलिए सभी लोग मिलकर नगर को स्वच्छ, सुंदर और सुरक्षित बनाएं , ताकि श्रद्धालुजन निर्बाध रूप से अपने धार्मिक अनुष्ठान कर सकें। बैठक में अधिशासी अधिकारी संतराम सरोज व सफाई एवं पथ प्रकाश विभाग के सभी अधिकारी - कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एनएचएम कर्मचारी संघ ने नवागत सीएमओ का किया स्वागत



» विभिन्न समस्याओं से संबंधित ज्ञापन भी सौंपा

» 1100 कर्मचारियों का वेतन न मिलने से त्यौहार होगा फीका

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कुशीनगर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ की जिला इकाई के पदाधिकारियों ने संघ के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र पाण्डेय के नेतृत्व में नवागत मुख्य चिकित्साधिकारी डा. चंद्र प्रकाश का माल्यार्पण एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। साथ ही संविदा कर्मचारियों से संबंधित समस्याओं - खासकर त्यौहारी माह में वेतन अब तक न मिलने की अल्प वेतनभोगी कर्मचारियों की पीड़ा से अवगत कराया और संगठन की ओर से उन्हें एक ज्ञापन भी सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया है कि 1100 संविदा कर्मचारियों का त्यौहार फीका न हो, इसलिए यह आवश्यक है कि सितंबर माह के वेतन का वितरण शीघ्र किया जाय। इस पर मुख्य चिकित्साधिकारी ने आश्वासन दिया कि कर्मचारियों की समस्याओ के समाधान होगा। उन्होंने जनपद की रैंकिंग सुधारने के लिए कर्मचारी संगठन से सहयोग की अपेक्षा भी की इस अवसर पर मौजूद रहे अपर मुख्य चिकित्साधिकारी एवं जिला क्षय रोग अधिकारी डॉक्टर एसएन त्रिपाठी ने कर्मचारियों के कार्यों की सराहना कर उत्साह बढ़ाया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी का स्वागत करने वालों में संगठन के मंडल अध्यक्ष चंद्रशेखर यादव लडड्डू, डॉ. वेद प्रकाश तिवारी, जिला उपाध्यक्ष डॉ. मधुसूदन मिश्र, जिला उपाध्यक्ष डॉ. संजय कुमार सिंह, प्रदेश संरक्षक अमित पाण्डेय, महामंत्री राजू यादव, जिला कोषाध्यक्ष विशाल जायसवाल, मंत्री विवेक यादव, संगठन मंत्री संतोष यादव, किरन यादव, अनूप गोंड आदि समेत जिला संयुक्त चिकित्सालय एवं सीएचसी, पीएचसी के दर्जनो संविदा कर्मचारी शामिल रहे।

# छात्रों व वनकर्मियों ने मिलकर की घाट की सफाई

## गंगा–नदी संरक्षण को लेकर जागरूकता का दिया संदेश



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**तमकुहीराज (कुशीनगर)।** सेवरही से सटे बांसी नदी के शिवाघाट पर गुरुवार को नमामि गंगे अभियान के अंतर्गत छात्र-छात्राएं, वन विभाग के कर्मी और स्थानीय लोग एक साथ जुटे और घाट की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। यह अभियान तमकुही वन रेंज के तत्वावधान में रेंजर हरिकेश बहादुर नायक के नेतृत्व में संपन्न हुआ। लीलावती देवी साइंस इंटरमीडिएट कालेज के छात्रदल ने नदी किनारे फैली गंदगी को हटाकर स्वच्छ वातावरण बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों ने स्वच्छता की शपथ भी ग्रहण की।

मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि त्रिभुवन जयसवाल ने कहा कि गंगा और उसकी सहायक नदियाँ हमारी जीवनरेखा हैं, इन्हें प्रदूषण से मुक्त रखना हमारी साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने छात्रों के प्रयासों को प्रेरणादायक बताया। प्रबंधक नंदलाल त्रिपाठी ने कहा कि जब युवा वर्ग सामाजिक दायित्व को समझता है तो समाज में सकारात्मक बदलाव निश्चित रूप से आता है।

रेंजर हरिकेश बहादुर नायक ने कहा कि स्वच्छ जल ही स्वस्थ जीवन का आधार है और इसके लिए प्रत्येक नागरिक को अपनी भूमिका निभानी होगी। उन्होंने कहा कि ऐसे अभियानों में सामूहिक भागीदारी से ही लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

इस मौके पर वन दारोगा नंद राव, धीरेंद्र दीक्षित, वन रक्षक संजय सिंह, इंद्रजीत यादव, चंद्रप्रकाश, त्रिभुवन जयसवाल, नंदलाल त्रिपाठी, हरिकेश बहादुर नायक मौजूद रहे।

### पूर्व मंत्री जंग बहादुर के मुकदमे में गवाह तलब

**सुलतानपुर।** एमपी– एमएलए कोर्ट के जज राकेश ने पूर्व मंत्री जंग बहादुर के मुकदमे में गवाह जगदम्बा सिंह को तलब किया है। प्रदेश सरकार में पूर्व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री और गौरीगंज के विधायक रहे जंग बहादुर सिंह के खिलाफ चल रहे हत्या के मुकदमे में गुरुवार को गवाह नहीं आने से सुनवाई सात अक्टूबर के लिए टल गई। जामो थाना क्षेत्र के गौरा पूरे मतऊ निवासी शिव कुमार ने 17 अप्रैल 2001 को मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें राम विलास मुख्य आरोपी है और पूर्व मंत्री पर साजिश रचने का आरोप है।

### किशोरी के अपहरण का आरोपी दोषी करार

**सुलतानपुर।** नाबालिक किशोरी का दो बार अपहरण कर अपमानित करने के आरोपी राहुल शुक्ल को पॉक्सो कोर्ट के जज नीरज श्रीवास्तव ने दोषी करार देकर गुरुवार को जेल भेज दिया है। संग्रामपुर थाना क्षेत्र के निवासी राहुल शुक्ल पर एक नाबालिग किशोरी का अपहरण करने में साल 2020 में मुकदमा दर्ज हुआ था। बरामदगी के कुछ दिनों बाद 25 जनवरी 2021 को आरोपी ने किशोरी का फिर अपहरण कर लिया। पीड़िता ने बयान में दुराचार का भी आरोप लगाया था जो कोर्ट में साबित नहीं हुआ। दोषी को शनिवार को सजा सुनाई जाएगी।

### कोर्ट के आदेश पर दुराचार केस की जांच जारी

**सुलतानपुर।** धनपतगंज थाना क्षेत्र की एक युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने तथा समझौते के बाद आरोपी की ओर से कई मुकदमे दर्ज कराने के आरोपों की जांच अपर पुलिस अधीक्षक कर रहे हैं। वकील शेख नजर अहमद ने बताया कि सीजेएम नवनीत सिंह ने प्रारम्भिक जांच कर 30 सितम्बर तक रिपोर्ट देने का आदेश दिया है। जांच में पीड़िता दो दिनों से एसपी कार्यालय में अपना पक्ष रख रही है। आरोपी संदीप पर पीड़िता के साथ दुष्कर्म कर अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देने और कई मुकदमे दर्ज कराने का आरोप है।

## एक नजर

### सरयू नदी में तीन लोगों की डूब कर मौत लाश तलाशने में जुटे गोताखोर



**कैसरगंज, बहराइच।** थाना क्षेत्र निवासी अजय पुत्र महादेव निवासी ग्राम ठाकुरपुरवा दाखिल निमदीपुर थाना कैसरगंज उम्र करीब 27 वर्ष जिनकी पत्नी की दसवीं का कार्यक्रम था, उक्त कार्यक्रम में उनके रिश्तेदार मामा के लड़के अंकुर पुत्र दीपू उम्र करीब 18 वर्ष व गोपी पुत्र बड़कऊ उम्र करीब 16-17 वर्ष भी आये थे। अजय कुमार उपरोक्त को नशा करने का आदी बताया जा रहा है। ग्राम निमदीपुर के पास से एक नदी सरयू निकली है जिसमे इस समय काफी जलभराव व बहाव तेज है, जहां उक्त तीनो लोग नदी में छोटी नाव के सहारे घूमने गये थे, जिनका पता नहीं चल पा रहा है। नाव का चप्पू बांस जो नदी में बांस के बंधे के पास मिला लेकिन नाव व तीनो लोगो का पता नहीं चल पा रहा है सूचना मिलने पर पुलिस बल पहुंचकर स्थानीय लोगों व परिजनों एवं गोताखोरों की मदद से तलाश हेतु प्रयास जारी है।

### बांके में आंदोलन के दौरान 300 वाहन जले करीब 70 मिलियन नेपाली का हुआ नुकसान

**रूपईडीहा, बहराइच।** नेपाल में जेन-जेड आंदोलन के दौरान बीते 09 सितंबर को बांके जिले में विभिन्न सरकारी कार्यालयों और स्थानीय स्तर पर आगजनी और तोड़फोड़ के कारण 300 से अधिक वाहन पूरी से जल कर नष्ट हो गए है। विभिन्न कार्यालयों से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, जले हुए वाहनों में से कई मोटरसाइकिल भी थी। नेपालगंज सीमा शुल्क कार्यालय में विभिन्न समय पर सीज किए गए 200 से ज्यादा वाहनों के साथ-साथ जिले के कोहलपुर, नेपालगंज में सरकारी कार्यालयों और स्थानीय स्तर पर रखे 300 से ज्यादा वाहनों को आंदोलन कारियो ने जला दिया था। जिसे नष्ट कर दिया गया। कार्यालय ने बताया कि नेपालगंज सीमा शुल्क कार्यालय में सबसे ज्यादा वाहन जलाए गए। नेपालगंज सीमा शुल्क कार्यालय के प्रमुख जनार्दन पौडेल ने कहा कि नीलामी के लिए रखी गई और कार्यालय के कर्मचारियों की 200 से अधिक कारें, वैन और मोटरसाइकिलें जलकर नष्ट हो गई, और अकेले सीमा शुल्क कार्यालय को 70 मिलियन रुपये से अधिक का नुकसान होने का अनुमान है। इसी तरह, कोहलपुर नगर पालिका के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी मान बहादुर गिरि ने बताया कि एक एम्बुलेंस समेत 15 वाहन पूरी तरह से जलकर नष्ट हो गए। इसी तरह, उच्च न्यायालय की तुलसीपुर नेपालगंज पीठ कार्यालय के सूचना अधिकारी बल बहादुर बिष्ट ने बताया कि कार्यालय में छह वाहनों सहित नौ वाहन जलकर नष्ट हो गए है। इसी प्रकार, बांके जिला प्रशासन कार्यालय, भूमि सुधार और भूमि राजस्व कार्यालय, अंतर्देशीय राजस्व कार्यालय, जिला न्यायालय, सर्वेक्षण कार्यालय, पुलिस कार्यालय जयसपुर, कृषि ज्ञान केंद्र बांके, राजस्व जांच कार्यालय कोहलपुर और क्षेत्र प्रशासन कार्यालय कोहलपुर में अधिकांश वाहन भी नष्ट हो गए हैं। बांके जिला पुलिस कार्यालय के सूचना अधिकारी एवं पुलिस उपाधीक्षक दीपक पातली ने बताया कि अभी तक नुकसान की सही जानकारी नहीं मिल पाई है, क्योंकि वाहनों सहित सभी प्रकार के नुकसान का ब्यौरा एकत्र किया जा रहा है।

### दुर्गा पूजा कमेटियों के साथ एसडीएम व सीओ ने की बैठक



**रुपईडीहा, बहराइच।** आदेश थाना रुपईडीहा में आगामी दुर्गा पूजा पर्व को मनाने के लिए एक शांति कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में एसडीएम नानपारा व सीओ नानपारा के साथ दुर्गा पूजा कमेटी के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। गुरवार की दोपहर 1 बजे सम्पूर्ण थाना क्षेत्र की दुर्गा प्रतिमा कमेटियों की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मोनालिसा जौहरी उपजिलाधिकारी नानपारा ने की। पुलिस क्षेत्राधिकारी नानपारा प्रद्युम्न सिंह, प्रभारी निरीक्षक रुपईडीहा रमेश सिंह रावत भी मौजूद रहे। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि थाना क्षेत्र में 1 से 76 प्रतिमाएं है, 9 स्थानों पर दशहरा तथा 7 स्थानों पर रावण दहन सुनिश्चित है। बैठक का संचालन डॉ सनत कुमार शर्मा ने किया। जमुनहा गांव से रुपईडीहा को जोड़ने वाली सड़क के बारे में सभासद नरेंद्र मदेशिया ने कहा कि सड़क अपूर्ण है। गांव से प्रतिमाएं नही निकल पाएंगी। ईओ राम बदन यादव ने कहा कि उसके पूर्व ही उसे बनवा दिया जाएगा। उपजिलाधिकारी ने मूर्ति विसर्जन के समय सतर्कता संबंधी निर्देश भी दिए।

### प्रशासनिक लापरवाही से उजड़ रही उतरौला तहसील की ऐतिहासिक धरोहर

**उतरौला (बलरामपुर)।** कभी उतरौला तहसील की पहचान रहा मुख्य द्वार आज अतिक्रमण, गंदगी और प्रशासनिक उपेक्षा का प्रतीक बन गया है। जिस रास्ते से कभी सैकड़ों लोग रोज़ाना तहसील परिसर में बिना रुकावट प्रवेश करते थे, वहां अब कचरे के ढेर, टूटी रेलिंग और जंगली झाड़-झंखाड़ नजर आते हैं। स्थानीय बुजुर्ग बताते हैं कि निर्माण काल में यह गेट इतना चौड़ा था कि दो वाहन एक साथ निकल सकते थे। आज स्थिति यह है कि गेट जर्जर दीवारों और काई से ढका पड़ा है। गेट के चारों ओर अवैध कब्जा फैल चुका है और भीतर विशाल पेड़ की डालियां रास्ता रोक रही हैं। नीचे प्लास्टिक, टूटी ईंटें और मलबे का अंबार माहौल को और बदतर बना रहा है। वर्तमान में तहसील में प्रवेश के लिए जो वैकल्पिक द्वार उपयोग में है, वह न सिर्फ अत्यधिक संकरा है बल्कि रोजाना भारी भीड़ का सामना करता है। वकील, फरियादी और दस्तावेज़ी काम से आने वाले लोग लगातार जाम की समस्या से परेशान हैं। कई बार वाहनों के टकराव और आपसी विवाद की नौबत तक आ चुकी है। नगरवासियों का कहना है कि यदि पुराने मुख्य द्वार को पुन: खोला और व्यवस्थित कर दिया जाए तो न केवल जाम की समस्या कम होगी, बल्कि तहसील की गरिमा भी लौट आएगी।

# मरीज़ों एवं तीमारदारों को किसी प्रकार की असुविधा न हो : केशव प्रसाद मौर्य

## योजनाओं के क्रियान्वयन में नवाचार को दे बढ़ावा

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बहराइच।** उप मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश श्री केशव प्रसाद मौर्य ने जनपद भ्रमण के दौरान कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय समस्त विभागों के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान निर्देश दिया कि तहसील स्तर पर एसडीएम, सीओ व विद्युत विभाग के अधिकारी प्रत्येक माह जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में बैठक आयोजित कर स्थानीय समस्याओं का समाधान करायें।

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान उप मुख्यमंत्री द्वारा सीएमओ को निर्देश दिये गये कि अभियान चलाकर समस्त सीएचसी व पीएचसी व स्वास्थ्य केन्द्रों पर स्वच्छता अभियान संचालित किया जाय। स्वच्छता के प्रति लापरवाह अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाये साथ ही मासिक रूप से सभी कार्यालयों में एक दिन स्वच्छता अभियान संचालित किया जाये जिसमें सभी अधिकारी व कर्मचारी शामिल हों। उप मुख्यमंत्री ने डीएम को निर्देश दिया कि बैठक से अनुपस्थित रहने वाले जिम्मेदार अधिकारियों का एक दिन का वेतन बाधित किये जाने की कार्यवाही की जाये।

आयुष्मान कार्ड की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये गये कि सभी कार्डधारकों को मानक के अनुसार चिकित्सा सुविधा भी उपलब्ध करायी जाय। उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य ने निर्देश दिया कि मेडिकल कालेज में मानक के अनुसार सभी संसाधन मुहैय्या कराये जाएं ताकि मेडिकल कालेज आने वाले मरीज़ों एवं तीमारदारों को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाये। बिजली आपूर्ति की समीक्षा के दौरान विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि स्थानीय फाल्ट व ट्रांसफार्मर की मरम्मत इत्यादि का कार्य समय से पूर्ण करते हुए शासन द्वारा निर्धारित रोस्टर के अनुसार आपूर्ति सुनिश्चित की जाय। निर्धारित रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति में यदि किसी प्रकार की समस्या हो तो जनप्रतिनिधियों के संज्ञान में लाते हुए उनका सहयोग भी प्राप्त किया जाय। विद्युत विभाग को निर्देश दिया गया कि जो भी कार्य कराये जायें उसमें मानक व गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाय।

लाईन लास को कम करने के लिए अभियान संचालित करें तथा आमजन के फोन को अनिवार्य रूप से उठाया जाय। उन्होंने चिकित्सालय के निकट स्थापित बिलिंग काउण्टर तथा पानी टंकी चौराहा के निकट स्थापित ट्रांसफार्मर को शिफ्ट करने के लिए बिजनेस प्लान में शामिल करने के निर्देश दिये गये।

वन्य जीव प्रभावित क्षेत्रों में चौबिसो घण्टे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाय। कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान डीएम को निर्देश दिया कि अभियान संचालित कर बकाया वरासत की कार्यवाही की जाय ताकि आश्रितों को पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ प्राप्त करने में असुविधा न हो।

## जेएम हॉस्पिटल रेहरा बाजार में एडिशनल सीएमओ का औचक निरीक्षण

» अल्ट्रासाउंड मशीन सील, नियम उल्लंघन पर अस्पताल को नोटिस

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**रेहरा बाजार/बलरामपुर।** जेएम हॉस्पिटल, रेहरा बाजार में बुधवार को एडिशनल सीएमओ एस.के. श्रीवास्तव ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल की व्यवस्थाओं में कई अनियमितताएं उजागर हुईं।

निरीक्षण में पाया गया कि अल्ट्रासाउंड मशीन नियमों के विपरीत संचालित की जा रही थी। तत्काल कार्रवाई करते हुए मशीन को सील कर दिया गया। इसके अलावा अस्पताल में साफ-सफाई की कमी, मरीजों के लिए मूलभूत सुविधाओं का अभाव तथा निर्धारित चिकित्सीय सेवाओं का पालन न होने जैसी गंभीर खामियां सामने आईं। एडिशनल सीएमओ श्रीवास्तव ने बताया कि मानक पूरा न होने और चिकित्सा व्यवस्था संतोषजनक न मिलने पर अस्पताल प्रशासन को नोटिस जारी किया गया है। साथ ही, नोटिस की अवधि तक अस्पताल बंद रखने का आदेश दिया गया था, लेकिन निरीक्षण के दौरान आदेश के बावजूद अस्पताल खुला पाया गया। निरीक्षण और कार्रवाई की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में चर्चा तेज हो गई। **स्थानीय निवासी राधेश्याम ने कहा** – "सरकार को ऐसे अस्पतालों पर सख्ती करनी चाहिए, जहां मरीजों की जान से खिलवाड़ हो रहा है।"

**वहीं, व्यापारी विजय ने कहा** – "अस्पताल प्रबंधन को मरीजों की सुविधा को प्राथमिकता देनी चाहिए, न कि सिर्फ मुनाफे पर ध्यान देना।"

इस कार्रवाई के बाद इलाके के अन्य निजी स्वास्थ्य संस्थानों में भी हड़कंप मच गया है।

## धूमधाम से मनाया गया भारत के प्रधानमंत्री का जन्मदिन



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कैसरगंज,बहराइच।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। मोदी ने की दुनिया में भारत का नाम रोशन करने में अहम भूमिका निभाई है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अभी हाल ही में पाकिस्तान से हुई लड़ाई में बहुत भयंकर मुंह तोड़ जवाब दिया। जिससे पाकिस्तान के छक्के छूट गए। इसलिए हमारे भारत देश को ऐसे महान सुपुत्र की जरूरत है।

जो भारत देश को बहुत ऊंची शिखर पर ले जाए। ताकि पूरे दुनिया में नाम रोशन हो सके। प्रधानमंत्री के जन्मदिन के मौके पर समुदाय स्वास्थ्य केंद्र कैसरगंज में बदलू राम मिश्रा सामाजिक कार्यकर्ता ने मरीजों को फल वितरित कर मोदी का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस मौके पर बृजेश सिंह राठौड़ समाजसेवी एवं पत्रकार कैसरगंज बबलू राम मिश्रा विकास वर्मा अश्विनी कुमार एवं बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## युवा शक्ति को राष्ट्रसेवा की प्रेरणा दे रही है मोदी की जीवन यात्रा

### मोदी के जीवन संघर्ष और सेवाभाव की प्रदर्शनी का विधायक प्रेम नारायण पाण्डेय ने किया शुभारंभ

» गोंडा में 15 दिवसीय भव्य प्रदर्शनी, 2 अक्टूबर तक आमजन कर सकेंगे नि:शुल्क अवलोकन



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**गोंडा।** सूचना विभाग की ओर से गांधी पार्क के बगल में स्थापित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित 15 दिवसीय भव्य चित्र प्रदर्शनी का तरबगंज के विधायक प्रेम नारायण पाण्डेय एवं लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज की प्रबंध समिति की उपाध्यक्ष वर्षा सिंह ने उद्घाटन कर शुभारंभ किया। प्रदर्शनी के शुभारंभ के पश्चात उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इस मौके पर भाजपा के कई पदाधिकारी कार्यकर्ता व आमजन मौजूद रहे।

अवलोकन करने के बाद तरबगंज विधायक प्रेम नारायण पाण्डेय ने मीडिया से बात करते हुये बताया कि प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री के जीवन के बाल्यकाल से लेकर अब तक के विभिन्न आयामों, जनसेवा की यात्रा, राष्ट्रनिर्माण के संकल्प, सांस्कृतिक विरासत एवं संस्कृति के पुनरोद्धार के साथ ही उनके नेतृत्व में देश व प्रदेश भर में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावशाली ढंग से प्रदर्शित किया गया है। हमारे प्रधानमंत्री का जीवन संघर्ष, राष्ट्रसेवा और अनुशासन सभी के लिए अनुकरणीय है। प्रधानमंत्री की जीवन यात्रा किसी सपने से कम नहीं है, युवा शक्ति उससे प्रेरित होकर राष्ट्र सेवा में अपना सक्रिय योगदान दे सकती है। प्रधानमंत्री जी ने हमारे देश का मान-सम्मान बढ़ाया है। प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से ही पूरे प्रदेश व गोंडा का विकास हुआ है जहां पहले के समय में गोंडा बिजली पानी व सड़क से वंचित था वहीं अब बेहतरीन सड़के व 24 घंटे लाइट और पानी की व्यवस्था हुई है, जिससे गोंडा वासी काफी खुश है। उन्होंने प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की सराहना करते हुए कहा कि आपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान में पल रहे आतंकवादियों का खात्मा हो गया है और इससे हमारे देश का गौरव बढ़ा है।

उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वह अपने व्यस्त जीवन से कुछ समय निकालकर शहर के बीचो-बीच बने गांधी पार्क के बगल में 02 अक्टूबर तक स्थापित चित्र प्रदर्शनी का निःशुल्क अवलोकन अवश्य करें और अपने लोकप्रिय प्रधानमंत्री के अनछुए पहलुओं को जानें। इस मौके पर भाजपा के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष, भाजपा के जिला महामंत्री, भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष सहित कई पदाधिकारी, कार्यकर्ता हुआ आमजन मौजूद रहे।

## स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**पयागपुर,बहराइच।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पयागपुर से 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान' का शुभारंभ हुआ, जिसमें कुल 205 लाभार्थियों का पंजीकरण किया गया। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि समय प्रसाद मिश्रा व विशिष्ट अतिथि पयागपुर विधायक प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को सभी ने लाइव सुना और उनका जन्मदिवस को भी मनाया गया।

कार्यक्रम के दौरान 5 क्षय रोगियों को पोषण किट वितरण कर गोद लिया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 6 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई व 6 बच्चों का अन्नप्रासन कराया गया। इसके साथ ही 6 लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड का वितरण भी किया गया। निशंक त्रिपाठी व समय प्रसाद मिश्रा द्वारा सीएचसी पयागपुर में भर्ती 22 मरीजों को फल का वितरण किया गया। प्रधानमंत्री जी के जन्मदिवस के अवसर पर केक काटकर उत्सव मनाया गया। चिकित्सा शिविर की घोषणा सीएचसी पयागपुर के अधीक्षक डॉ धीरेंद्र तिवारी ने अपने संबोधन में बताया कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक प्रतिदिन सीएचसी, पीएचसी व सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर यह सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। इस दौरान नियमित चिकित्सा शिविर का आयोजन होगा। इस अवसर पर निशंक त्रिपाठी जी ने कहा की यह अभियान महिलाओं के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देने वाली समग्र प्रक्रियाओं को मजबूत करने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा स्थापित किया गया है उपयोगकर्ता कल्याणकारी योजनाओं, कार्यक्रमों, मिशन टीम, अनुसंधान अध्ययन के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन बीपीएम पयागपुर अनुपम शुक्ल ने किया। विशिष्ट अतिथि निशंक त्रिपाठी, मुख्य अतिथि समय प्रसाद मिश्रा ,भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रमोद पांडेय, सीडीपीओ पयागपुर विमला के साथ डॉ शरद भारती, डॉ अरुण मौर्य, डॉ पल्लवी सिंह सहित अनुराग पाठक, हिमांशु मिश्रा, ठाकुर प्रसाद यादव, विनय वर्मा, प्रखर सिंह, नीरज सिंह, बबलू रावत, बिरला पंडित, पवन शुक्ला, आशुतोष सिंह, कुंज बिहारी शर्मा, रोहित मिश्रा, पवन कुमार, अनिल राठौर सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे। यह अभियान स्वास्थ्य सेवाओं को जनता तक पहुंचाने और महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## लूट की धमकी वाली दूसरी नोटिस मिली

» पुलिस ने बढ़ाई गश्त, शरारती तत्वों की तलाश तेज

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बहराइच।** जिले के रूपईडीहा थाना क्षेत्र में लूट की धमकी वाली दो नोटिस मिलने से हड़कंप मच गया है। रुपईडीहा थाना क्षेत्र के बाबागंज और सरैया गांवों में बिजली के खंभों पर ये नोटिस चिपकाई गई हैं। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए गश्त बढ़ा दी है और शरारती तत्वों की तलाश शुरू कर दी है।

पहली नोटिस बाबागंज के महानंदपुरवा गांव में मिली। इसमें लिखा था कि 16 सितंबर 2025 को रात 2:05 से 3:00 बजे के बीच गांव में डाका पड़ेगा। धमकी में यह भी कहा गया था कि जितनी पहरेदारी की जाएगी, उतना ही लूटा जाएगा। इसी तरह की दूसरी नोटिस बाबागंज चौकी क्षेत्र के सोरहिया गांव में भी पाई गई। इस नोटिस में गांव के उन 27 लोगों का स्पष्ट रूप से उल्लेख था जो पहरेदारी में जुटे हैं। इस जानकारी के आधार पर पुलिस को आशंका है कि यह किसी अंदरूनी शरारती तत्व का काम हो सकता है। ग्रामीण रमेश और राजेंद्र मिश्रा ने बताया कि इन नोटिसों के बाद से गांव के लोग दहशत में हैं। पिछले दो दिनों से ग्रामीण रात भर जागकर पहरा दे रहे हैं, जिससे क्षेत्र में तनाव का माहौल है। सूचना मिलते ही बाबागंज चौकी इंचार्ज दीपक सिंह ने तत्काल कार्रवाई की। पुलिस बल और पीएसी के साथ गांव में गश्त शुरू कर दी गई है। चौकी इंचार्ज के अनुसार, यह किसी अराजक तत्व की शरारत है और नोटिस में पहरेदारों की संख्या का उल्लेख यह दर्शाता है कि यह गांव के ही किसी व्यक्ति का काम हो सकता है। पुलिस ने शरारती तत्वों को चिन्हित करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। नाकों पर जवानों को तैनात किया गया है।

## तुलसीपुर सीएचसी में आयोजित विशेष चिकित्सा शिविर का निरीक्षण

» महिलाओं को मिली विशेषज्ञ परामर्श और उपचार

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बलरामपुर।** प्रधानमंत्री सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत संचालित "स्वास्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान" के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तुलसीपुर में आयोजित विशेष चिकित्सा शिविर का मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने शिविर में पहुंची महिलाओं से संवाद किया और उन्हें उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सकों व स्वास्थ्यकर्मियों को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक महिलाओं को शिविर का लाभ सुनिश्चित कराया जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो।

इस अवसर पर अधीक्षक सीएचसी तुलसीपुर डॉ. विकल्प मिश्रा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक शिवेंद्र मणि त्रिपाठी, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा, जिला मलेरिया अधिकारी राजेश पाण्डेय, जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता विनोद त्रिपाठी सहित स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक व कर्मी मौजूद रहे।

सीएमओ ने कहा कि "स्वास्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान" महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का सशक्त प्रयास है। उन्होंने कहा कि महिला के स्वस्थ रहने से परिवार और समाज दोनों सशक्त बनते हैं। इसी सोच के तहत शिविरों में महिलाओं की जांच, उपचार और परामर्श प्रदान किए जा रहे हैं। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने शिविर में आई महिलाओं की जांच कर उन्हें आवश्यक दवाएं और परामर्श दिए।

## कृषि विभाग की ओर से नि :शुल्क बीज वितरण की व्यवस्था

**रेहरा बाजार/बलरामपुर।** शासन के निर्देशानुसार दलहनी व तिलहनी फसलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कृषि विभाग की ओर से निःशुल्क बीज वितरण की व्यवस्था की गई है। इसके लिए कृषि रक्षा इकाई रेहरा बाजार में मिनीकिट उपलब्ध करा दिए गए हैं।

एडीओ (एजी) रणधीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि तोरिया के 60 किट, राई/सरसों के 725 किट, चना के 6 किट, मटर के 22 किट तथा मसूर के 210 किट किसानों के लिए रखे गए हैं। इच्छुक किसान भाई 25 सितम्बर तक ऑनलाइन पंजीकरण अवश्य कर लें।

उन्होंने बताया कि यदि पंजीकृत किसानों की संख्या उपलब्ध किट से अधिक हो जाती है, तो बीज का वितरण लॉटरी पद्धति से किया जाएगा। कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि इस योजना का लाभ उठाकर फसलों का उत्पादन बढ़ाने में सहयोग करें।

## अभियोजन कार्यों की बैठक में दिए सख्त निर्देश

### अधिक से अधिक दोषियों को दिलायें सजा : डीएम

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**गोण्डा।** जिला पंचायत सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में अभियोजन कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियोजन से जुड़े अधिकारियों एवं न्यायालय में कार्यरत सहायक अभियोजन अधिकारियों और अधिवक्ताओं ने प्रतिभाग किया।

जिलाधिकारी ने अभियोजन कार्यों की प्रगति, लंबित मामलों की स्थिति, गवाहों की उपलब्धता, अभियुक्तों की उपस्थिति तथा न्यायालयों में की जा रही पैरवी की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने और समाज में अपराध के प्रति डर बनाए रखने के लिए यह आवश्यक है कि दोषियों को समयबद्ध और प्रभावी तरीके से सजा दिलाई जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि अभियोजन कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। सभी सहायक अभियोजन अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक मामले में समय से साक्ष्य न्यायालय में प्रस्तुत हों और गवाहों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अभियोजन अधिकारियों और पुलिस विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए ताकि अभियोजन की सफलता दर में वृद्धि हो। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने उन मामलों पर विशेष ध्यान देने को कहा जिनमें गंभीर अपराधों के आरोप लगे हैं और जिनका समाज पर व्यापक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में तेजी से कार्रवाई कर दोषियों को कड़ी सजा दिलाने के प्रयास किए जाएं ताकि समाज में कानून का भय बना रहे।

उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि अपराधियों को कानून के शिकंजे में लाकर उन्हें सजा दिलाई जाए, ताकि आमजन का न्याय प्रणाली पर विश्वास मजबूत हो। जिलाधिकारी ने सभी को यह भी निर्देशित किया कि अगले माह की समीक्षा बैठक में ठोस प्रगति के साथ उपस्थित हों। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी एवं पश्चिमी, पुलिस क्षेत्राधिकारी करनैलगंज, उपजिलाधिकारी गोण्डा सदर, करनैलगंज, मनकापुर तथा तरबगंज, ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी, सहायक अभियोजन अधिकारीगण, अन्य न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे।

## बाबू शिवदयाल चौरसिया की मनाई गई पुण्यतिथि



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**गोंडा।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव व प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल के निर्देश पर गुरुवार को समाजवादी पार्टी कार्यलय पर बाबू शिव दयाल चौरसिया की पुण्य तिथि गोष्ठी आयोजित कर समाजवादी कार्य कर्ताओ ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अरशद हुसैन ने की।

समाजवादी पार्टी कार्यलय के परिसर मे उनके समाजिक जीवन जो शोसित वंचित दलितो पिछड़ों के लिए उनका जो संघर्ष रहा उसको याद किया गया और उनके बातये रास्तो पर चलने के लिए कार्यकर्ताओ को बीच उनके विचार साझा किया गया। इस मौके पर विनोद श्रीवास्तव, हाजी जकी,प्रमोद पांडे, शिव समपत सिंह, जावेद मंटू, अफजल खान, राजेश मिश्रा, युसुफ अंसारी, साहिद खान, रवि यादव, नंद कुमार प्रजापति, फ़रहान सिद्दीकी, धीरेंद्र बरवार, सोमनाथ तिवारी, मुंसिलाल, कमाल अहमद, हीरा लाल बृजेश यादव, सहित सैकड़ो कार्य कर्ता साथी उपस्थित रहे।

**बैठक** | दूर्गा पूजा एवं अन्य त्यौहारों को लेकर डीएम व एसपी ने की सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक

# त्यौहारों के दृष्टिगत रहेगी पुलिस, प्रशासन की पैनी नजर

» सोशल मीडिया एवं फर्जी अफवाह फैलाने वालों पर रहेगी पैनी नजर



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**गोण्डा।** आगामी आयोजित होने वाले दूर्गा पूजा एवं अन्य त्योहारों को लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी है। जहां लोग त्योहार को लेकर उत्साहित हैं। वहीं पुलिस और प्रशासन ने भी कमर कस ली है। इसी के तहत त्योहार पर शांति व्यवस्था व आपसी सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से बृहस्पतिवार को जिला पंचायत सभागार में सेंट्रल पीस कमेटी की मीटिंग की गई। बैठक जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल, अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी एवं पूर्वी तथा समस्त उपजिलाधिकारीगण एवं पुलिस क्षेत्राधिकारीगण व सभी थानाध्यक्षगण, सभी धर्मों के धर्मगुरू और संभ्रांत नागरिकगण मौजूद रहे।

**हर पंडाल पर मौजूद रहेगा वॉलिंटियर :** अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार रावत ने कमेटी के लोगों से अपील करते हुए कहा है कि जितने भी दुर्गा पंडाल स्थापित हो उसमें एक वॉलिंटियर तैनात किया जाए इसके अलावा प्रतिमा रखने वाली कमेटी के सदस्यों का नाम उनका मोबाइल नंबर पंडाल के भीतर चश्पा किया जाए ताकि जरूरत पड़ने पर उनसे आसानी से संपर्क किया जा सके उन्होंने कहा कि आगामी नवरात्रि दशहरा दुर्गा पूजा दीपावली त्यौहार को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के विशेष इंतजाम किए गए हैं उन्होंने शहर के व्यापारियों से अपील करते हुए कहा है कि प्रतिष्ठानों में लगाए गए सीसीटीवी कैमरे का रुख ताले के साथ ही सड़क की ओर भी रखे।

### हर पंडाल पर पानी और बालू के ड्रम का रखे इंतजाम: डीएम

जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने प्रतिमा स्थापित करने वाले सभी दुर्गा पूजा पंडाल मे एक पानी और एक बालू का ड्रम अवश्य रखें क्योंकि पंडाल मे आरती और विद्युत शार्ट सर्किट से आग लगने का खतरा बना रहता है सुरक्षा की दृष्टि से बालू और पानी का ड्रम अवश्य रखें उन्होंने मीटिंग में आए हुए दुर्गा समिति के लोगों से अपील करते हुए कहा त्योहार को परंपरागत तरीके से मनाएं नई परंपरा की किसी भी प्रकार की अनुमति नहीं दी जाएगी उन्होंने साफ सफाई के लिए पंडाल के आसपास कमेटी के लोगों से अलग से कूड़ा दान रखने की भी अपील की।

### मानक के अनुरूप रहेगी मूर्ति की हाइट डीजे का साइज: एसपी

पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने दो टूक शब्दों में कहा है दुर्गा प्रतिमा की हाइट और डीजे का साइज शासन की ओर से जारी की गई गाइडलाइन के अनुसार होगा। उन्होंने कहा कि मूर्ति की अधिक हाइट होने की वजह से जनहानि होने का खतरा बना रहता है। प्रतिमा लाने और ले जाने के दौरान विद्युत स्पर्श घात से दुर्घटना होने की पूरी संभावना बनी रहती है, इसको ध्यान में रखते हुए मानक के अनुसार प्रतिमा की साइज निर्धारित करें। डीजे बजाने का भी मानक तय कर लिया गया है मानक के अनुसार ही डीजे का उपयोग उन्होंने कमेटी के लोगों से अपील करते हुए जुलूस के दौरान शराब पीने वाले शरारती तत्वों पर विशेष निगरानी रखें। ऐसे लोगों से शांति भंग होने का खतरा बना रहता है।

## एक नजर

### विशाल कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन सपा लोहिया वाहिनी के जितेंद्र कुमार गुप्ता ने किया



**जमालपुर (मिर्जापुर)।** विकासखंड क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा मदना राम जानकी मंदिर के प्रांगण में विशाल कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका सपा लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव जितेंद्र कुमार गुप्ता जी ने फिता काटकर उद्घाटन किया। जिसमें उद्घाटन मैच बी.डी. अहरौरा बनाम आई. सी. एम. के बीच हुई। अध्यक्ष रामनारायण पटेल, उपाध्यक्ष संजय पटेल, कमलेश आशिष गुप्ता, अनुराग चौबे, फिरोज अली, कुलदीप पटेल, शाकाबाई, महेंद्र, सुरेश, जयसिंह, सहित कमेटी के लोग व्यवस्था में लगे रहे।

### धर्म सभा रामलीला समिति के अध्यक्ष रजनीश मिश्रा मनोनीत

**अहरौरा (मिर्जापुर)।** अति प्राचीन धर्म सभा की बैठक सोमवार की शाम स्व.जयशंकर प्रसाद के आढ़त पर हुई जिसमें नगर के अति प्राचीन रामलीला के आयोजन पर विचार विमर्श के बाद सर्वसम्मति से सार्वजनिक घोषणा में रजनीश मिश्रा को रामलीला समिति का अध्यक्ष निर्विरोध मनोनीत किया गया बैठक के दौरान राजेश जायसवाल को महामंत्री तथा गोपाल सोनकर को उपाध्यक्ष विकास केसरी को मंत्री मनोनीत किया गया कार्य समिति के सदस्यों में सुभाष सोनकर को भी शामिल कर लिया गया पूर्व की भांति संरक्षक शुभेंद्र जायसवाल तथा अशोक जायसवाल यथावत बने रहेंगे सुजीत जायसवाल केसरी को व्यवस्थापक बनाया गया है। धर्म सभा रामलीला समिति की कार्य योजना के अनुसार रामलीला का मंचन किया जाएगा जिसकी घोषणा से शीघ्र ही कर दी जाएगी। रामलीला समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रजनीश मिश्रा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति परंपरागत भगवान राम की लीला का मंचन कराने के लिए बड़े पैमाने पर तैयारी कर ली गई है आस्था वालों की भीड़ तथा रामलीला के कुशल संचालन के लिए कार्यक्रम की रूपरेखा बैठक में बना ली गई है सुविधाओं का विशेष ख्याल रखा गया है। लीला का मंचन करने के लिए बाहरी कलाकारों की मोहक छवि लीला प्रेमियों में अमिट छाप छोड़ेगी।

### महिला महाविद्यालय में प्लेसमेंट शिविर आज

**फतेहपुर।** जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि कल (आज) प्रातः ग्यारह बजे स्व. जगन्नाथ पटेल मेवालाल पटेल महिला महाविद्यालय रसूलपुर बहुआ में प्लेसमेंट शिविर का आयोजन किया जाएगा। प्लेसमेंट शिविर में प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थी रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीयन होना अनिवार्य है। शिविर में ब्लिंकिट सेटर गोवा मुंबई द्वारा हाईस्कूल, इंटर, स्नातक उत्तीर्ण 18 से 35 वर्ष के पुरूष अभ्यर्थियों का वेतनमान 17000 रूपए व अन्य सुविधाएं सारा सिक्योर सोल्यू द्वारा हाईस्कूल, इंटर, आईटी आई उत्तीण, 18 से 25 वर्ष के पुरूष, महिला अभ्यर्थियों का वेतनमान 17000 रूपए पुखराज हेल्थकयर कानपुर द्वारा हाईस्कूल उत्तीर्ण 18 से 26 वर्ष के पुरूष अभ्यर्थियों का वेतनमान 10000 रूपए व अन्य भत्ते प्रतिमाह, फाइनेन्सियल एडवाइजर सर्विसेज कानपुर द्वारा पीएनबी मेट लाइफ हेतु इंटर उत्तीण 18 से 45 वर्ष के पुरुष, महिला अभ्यर्थियों का वेतनमान रु.8500 एवं भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा बीमा सखी हेतु हाईस्कूल उत्तीण, 18 से 45 वर्ष के महिला माह 9000 के लिये चयन सम्बन्धी कार्यवाही की जायेगी। इच्छुक अभ्यर्थी अधिक जानकारी कार्यालय के दूरभाष संख्या 05180-298602 पर प्राप्त कर सकते है। उन्होने बताया कि कार्यालय की ओर से 20 सितंबर को प्रातः 11 बजे से कार्यालय परिसर में भी प्लेसमेन्ट शिविर का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है।

### एआईएमआईएम प्रदेश अध्यक्ष को धमकियां कार्यकर्ता नाखुश



**फतेहपुर।** आल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल-मुसलेमीन के प्रदेश अध्यक्ष हाजी शौकत अली को वीडियो जारी करके दी जा रही जान-माल की धमकियों पर कार्यकर्ताओं में नाराजगी देखने को मिली। जिला इकाई के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर राज्यपाल को ज्ञापन भेजकर एआईएमआईएम प्रदेश अध्यक्ष को वाई श्रेणी की सुरक्षा प्रदान करने की मांग की। एआईएमआईएम के अध्यक्ष मोहीउद्दीन फारूकी एडवोकट व यूथ जिलाध्यक्ष कासिम सिद्दीकी की अगुवाई में पदाधिकारी कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली को मिल रही धमकियों को लेकर प्रदर्शन किया तत्पश्चात जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को भेजे गए ज्ञापन में कहा गया कि सोहेल देव भारतीय समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हाजी शौकत अली को वीडियो के जरिए सोशल मीडिया प्रभारी चंदन राजभर गोली मारने की धमकी दे रहा है। राकेश ने गोली मारने वाले को 5111 रूपए इनाम देने की बात कही है। प्रदीप राय व अक्षय भारद्वाज गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दे रहे है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि संविधान व कानून व्यवस्था की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं। मांग किया कि ऐसे लोगों पर तत्काल एफआईआर दर्ज करके जेल भेजा जाए, हाजी शौकत अली को वाई श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की जाए। इस मौके पर अरबाज, जैनुल आब्दीन, फैजान उद्दीन, आमिर अली, मो0 हसीन, मो. जावेद, मो. हसीब, फरहान, भिक्खू, आफताब, मोहिब, कासिम सिद्दीकी, आफताब आरिश, अरशद, साजिद, फारूक, मो. वसीम, इरशाद आदि मौजूद रहे।

### फांसी लगाकर महिला ने दी जान

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला अमरजई में बुधवार की शाम मानसिक तनाव के चलते 50 वर्षीय अधेड़ महिला ने घर के अन्दर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार अमरजई मोहल्ला निवासी स्व0 प्रहलाद की पत्नी गीता देवी ने घर के अन्दर बुधवार शाम लगभग 6 बजे पंखे में दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पाकर मौके में पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन ग्रह भेज दिया। वहीं पोस्टमार्टम हाउस में मृतका के पुत्र पंकज ने बताया कि घर का काम से बाहर गया था। घर पर मां व छोटी बहन आंचल थी तभी मां ने घटना को अंजाम दिया है।

### ब्लॉक प्रमुख ने दूसरे दिन दंगल का किया शुभारंभ

**खागा, फतेहपुर।** तहसील क्षेत्र के प्रेमनगर कस्बे में दो दिवसीय मेले व दंगल के आयोजन में ऐराया ब्लॉक प्रमुख एवं भाजपा नेता अनुज प्रताप सिंह ने अपने समर्थकों के साथ पहुंचकर मेले और दंगल का फीता काटकर शुभारम्भ किया। प्रेमनगर कस्बा के ऐतिहासिक मेले के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख अनुज प्रताप सिंह ने मेले के मुख्य द्वार का फीता काटकर शुभारम्भ किया और उसके बाद मेले का आनंद लेते हुए दंगल पर पहुंचकर पहलवानों की जोड़ी को हाथ मिलाकर इक्कीस सौ रूपये का इनाम देकर कुश्ती की शुरुआत कराई, मेला कमेटी को भी इक्कीस हजार रुपए का सहयोग प्रदान किया। वहीं समाजसेवी ऋषी जनसेवक ने भी पहलवानों के हाथ मिलवाकर विजय हुए पहलवानों को इनाम दिया। मेले में भी सहयोग किया। बच्चों ने भी रंग बिरंगे खिलौनो की खूब खरीदारी किया। महिलाएं भी खरीदारी में कहीं पीछे नजर नहीं आई। दंगल प्रभारी भूपेंद्र सिंह उर्फ मुन्ना सिंह व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रेमनगर ने बताया कि दंगल में बाँदा, चित्रकूट, औरैया, अयोध्या, प्रयागराज, प्रतापगढ़, सम्भल, फतेहपुर, कौशाम्बी, बनारस, दिल्ली, हरियाणा सहित अन्य स्थानों से लगभग एक दर्जन जनपद से ज्यादा पहलवानों ने आकर अपनी कला का प्रदर्शित किया तो वहीं उन्हें कला और दांव पेंच दिखाने के लिए उत्साहवर्धन हेतु तीन हजार से पांच हजार रुपए तक पुरस्कृत भी किया गया। अयोध्या से आये बजरंगी बाबा पहलवान ने उमेश बनारस को पराजित किया और निसार अहमद लेदरही कौशाम्बी ने श्रीराम औरैया को पटकनी खिलाई। महिला पहलवानो में राखी प्रयागराज ने संध्या प्रतापगढ़ को हराकर विजई प्राप्त किया। दंगल की सबसे महंगी कुश्ती संजय फरीदाबाद और भीम सम्भल के बीच हुई। दर्शकों का मनमोहक और रोमांचक कुश्ती चंदू गोरखपुर और रामशंकर प्रिंसी बाँदा के बीच हुई। रानी गोंडा और राखी प्रयागराज की भी कुश्ती अपने अपने किसी के कम नहीं रही जिसमे राखी को रानी ने पटकनी खिलाकर जीत हासिल किया और अंकित झाँसी ने पूरे दंगल को चैलेंज कर दिया।

# खाताधारकों का पैसा पासबुक लेकर डाकघर कर्मी फरार

## 150 से अधिक निवेशकों से एक करोड़ की हेराफेरी का अनुमान

» खाते में दर्ज करने की जगह पेन से पासबुक में इंट्री करता रहा बीपीएम नीरज यादव

» एक सप्ताह से दौड़ रहे ग्रामीण जमाकर्ता, मामले को दबाये रहा डाक विभाग



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**फतेहपुर।** चिटफंड कंपनियों की जालसाजी से बचने के लिए डाकघर का रुख करने वाले जमाकर्ताओं को डाकघर में निवेश करना भी भारी पड़ गया। डाकघर के ब्रांच पोस्ट मास्टर निवेशकों के पैसे पासबुक समेत फरार हो गया। ग्रामीणों की माने तो काफी दिन अनुपस्थित रहने पर लोगो ने प्रधान डाकघर का रुख किया जहां मामले की जानकारी होने पर हड़कम्प मच गया लेकिन सभी को जांच का आश्वासन देकर वापस कर दिया गया।

ठगी का शिकार हुए जमाकर्ता ने गुरुवार को प्रधान संघ जिलाध्यक्ष नदीम उद्दीन एडवोकेट के नेतृत्व में प्रधान डाकघर पहुँचकर डाक अधीक्षक के नाम शिकायती पत्र देते हुए निवेशकों के साथ जालसाजी करने वाले कर्मी पर कार्रवाई व जमाकर्ताओं के पैसे वापसी कराने की मांग किया। जनपद के तेलियानी ब्लाक के ग्राम सनगांव निवासियों का आरोप है कि पोस्ट ऑफिस में तैनात ब्रांच पोस्ट मास्टर नीरज यादव ने सरकार द्वारा चलाई जा रही बचत योजनाओं आरडी, कन्या सुमंगला योजना आदि के नाम पर उन लोगों से निवेश करने को कहा। ग्रामीणों ने बताया कि वह सभी मेहनत व मजदूरी करते हैं। बच्चों के बेहतर भविष्य के नाम पर छोटी-छोटी बचत करना चाहते थे। चिटफंड कंपनियों के फ्राड के चलते अपनी सुरक्षा को देखते हुए वर्ष 2015-16 से डाक घर में सरकारी योजनाओं में बचत का पैसा प्रतिमाह निवेश करने लगे।

ब्रांच में तैनात सहायक पोस्ट मास्टर बीपीएम नीरज यादव द्वारा उनके निवेश को पेन से पासबुक में इंट्री कर डाकघर की मोहर लगाकर दे दिया जाता था। मार्च-अप्रैल माह में बीपीएम नीरज यादव ने जांच के नाम पर सभी निवेशकों की डाकघर से मिली पासबुक भी जमा करवा लिया और गायब हो गया। काफी दिनों तक ग्रामीण उसके आने का इंतज़ार करते रहे थकहार कर जब शहर स्थित डाकघर पहुँचे तो वहां मामले की जानकारी होते ही हड़कम्प मच गया लेकिन डाक कर्मियों ने निवेशकों को बहलाकर किसी तरह वापस किया। ग्रामीण प्रधान संघ जिलाध्यक्ष नदीम उद्दीन एडवोकेट के साथ प्रधान डाकघर पहुंचे व डाक अधीक्षक के नाम शिकायती पत्र देकर मामले से अवगत कराते हुए कार्रवाई की मांग किया। ग्रामीणों की माने तो एक सप्ताह से डाकघर के चक्कर लगा रहे है लेकिन सही जवाब न नही दिया जा रहा। वह सभी अपने बचत के पैसों को लेकर परेशान है। इस मौके पर मो. नदीम खान, रोहित कुमार, रेहान खान, रुखसार बानो, रेखा देवी, रकीमा बानो, चन्द्र प्रकाश शुक्ला, मो. वकील, प्रदीप कुमार, अशोक कुमार, राजेन्द्र प्रसाद, अज़हर अली, धर्मपाल, निर्मला, रचना रानी आदि रहे।

### नेशनल हाइवे 2 पर जली महिला के शव की शिनाख्त नहीं हुई

**फतेहपुर।** औंग थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे 2 कानपुर प्रयागराज मार्ग के किनारे ओवर ब्रिज के समीप सोमवार शाम 6 बजे एक बंद पड़ी फैक्ट्री के बगल में एक महिला का जला हुआ शव मिलने की सूचना पर पहुंची पुलिस मृतिका के शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त के प्रयास में लगी थी कामयाबी न मिलने पर पोस्टमार्टम के बाद उसका अंतिम संस्कार कर दिया।

गौरतलब है कि थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे 2 के किनारे ओवर ब्रिज के समीप बन्द पड़ी फैक्ट्री के बगल में 15 सितंबर की शाम 6 बजे लगभग 26 वर्षीय अज्ञात महिला का अधजला शव पड़ा होने की सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त के प्रयास में लगी थी। सफलता न मिलने पर महिला के शव को पोस्टमार्टम के बाद उसका अंतिम संस्कार कर दिया।

## प्रधानमंत्री मोदी के जीवन पर लगी प्रदर्शनी

» सहज सार्थक व राष्ट्रीय विचारों से परिचित होने का मिलेगा अवसर

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**फतेहपुर।** शहर के शांतीनगर स्थित ठाकुर युगराज सिंह महाविद्यालय में सेवा पखवाड़ा विकसित भारत संकल्प के तहत प्रदर्शनी का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल ने किया। प्रदर्शनी में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बचपन से लेकर देश सेवा में दिये गये योगदान को चित्रित किया गया। वह किस तरह से अपने अभाव भरे बचपन में भी उत्साहित रहते हुए स्टेशन पर आने जाने वालों को चाय बेचकर परिवार को सहारा देते थे।

वहीं उनके द्वारा विकसित भारत के संकल्प सिद्धी को लेकर नित नए आयामों पर जो भी कार्य किए जाते हैं उन सबका प्रदर्शनी में चित्रित कर उल्लिखत किया गया। गौरतलब हो कि पीएम मोदी के जन्मदिन 17 सितम्बर से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयन्ती दो अक्टूबर के मध्य पार्टी द्वारा सेवा पखवाड़ा अभियान के अन्तर्गत विभिन्न सेवा कार्य पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा किया जाता है। अभियान के जिला संयोजक व महामंत्री पुष्पराज पटेल ने बताया कि प्रदर्शनी सभी आम लोगों के लिए है। जिसे देखकर लोगों को देश के प्रधानमंत्री मोदी के जीवन से सहज सार्थक व राष्ट्रीय विचारों से परिचित होने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर अर्चना त्रिपाठी, रेखा मिश्रा, मनोज मिश्रा, विक्रम सिंह चंदेल, प्रवीण सिंह, अमित शिवहरे सहित पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं के साथ ही आम नागरिक उपस्थित रहे।

### युवक का जान देने का प्रयास

**फतेहपुर।** राधानगर थाना क्षेत्र के रारा गांव में युवक ने परिजनों की डांट से क्षुब्ध होकर जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त करने का प्रयास किया। परिजन उसे उपचार हेतु अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के रारा गांव निवासी सुरेंद्र के 20 वर्षीय पुत्र शिवम को परिजनों ने किसी बात को लेकर डांट दिया। परिजनों की डाँट से क्षुब्ध होकर शिवम ने ज़हरीला पादर्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। कुछ समय बाद जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों को जानकारी हुई। तुरन्त परिजन उसको इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे है।

## सपा ने पुण्यतिथि पर स्व . बाबू शिवदयाल चौरसिया को दी श्रद्धांजली



» शोषित समाज को न्याय व उनके उत्थान के लिए किये संघर्ष : देवी प्रसाद चौधरी

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**मिर्जापुर।** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पार्टी कार्यालय लोहिया ट्रस्ट पर जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी की अध्यक्षता में समाजवादी विचारों के धनी पूर्व राज्यसभा सांसद स्व. बाबू शिव दयाल चौरसिया की पुण्यतिथि मनाई। उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि वे सामाजिक न्याय के बड़े पक्षधर थे।

कहा कि पूर्व सांसद आजीवन शोषित समाज को न्याय दिलाने व उनके उत्थान के लिए संघर्ष करते रहे। वह कहते थे कि मैं चौरसिया हूं और जब तक सामाजिक असमानता खत्म करके चौरस नहीं बना दूंगा तब तक चैन से नहीं बैठूंगा। उन्होंने पूरा जीवन दलितों, पिछड़ों को उनका हक दिलाने के लिए समर्पित कर दिया था। वह सुप्रीम कोर्ट के बड़े अधिवक्ताओं में से एक थे। समाज के दबे कुचले लोगों को न्याय दिलाने के लिए उन्होंने लोक अदालत का गठन कराया था। इस मौके पर दामोदर प्रसाद मौर्या, राजेश भारती, आदर्श यादव, झल्लू यादव, जुम्मन खान, जमाल अहमद, प्रिन्स राव, राहुल यादव, भोलानाथ यादव, रामप्यारे गौंड़, शीतला गौड़ सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहें।

## 12 साल से नहीं बनी सड़क, बरसात में सड़के गड्ढो मे तब्दील



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**राजगढ़ (मिर्जापुर)।** विकास खंड राजगढ़ क्षेत्र के बिसुनपुरा गांव की सड़क पूरी तरह से गड्ढा में तब्दील हो गई है आने जाने के लिए कोई रास्ता नहीं बचा है। ग्रामीणों के अलावा स्कूली बच्चे भी इन्हीं गंदे पानी से होकर जाना पड़ रहा है। गड्ढा युक्त सड़क इस गांव के लिए अभिशाप बनती जा रही है 12 साल बीत गए लेकिन किसी भी जन प्रतिनिधि ने इस गांव की सुध नहीं ली। कई बार ग्रामीणों ने जन प्रतिनिधियों के यहां शिकायत की लेकिन आश्वासन खोखला साबित होता जा रहा है।

बिसुनपुरा के ग्रामीण राजबहादुर सिंह, गोविंद सिंह, गोलू सिंह, वंश नारायण सिंह, प्रवीण सिंह सुनील सिंह ने बताया कि 12 साल से सड़क न बनने से बरसात के दिनों में सबसे ज्यादा परेशानी ग्रामीणों के अलावा स्कूली बच्चों को हो रही है। स्कूली बच्चे पढ़े या गड्ढा में गिरकर घायल हो। सड़के पूरी तरह से गड्ढा में तब्दील हो गई है। इस गांव से होकर लोग सोनभद्र के लिए रवाना होते हैं। करकोली, सरगा, कर्मा, संपर्क मार्ग जहां पर स्कूली बस दूध की गाड़िया और निजी व्यापारियों की गाड़ियां ग्रामीण इलाकों में जाकर अन्य कार्य को कर रही है। पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों की इस सड़क पर कोई नजर नहीं पड़ रही है। यह गांव मिर्जापुर सोनभद्र स्टेट हाईवे से सटा हुआ है। यह मिर्जापुर जिले का अंतिम गांव है। और यह सोनभद्र बॉर्डर के पास पड़ता है।

जिला मुख्यालय से इसकी दूरी लगभग 60 किलोमीटर के आसपास है। इस गांव की सड़क क्षतिग्रस्त होती जा रही है। लेकिन बनने का नाम नहीं ले रहा है। मीरजापुर जिले के मंत्री विधायक सांसद जनप्रतिनिधि के ध्यान न देने से यह गांव मुख्यालय से कटता जा रहा है। यहां पर लोग जाना पसंद नहीं कर रहे हैं।क्योंकि सड़के क्षतिग्रस्त होने से जगह-जगह पानी जमा होने से आवागमन बाधित होता जा रहा है। ग्रामीण अखिलेश्वर, विजय बहादुर, गोपाल सिंह, विजय सिंह, अरुण सिंह, राम निरंजन ने बताया कि जब भी चुनाव आता है। जनप्रतिनिधि गांव में आकर गड्ढा मुक्त सड़क की बात करते हैं।चुनाव जीतने पर यह दिखाई नहीं देते हैं। 12 साल बीत गए लेकिन अभी तक यह सड़क नहीं बन पाई।

जिससे सड़क का अस्तित्व ही खत्म हो गया है। सड़क गड्ढा में पूरी तरह से तब्दील हो चुकी है। सड़क में गड्ढा या गड्ढे में सड़क अब आने वाली पीढ़ियों को सरकार की मंशा मालूम चले गड्ढा मुक्त सके केवल दिखावा साबित हो रही है। आए दिन यह स्लोगन पढ़ने को मिलता है। बिसुनपुरा गांव के लिए खोखला साबित हो रहा है। इस संबंध में जब पूर्व मंत्री एवं मड़िहान विधायक रमाशंकर सिंह से बात हुई तो उन्होंने कहा कि बरसात खत्म होने के बाद सड़क का निर्माण कराया जाएगा।

## अफवाहों से रहें सावधान, पर्वों में बनाए रखें सौहार्द

» पुलिस अफसरों ने व्यापारियों संग की बैठक

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**फतेहपुर।** पुलिस लाइन के सभागार में पुलिस अफसरों ने व्यापारियों संग बैठक की। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी सदर गौरव शर्मा ने की। बैठक में शहर कोतवाल तारकेश्वर राय, राधानगर थाना प्रभारी दिनेश मिश्र, बिंदकी कोतवाली के वरिष्ठ उपनिरीक्षक बृंदावन राय ने हिस्सा लिया। बैठक में व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष शिवचंद्र शुक्ल, वरिष्ठ जिला महामंत्री जितेंद्र सिंह यादव उर्फ सोनू, युवा जिलाध्यक्ष सुनील कुमार व्यापारियों से जुड़ी समस्याओं को अधिकारियों को अवगत करवाया। खखरेरू व्यापार मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह व युवा अध्यक्ष उवेश खान ने खखरेरू नगर पंचायत के अंतर्गत दरियामऊ, रक्षपालपुर व खखरेरू नगर में पुलिस गश्त बढ़ाए जाने की मांग की।

मवई गणेशपुर बाजार व्यापार मंडल के अध्यक्ष संतोष सोनी, संगठन मंत्री मोहित कुमार ने मवई बाजार चौराहे में प्रशासन की ओर से सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाने का अनुरोध किया। ड्रोन की अफवाहों से सावधान रहने को कहा गया। आने वाले पर्व नवरात्रि को आपसी भाईचारे वा प्रेम एवं सौहार्द से बनाए जाने को लेकर सहमति हुई। इस मौके पर व्यापार मंडल के जिला उपाध्यक्ष बृजेश मिश्र, मंत्री राजीव सिंह, अनुपम शुक्ल, कमलेश बाजपेई, शमीम अहमद, संजय तिवारी, हरिकृष्ण शर्मा, उवैस खान, कासिम, मसरूर अहमद, जैनुल, उपेंद्र सिंह यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहें।

## हर व्यक्ति प्रत्येक तीन माह में कर सकता है रक्तदान

» महिला महाविद्यालय में की रक्तदान जागरूकता गोष्ठी

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**फतेहपुर।** इंडियन रेडक्रास सोसाइटी उत्तर प्रदेश के चेयरमैन व उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के मार्गदर्शनानुसार सेवा पखवाड़े में स्वस्थ महिला सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत बालिकाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के संयोजकत्व व चेयरमैन डॉ अनुराग श्रीवास्तव के नेतृत्व में राजकीय महिला महाविद्यालय में महाविद्यालयों के सभी बच्चों, अध्यापक अध्यापिकाओं, कर्मचारियों के मध्य रक्तदान जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया।

गोष्ठी में चेयरमैन डॉ अनुराग ने कहा कि प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति हर तीन महीने में रक्तदान कर सकता है और एक रक्तदान से हम चार जिंदगी एक साथ बचा सकते हैं। पुरुष व स्त्री सभी रक्तदान कर सकते हैं। परीक्षण कर ही यदि हीमोग्लोबिन सही रहता है तभी रक्त लिया जाता है और सबसे आवश्यक यह बात है कि रक्तदान करने से हम स्वयं स्वस्थ होते हैं। डॉ अनुराग ने बताया कि जिला अस्पताल में भर्ती मरीज जिनके परिजन नहीं होते हैं और धन की भी कमी होती है। उन्हें रेडक्रॉस सोसाइटी के माध्यम से जिला अस्पताल रक्तकेन्द्र से रक्त निरन्तर उपलब्ध कराया जाता है।

इस अवसर पर प्रोफेसर प्रशांत द्विवेदी व विद्यालय के बच्चे, अध्यापक, अध्यापिकाएं व सभी कर्मचारी सहित आजीवन सदस्य व संयोजक रक्त संचरण समिति इंडियन रेडक्रास सोसाइटी अशोक शुक्ल उपस्थित रहे।

### पूर्व राज्यसभा सांसद की सपाईयों ने मनाई पुण्यतिथि

**फतेहपुर।** प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार गुरूवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय में समाजवादी विचारक लोक अदालत के जनक पूर्व सांसद राज्यसभा शिव दयाल चौरसिया की पुण्यतिथि मनाई गई।

सपाईयों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करने के पश्चात गोष्ठी का आयोजन किया। जिसमें समाजवादी विचारक के जीवन पर बिंदुवार प्रकाश डाला गया। गोष्ठी की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह ने की। गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में स्नातक एमएलसी डॉ मान सिंह यादव ने शिरकत की। पुण्यतिथि कार्यक्रम में मुख्य रूप से विपिन सिंह यादव, रीता प्रजापति, डा रामनरेश पटेल, रत्नेश रत्ना, हीरालाल साहू, महफूज खान, मो. आज़म खान, डा. अमित पाल, नंदकिशोर पाल, राज बाबू यादव, वीरेंद्र कुमार साहू, रावेंद्र प्रताप सिंह, कमलेश पासी, डा. गिरजा शंकर विश्वकर्मा, राजाराम पासी, लवकुश सिंह, फुजैल अहमद, अंकित, अंसार अहमद आदि मौजूद रहे।

## चोरी का खुलासा न होने पर व्यापारियों ने जताई नाराजगी

### जिला उद्योग व्यापार मंडल की नगर कमेटी का विस्तार



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**फतेहपुर।** गुरुवार को जिला उद्योग व्यापार मंडल की एक बैठक शहर के हरिहरगंज स्थित एक होटल में प्रदेश अध्यक्ष रवि प्रकाश दुबे की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में व्यापारी जयप्रकाश पटेल के यहां 18 लाख की चोरी के संबंध में चर्चा हुई।

इस घटना के संबंध में व्यापार मंडल का एक प्रतिनिधि मंडल प्रदेश अध्यक्ष रवि प्रकाश दुबे की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक से 15 दिन पहले मिल चुका है और पुलिस अधीक्षक ने तीन दिन का समय दिया था परंतु आज तक घटना का खुलासा नहीं हुआ। जबकि वारदात के बाद ही राधानगर थाना प्रभारी ने अपराधियो को पकड़ लिया था। अपराधियों द्वारा वारदात को कबूल भी किया गया और 16 लाख रुपये घर में होने की बात भी स्वीकार की थी परन्तु थाना प्रभारी ने मात्र एक लाख की रिकवरी दिखाई थी और अपराधियों को हल्की धाराओं में चालान करके जेल भेज दिया था। जिनकी दूसरे दिन ही जमानत भी हो गई। अब अपराधी खुलेआम घूम रहे है और उल्टा व्यापारी को धमका रहे हैं। बैठक में नगर कमेटी का विस्तार करते हुए सयुक्त मंत्री के पद पर मो० इशरत खान को मनोनीत किया गया। बैठक में समस्त व्यापारियों ने जीएसटी की दरों को कम करने पर प्रधानमंत्री एवं वित्त मंत्री को बधाई दी।

बैठक में वितरक संघ अध्यक्ष प्रकाश सिंह, महामंत्री बद्री विशाल गुप्ता, नगर अध्यक्ष राम बाबू गुप्ता, कोषाध्यक्ष विवेक श्रीवास्तव, राज कुमार मिश्रा, अरविंद आर्या, जय प्रकाश पटेल, ज्ञानेंद्र सिंह, मो० अकरम, वरिंदर सिंह, गुरमीत सिंह, मो० इशरत खान, मो० आरिफ आदि व्यापारी मौजूद रहे।

**निर्देश** ओपीडी में आने वाले मरीजों का आभा आईडी बनवाना करें सुनिश्चित

# स्वास्थ्य केन्द्र आने वाले मरीजों को मुहैया कराएं बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं: डीएम

» जिला क्षय रोग अधिकारी का वेतन आहरित न करने के निर्देश

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**फतेहपुर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उन्होंने स्वास्थ्य से संबंधित संचालित योजनाओं व कार्यक्रमों की प्रगति की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली और संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

पूर्व की बैठक में दिए निर्देशों के अनुपालन आख्या की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि आभा आईडी ज्यादा से ज्यादा बनाई जाय के लिए स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी ओपीडी में आने वाले मरीजों का आभा आईडी बनवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ई-कवच, इएचआरएमएस पोर्टल एवं संबंधित पोर्टलों पर समय से फीडिंग कराई जाये। उन्होंने कहा कि जननी सुरक्षा योजना, प्रसव पश्चात आईयूसीडी के लाभार्थियों का जो भुगतान शेष है जिसका जल्द से जल्द कराना सुनिश्चित करें।

उन्होंने गर्भवती महिलाओं की एएनसी रजिस्ट्रेशन की प्रगति में तेजी लाने के निर्देश स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारियों को दिए और कहा कि जिस केन्द्र की अगले माह प्रगति धीमी पाई जाएगी उसके खिलाफ जिम्मेदारी तय की जाएगी। स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी जिन आशाओं द्वारा माह में एक भी प्रसव नहीं कराए गए है एवं जिनका इंसेंटिव कम है कि रिपोर्ट से अवगत कराए। समीक्षा के दौरान पाया गया क्षय रोग से ग्रसित मरीजों के मृत्यु ऑडिट रिपोर्ट समय से न होने पर जिला क्षय रोग अधिकारी का वेतन तब तक आहरित नहीं किया जाय जब तक कि मृत्यु ऑडिट रिपोर्ट पूरी न हो जाय। उन्होंने कहा आरबीएसके टीम निर्धारित माइक्रोप्लान के अनुसार विद्यालयों/आंगनबाड़ी केन्द्रों में विजिट करते हुए स्वास्थ्य परीक्षण व स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं मुहैया कराए। यदि



आरबीएसके टीम के वाहन अनुपस्थित रहते है तो संबंधित को सूचना देते हुए नियमानुसार अग्रेत्तर कार्यवाही करे। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया कि आरबीएसके टीम स्कूल व आंगनबाड़ी केन्द्रों का विजिट करते है रजिस्टर बनवा ले क्या सुविधाएं दी गई है और कितने बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ है। उसमें अंकित अवश्य कराए।

उन्होंने कहा कि यूविन पोर्टल पर शत प्रतिशत फीडिंग कराए जाय इस माह स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी तेलियानी कि फीडिंग 50 प्रतिशत से कम होने पर स्पष्टीकरण लेने के निर्देश संबंधित को दिए। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण कराते हुए सभी जांचे व अनुमन्य स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराये साथ ही गर्भवती महिलाओ व बच्चों का टीकाकरण समय से कराते हुए संबंधित पोर्टल पर फीड कराये। गर्भवती महिलाओं को हाईरिस्क के बारे में जरूरी जानकारी देते हुए जागरूक किया जाये।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 राजीव नयन गिरि, एसीएमओ, सीएमएस, डीपीएम, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित समस्त एमओवाईसी सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भारतीय क्रिकेट उपकरण उद्योग में डिजिटल शुरुआत

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट एवं मुख्य स्पोर्ट्स के लिए उपकरण निर्माता, सैंसपरेल्स ग्रीनलैंड्स (एसजी) और दुनिया के नं. 1 सीआरएम सेल्सफोर्स के बीच आज रणनीतिक सहयोग की शुरुआत हुई। इस सहयोग के साथ ही एसजी क्रिकेट के ट्रेड चैनल सेल्स ऑपरेशंस और डीलर मैनेजमेंट सिस्टम का डिजिटाईज़ेशन शुरू हो गया है। सेल्सफोर्स का यूनिफाईड प्लेटफॉर्म एसजी को पिछले पूरे डेटा से कनेक्ट करके अपने ग्राहकों और डीलर्स का 360 डिग्री व्यू प्रदान करेगा, ताकि वो हाथों-हाथ जानकारी लेकर तीव्र डिसीज़न-मेकिंग कर सकें। इससे डीलर्स को ज्यादा यूनिफाईड अनुभव प्राप्त होगा।

एसजी बैट्स द्वारा अपने डिजिटल परिवर्तन के इस सफर में सेल्सफोर्स के सर्विस क्लाउड की मदद से वर्कफ्लो को ऑटोमेट किया जाएगा, उत्पादकता बढ़ाई जाएगी, कस्टमर सपोर्ट के ऑपरेशंस को व्यवस्थित किया जाएगा तथा यूनिफाईड डीलर मैनेजमेंट सिस्टम द्वारा पार्टनर्स के साथ संबंधों को मजबूत किया जाएगा। यह भारत के सबसे प्रतिष्ठित और लोकप्रिय क्रिकेट बैट ब्रांडों में से एक, एसजी बैट्स का टेक्नोलॉजी का लक्ष्य पूरा करने की ओर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। सेल्सफोर्स द्वारा भारत में एसजी बैट्स के 850 से अधिक डीलर्स के नेटवर्क और इसकी विविध उत्पाद श्रृंखला के लिए यूनिफाईड अनुभव प्रदान किया जाएगा, जिनमें क्रिकेट उपकरण, प्रोटेक्टिव गियर, फुटवियर और स्पोर्ट्सवियर शामिल हैं। यह सहयोग एसजी को एआई पर आधारित जानकारी का उपयोग करने में समर्थ बनाएगा, जिससे कंपनी को नए बाजारों में विस्तार करने तथा अपना मौजूदा डीलर नेटवर्क मजबूत बनाने में मदद मिलेगी।

**इस सहयोग के अंतर्गत सेल्सफोर्स के ऑटोमेशन, सर्विस क्लाउड, और डीलर मैनेजमेंट सिस्टम की मदद से 850 से अधिक स्थानों पर सेल्स, सर्विस और रियल-टाईम सूचना का एकीकरण किया जाएगा**

सेल्सफोर्स द्वारा पहले अन्य खेल उपकरण निर्माताओं के साथ साझेदारी की जा चुकी है, पर यह सहयोग भारत के क्रिकेट उपकरण के परिवेश में सेल्सफोर्स की पहली साझेदारी है, जिससे विभिन्न मैनुफैक्चरिंग सेक्टर्स में कंपनी की विस्तृत पहुँच प्रदर्शित होती है। अदिति शर्मा, रीज़नल वाईस प्रेसिडेंट, सेल्स, सेल्सफोर्स इंडिया ने कहा, ''आज के तेजी से विकसित होते हुए औद्योगिक परिदृश्य में एआई की शक्ति से मैनुफैक्चरिंग में उत्कृष्टता का एक नया युग शुरू हो रहा है, जिससे एसजी जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों में मूलभूत परिवर्तन आ रहा है। वो केवल नई टेक्नोलॉजी ही नहीं अपना रही हैं, बल्कि इंटैलिजेंट, प्रेडिक्टिव और एडैप्टिव मैनुफैक्चरिंग की शुरुआत कर रही हैं, जो संभावनाओं के दायरों को काफी बढ़ा रही है। भारत देश में क्रिकेट का जुनून सिर चढ़कर बोलता है।

## वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप

# 40 सेमी से मेडल चूके सचिन यादव त्रिनिदाद के वाल्कॉट बने चैंपियन






**एजेंसी**

टोक्यो। टोक्यो में चल रही वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप के जेवलिन थ्रो फाइनल में भारत के नीरज चोपड़ा और पाकिस्तान के अरशद नदीम मेडल नहीं जीत सके। भारत के एक अन्य थ्रोअर सचिन यादव ने करियर बेस्ट (86.27 मीटर) प्रदर्शन किया, लेकिन वे चौथे स्थान से आगे नहीं बढ़ सके। सचिन महज 40 सेंटीमीटर के फासले से ब्रॉन्ज चूक गए। ब्रॉन्ज जीतने वाले खिलाड़ी ने 86.67 मीटर का थ्रो किया।

त्रिनिदाद एंड टोबैगो के केशॉर्न वाल्कॉट ने 88.16 मीटर के बेस्ट थ्रो के साथ गोल्ड मेडल जीता। ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स (87.38 मीटर) ने सिल्वर और अमेरिका के कर्टिस थॉम्पसन (86.67 मीटर) ने ब्रॉन्ज मेडल जीता।

डिफेंडिंग चैंपियन नीरज पांच प्रयास में 84.03 मीटर का बेस्ट थ्रो ही निकाल सके। वे आठवें नंबर पर रहते हुए बाहर हुए। वहीं, ओलिंपिक गोल्ड मेडलिस्ट पाकिस्तान के अरशद नदीम चार अटैम्प्ट में 82.75 मीटर के बेस्ट थ्रो के साथ 10वें नंबर पर रहे।

**कैसा रहा नीरज, नदीम और सचिन का प्रदर्शन**

नीरज चोपड़ा ने पहला थ्रो 83.65 मीटर का थ्रो किया। उनका दूसरा थ्रो 84.03 मीटर का रहा और तीसरा थ्रो फाउल रहा। चौथे प्रयास में उन्होंने 82.86 मीटर का थ्रो किया। इस तरह चार राउंड के बाद उनका बेस्ट स्कोर 84.03 मीटर का रहा। उनका पांचवां प्रयास फाउल रहा और वे मेडल की रेस से बाहर हो गए।

नदीम ने पहला थ्रो 82.75 मीटर का किया था। उनका दूसरा थ्रो फाउल रहा है। तीसरे प्रयास में 82.73 मीटर का थ्रो किया। उनका चौथा प्रयास फाउल रहा और वे 10वें नंबर पर रहते हुए मेडल की रेस से बाहर हो गए।

इन दोनों से आगे सचिन यादव रहे। सचिन ने 86.27 मीटर का पहला थ्रो किया। सचिन का दूसरा थ्रो फाउल रहा। तीसरे प्रयास में उन्होंने 85.71 मीटर का थ्रो किया। उनका चौथा थ्रो 84.90 मीटर का रहा। उन्होंने पांचवें प्रयास में 85.96 और छठे प्रयास में 80.95 का स्कोर निकाला। इस तरह वे 86.27 मीटर के बेस्ट थ्रो के साथ चौथे नंबर पर रहे।

तीन थ्रो के बाद 11वें और 12वें नंबर पर मौजूद थ्रोअर रेस से बाहर हुए। चौथे थ्रो के बाद नौवें और 10वें नंबर के थ्रोअर बाहर हो गए।

# सिंधु ने चाइना मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई

## थाईलैंड की पोर्नपावी को हराया; हॉन्गकॉन्ग ओपन में पहले राउंड में बाहर हो गई थीं





**इंडोनेशिया।** पीवी सिंधु ने गुरुवार को चाइना मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट में क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। उन्होंने थाईलैंड की छठी सीड खिलाड़ी पोर्नपावी चोचुवोंग को सीधे गेम में 21-15, 21-15 से हराया। यह मुकाबला मात्र 41 मिनट तक चला। दो बार की ओलिंपिक मेडलिस्ट सिंधु वर्तमान में वर्ल्ड रैंकिंग में 14वें स्थान पर हैं। इस जीत के साथ चोचुवोंग के खिलाफ अपने हेड-टु-हेड रिकॉर्ड को 6-5 कर लिया। क्वार्टर फाइनल में उनका मुकाबला टॉप सीड कोरिया की एन से यंग और डेनमार्क की मिया ब्लिकफेल्ट के बीच होने वाले मैच की विजेता से होगा। हॉन्गकॉन्ग ओपन के पहले दौर में हार कर बाहर हो गई थीं। उन्होंने चाइन मास्टर्स में जीतने के बाद कहा, 'चोचुवोंग एक टॉप खिलाड़ी हैं। मैंने उनके खिलाफ इंडोनेशिया ओपन में भी खेला था, तब भी मुकाबला कड़ा था। पहला गेम जीतने के बाद मैं दूसरे गेम में और सतर्क थी।' सिंधु ने आगे कहा, 'स्कोर बराबर चल रहा था, इसलिए हर अंक के लिए करीबी टक्कर थी। मैं खुश हूं कि मैं जीती और मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया। अब मुझे कल के लिए तैयारी करनी है। सीधे गेम में जीत हमेशा आत्मविश्वास देती है, लेकिन लंबे मैचों के लिए भी तैयार रहना जरूरी है और पैरों की गति को तेज रखना महत्वपूर्ण है।'

**सिंधु इंडोनेशियाई कोच से ट्रेनिंग ले रही हैं**

वर्तमान में सिंधु इंडोनेशिया के पूर्व पुरुष एकल कोच इरवानसाह आदि प्रतामा के साथ प्रशिक्षण ले रही हैं,जो अब भारतीय महिला एकल कोच हैं। इस सहयोग के बारे में उन्होंने कहा,'हमारा तालमेल बहुत अच्छा है। वह एक बेहतरीन कोच हैं। शुरू में हमें समय लगा, लेकिन अब हमने समझ लिया कि क्या करना है और क्या बदलाव चाहिए। एक कोच के रूप में वह अपना सर्वश्रेष्ठ दे रहे हैं, और एक खिलाड़ी के रूप में मेरा भी कर्तव्य है कि मैं अपना सर्वश्रेष्ठ दूं।'

# सेंसेक्स 320 अंक चढ़कर 83,014 पर बंद

## निफ्टी में 93 अंक की तेजी रही, फार्मा और हेल्थकेयर के शेयरों में ज्यादा खरीदारी

**एजेंसी**

**मुंबई।** हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन गुरुवार, 18 सितंबर को सेंसेक्स 320 अंक ऊपर 83,014 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 93 अंक की तेजी रही, ये 25,424 के स्तर पर बंद हुआ। आज के कारोबार में फार्मा और हेल्थकेयर के शेयरों में ज्यादा खरीदारी रही। जोमैटो, सनफार्मा, इंफोसिस, और HDFC बैंक जैसे शेयर 3% तक चढ़कर बंद हुए। बजाज फाइनेंस, टाटा मोटर्स और ट्रेंट के शेयर्स गिरकर बंद हुए।



**अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने ब्याज दर 0.25% घटाई**

अमेरिका के केंद्रीय बैंक, फेडरल रिजर्व ने 17 सितंबर को अपनी ब्याज दरों में 0.25% की कटौती की घोषणा की। इससे ब्याज दरों का दायरा अब 4.00 से 4.25% के बीच हो गया है। इससे पहले दिसंबर 2024 में फेड ने दरों में कटौती की थी।

**अभी दो IPO में निवेश का मौका**

सरिया बनाने वाली कंपनी VMS TMT का IPO 17 सितंबर से निवेशकों के लिए ओपन हो गया है। कंपनी इसमें 1.50 करोड़ शेयर बेचकर 148.50 करोड़ रुपए जुटाना चाहती है। रिटेल निवेशक इसके लिए 19 सितंबर तक मिनिमम 14,850 से निवेश कर पाएंगे। कंपनी का शेयर शेयर मार्केट (BSE-NSE) में 24 सितंबर को लिस्ट होगा।

वॉल डेकोरेशन और लेमिनेशन बिजनेस करने वाली कंपनी यूरो प्रतिक सेल्स लिमिटेड का IPO 16 सितंबर से ओपन है। कंपनी इस IPO के जरिए 451.31 करोड़ रुपए जुटाना चाहती है। रिटेल निवेशक इसके लिए 18 सितंबर तक मिनिमम 14,820 से निवेश कर पाएंगे। कंपनी का शेयर शेयर मार्केट (BSE-NSE) में 23 सितंबर को लिस्ट होगा।

**ग्लोबल मार्केट में मिलाजुला कारोबार-**

एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 1.15% चढ़कर 45,303 पर और कोरिया का कोस्पी 1.40% ऊपर 3,461 पर बंद हुआ। हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स 1.35% नीचे 26,544 पर और चीन का शंघाई कंपोजिट 1.15% चढ़कर 3,831 पर बंद हुआ।

# आज सोने-चांदी के दाम में गिरावट :सोना 469 गिरकर 1.09 लाख प्रति 10 ग्राम

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में आज यानी 18 सितंबर को लगातार दूसरे दिन गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 469 रुपए गिरकर 1,09,264 पर आ गया है। इससे पहले कल ये 1,09,733 रुपए पर था।

वहीं चांदी भी 193 रुपए गिरकर 1,25,563 रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गई है। इससे पहले 17 सितंबर को चांदी 1,25,756 रुपए पर थी। वहीं 16 सितंबर को सोने ने 1,10,869 रुपए और चांदी ने 1,25,756 रुपए के ऑल टाइम हाई बनाया था

**इस साल सोना 33,102 और चांदी 39,546 महंगी हुई** इस साल अब तक सोने की कीमत 33,102 रुपए बढ़ी है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए का था, जो अब 1,09,264 रुपए हो गया है।



चांदी का भाव भी इस दौरान 39,546 रुपए बढ़ गया है। 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी की कीमत 86,017 रुपए थी, जो अब 1,25,563 रुपए प्रति किलो हो गई है।

सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें : हमेशा ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड (BIS) का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। नए नियम के तहत छह डिजिट वाले अल्फान्यूमेरिक हॉलमार्किंग के बिना सोना नहीं बिकेगा।

# अमेरिका को एक्सपोर्ट लगातार तीसरे महीने गिरा

## अगस्त में 16 .3% घटकर 58 हजार करोड़ हुआ, ट्रम्प के 50% टैरिफ का असर

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत का अमेरिका को होने वाला एक्सपोर्ट अगस्त में लगातार तीसरे महीने गिरा है। जुलाई की तुलना में अगस्त में एक्सपोर्ट 16.3% घटकर 6.7 बिलियन डॉलर यानी 58,816 करोड़ रुपए पर आ गया। ये 2025 की अब तक की सबसे बड़ी मंथली गिरावट है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (GTRI) के फाउंडर अजय श्रीवास्तव के मुताबिक, भारत के एक्सपोर्ट में यह गिरावट डोनाल्ड ट्रम्प के लगाए गए 50% टैरिफ के कारण है। हालांकि, भारत के एक-तिहाई एक्सपोर्ट जैसे - दवाईयां और स्मार्टफोन पर कोई टैरिफ नहीं है, लेकिन बाकी सेक्टर भारी दबाव में हैं।

**भारत का अमेरिका को एक्सपोर्ट घटा-** अगस्त में भारत ने अमेरिका को 6.7 बिलियन डॉलर का एक्सपोर्ट किया।



जुलाई में भारत ने अमेरिका को 8.0 बिलियन डॉलर का एक्सपोर्ट किया था।

जून में भारत ने अमेरिका को 8.3 बिलियन डॉलर का एक्सपोर्ट किया था।

**सितंबर में एक्सपोर्ट और घट सकता है-** अजय श्रीवास्तव ने कहा- 4 अप्रैल तक भारतीय सामान अमेरिका में मोस्ट फेवर्ड नेशन की दरों पर निर्यात हो रहे थे। 5 अप्रैल से अमेरिका ने सभी सामानों पर 10% टैरिफ लगा दिया। शुरू में इस टैरिफ का ज्यादा असर नहीं हुआ। टैरिफ लगने के बाद भी मई में निर्यात बढ़ा।

हालांकि, जून तक ऑर्डर अन्य देशों के सप्लायर्स को जाने लगे। इससे निर्यात मई की तुलना में करीब 6% गिर गया। जुलाई में भी यही टैरिफ व्यवस्था रही। इस महीने एक्सपोर्ट 4% गिरा।

7 अगस्त को टैरिफ बढ़कर 25% हो गया। 27 अगस्त को ज्यादातर उत्पादों के लिए यह 50% तक पहुंच गया। इस महीने जुलाई की तुलना में 16% कम एक्सपोर्ट हुआ।श्रीवास्तव ने कहा सितंबर में और भी तेज गिरावट की उम्मीद है। ऐसा इसलिए क्योंकि यह पहला महीना होगा जो पूरी तरह 50% टैरिफ के प्रभाव में होगा। श्रीवास्तव ने कहा- भारत के एक-तिहाई निर्यात जैसे दवाइयां और स्मार्टफोन पर टैरिफ नहीं हैं। यानी, जिन सामानों पर टैरिफ लागू है, उन पर असर कुल आंकड़ों से कहीं ज्यादा है।

# बनारस में शुरू होगी फिल्म मिर्जापुर की शूटिंग

## शरद शुक्ला का किरदार निभाने वाले एक्टर बोले- सीरीज के सीजन वन की टाइमलाइन पर आधारित होगी



इस महीने की आखिर से बनारस में मिर्जापुर फिल्म की शूटिंग शुरू हो रही है। यह देश का पहला ऐसा प्रोजेक्ट है, जो सेम टाइटिल, कलाकारों और किरदारों की वेब सीरीज से फिल्म में तब्दील हो रही है। इसमें एक अहम किरदार शरद शुक्ला का है, जिसकी सीधी जंग त्रिपाठी परिवारों के साथ है। साथ में टकराव गुड्डू पंडित और बबलू पंडित से भी है। शरद को अंजुम शर्मा ने प्ले किया है। अंजुम ने मिर्जापुर फिल्म को लेकर खास खास बातें साझा की हैं। पेश हैं प्रमुख अंश :-

**यह प्रयोग भारतीय सिने इतिहास में शायद पहली बार हो रहा है। इसके बारे में कुछ दिलचस्प बातें बता सकते हैं?**

बिल्कुल ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। निर्माताओं के लिए भी यह एक बहुत बड़ी चुनौती है, क्योंकि उनके पास कोई 'रेफरेंस पॉइंट' नहीं है। ऐसा कभी नहीं हुआ कि किसी इतने लोकप्रिय शो पर कोई फिल्म बनाई गई हो।

**तो क्या यह फिल्म मूल सीरीज के पहले दो सीजन की कहानियों को मिलाकर बनाई गई है?**

नहीं, ऐसा नहीं है। इसकी कहानी मुख्य रूप से सीजन 1 की टाइमलाइन पर आधारित होगी, लेकिन इसकी कहानी एकदम नई और अलग होगी। यह एक अलग समानांतर कहानी है।

**क्या यह नई कहानी सीज न 1 की कहानी से मेल खाएगी?**

नहीं, बिल्कुल नहीं। इसे इस तरह से लिखा गया है कि जब आप फिल्म देखेंगे, तो यह सीजन 1 की कहानी से बिल्कुल नहीं टकराएगी। ऐसा नहीं लगेगा कि ₹अरे, वहां तो ऐसा हुआ था।₹ यह अपने आप में एक अलग कहानी है। उदाहरण के लिए, अगर सीजन 1 की कहानी में आपने सोमवार, बुधवार और शुक्रवार के घटनाक्रम देखे, तो यह फिल्म उसी हफ्ते की मंगलवार, गुरुवार और शनिवार की कहानी होगी। यानी, आप उसी समय में हैं, लेकिन एक अलग रास्ते पर गए हैं।

**लेकिन क्या किरदारों के नाम और उनकी पहचान वही रहेगी?**

हां, किरदार बिल्कुल वही रहेंगे। उनके नाम और पहचान में कोई बदलाव नहीं है। सिर्फ घटनाक्रम थोड़ा अलग होगा।

# आर्यन खान की सीरीज के प्रीमियर में सितारों का जमावड़ा

## चर्चा में आई रैना की टी-शर्ट, इवेंट में आर्यन की कथित गर्लफ्रेंड लारिसा भी पहुंचीं

मुंबई के नीता मुकेश अंबानी सांस्कृतिक केंद्र (NMACC) में बुधवार रात शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान की डायरेक्टोरियल डेब्यू सीरीज 'बैड्स ऑफ बॉलीवुड' का प्रीमियर हुआ। इस मौके पर इंडस्ट्री के कई बड़े सितारे पहुंचे। प्रीमियर में शाहरुख खान पूरे परिवार गौरी, आर्यन, सुहाना और अबराम के साथ पहुंचे। इसके अलावा अजय देवगन, काजोल, बॉबी देओल, करन जौहर, फराह खान, राजू हिरानी, फरहान अख्तर, शिवानी दांडेकर, आलिया भट्ट, रणबीर कपूर, अनन्या पांडे, चंकी पांडे और अंबानी परिवार सहित कई हस्तियों ने शिरकत की। वहीं, रेड कार्पेट पर कॉमेडियन और कंटेंट क्रिएटर समय रैना भी चर्चा में रहे। उन्होंने काले रंग की टी-शर्ट पहनी थी, जिस पर लिखा था- "सेय नो टू क्रूस"। अब लोग सोशल मीडिया पर इसको 2021 के कॉर्डेलिया क्रूज ड्रग केस से जोड़ रहे हैं, जिसमें आर्यन खान का नाम सामने आया था। रैना ने इस पर कोई बयान नहीं दिया, लेकिन उनकी टी-शर्ट ने सोशल मीडिया पर ध्यान खींच रही है।प्रीमियर के दौरान आर्यन खान की कथित गर्लफ्रेंड लारिसा बोनेसी भी मौजूद रहीं। लारिसा ब्लैक ऑफ शोल्डर गाउन में खूबसूरत अंदाज में कैमरे के सामने पोज देती नजर आईं।इस मौके पर शाहरुख खान ने आर्यन को अपना फोटोग्राफर बनने को कहा। आर्यन ने पैपराजी के सामने अपने पिता की कई तस्वीरें खींचीं।बता दें कि सीरीज में लक्ष्य, बॉबी देओल, मनोज पहवा, गौतमी कपूर और राघव जुयाल अहम किरदारों में नजर आने वाले हैं।













# अमेरिकन अभिनेत्री सिडनी स्वीनी बॉलीवुड में करेंगी डेब्यू

## इंडस्ट्री से एक्ट्रेस को मिला 530 करोड़ का ऑफर, अब तक की सबसे महंगी भारतीय फिल्म होगी



हॉलीवुड की फेमस एक्ट्रेस सिडनी स्वीनी जल्द ही बॉलीवुड फिल्म में नजर आ सकती हैं। खबरों की माने तो बॉलीवुड फिल्म में काम करने के लिए सिडनी को 500 करोड़ रुपए से अधिक की फीस ऑफर की गई है। एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत की एक प्रोडक्शन कंपनी ने एक्ट्रेस को 45 मिलियन पाउंड यानी कि 530 करोड़ रुपए की भारी-भरकम डील ऑफर की है। द सन की रिपोर्ट में बताया गया है कि इसमें 415 करोड़ रुपए फीस के तौर पर और 115 करोड़ रुपए की स्पॉन्सरशिप डील शामिल है। इतनी बड़ी रकम देने के पीछे का मकसद सिडनी की इंटरनेशनल इमेज का इस्तेमाल करना है। मेकर्स उनके जरिए फिल्म को ग्लोबल प्लेटफॉर्म देना चाहते हैं। हालांकि, रिपोर्ट में ये नहीं बताया गया है कि सिडनी ने इस डील को स्वीकार किया है या नहीं। लेकिन सिडनी के एक करीबी सोर्स के मुताबिक एक्ट्रेस इतनी बड़ी डील देखकर खुद चौंक गई थीं। रिपोर्ट में कहा गया है कि ये फिल्म अब तक की सबसे महंगी भारतीय फिल्म होगी। फिल्म में सिडनी एक यंग अमेरिकन स्टार का किरदार निभाएंगी, जिसे एक भारतीय सेलेब से प्यार हो जाता है। फिल्म की शूटिंग अगले साल लंदन, दुबई, न्यूयॉर्क और पेरिस में होगी। हालांकि, इस फिल्म के नाम से जुड़ी कोई भी जानकारी अभी तक सामने नहीं आई है।सिडनी स्वीनी एक अमेरिकन एक्ट्रेस हैं। इन्हें टीवी सीरीज यूफोरिया, द व्हाइट लोटस, द हैंडमेड्स टेल, शॉर्प ऑब्जेक्ट जैसे शो की वजह से पॉपुलैरिटी मिली है। जल्द ही वो अमेरिका की पहली महिला बॉक्सर क्रिस्टी मार्टिन की लाइफ पर आधारित फिल्म क्रिस्टी में नजर आएंगी। यह 7 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



## एक नजर

### बारिश से क्षतिग्रस्त हुई सड़क, आवागमन में दिक्कत



**बल्दीराय - सुलतानपुर।** तहसील क्षेत्र के सुल्तानपुर-हलियापुर मार्ग से चक कारी भीट गांव को जोड़ने वाली पीडब्ल्यूडी विभाग की पक्की सड़क लगातार हो रही बारिश के कारण पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। सड़क बह जाने से ग्रामीणों और राहगीरों को आवागमन में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। स्थानीय निवासियों के अनुसार अब इस मार्ग पर केवल साइकिल और मोटरसाइकिल ही चल पा रही हैं। स्कूल जाने वाले बच्चों को बस तक पहुंचने के लिए करीब एक किलोमीटर पैदल चलना पड़ रहा है,जिससे उनकी पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई,तो बची-खुची सड़क भी पूरी तरह नष्ट हो जाएगी।चक कारी भीट गांव के मुन्तज़ीम, मोहम्मद वसीम, शाहिद हुसैन, मोहम्मद रईस, आदिल खान, अल्ताफ अहमद, राम शरण, श्याम बिहारी, सुंदरलाल, कल्लू, बरसाती, मन्नान, खुर्शीद, शौकत अली, मोहम्मद आवेश, मोहम्मद इसराइल खूटी समेत दर्जनों ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों और प्रशासन से सड़क की जल्द मरम्मत कराने की मांग की है।

### व्यापारी पिता-पुत्र से अभद्रता का आरोपित सिपाही लाइन हाजिर

**मोतिगरपुर-सुलतानपुर।** व्यापारी पिता-पुत्र से अभद्रता और धमकी देने के मामले में आखिरकार कार्रवाई हुई। घटना के 15वें दिन बुधवार देर रात एसपी ने आरोपित सिपाही रोहित कुमार को लाइन हाजिर कर दिया। मालूम हो कि 3 सितंबर को मोतिगरपुर पठखौली निवासी इलेक्ट्रॉनिक्स कारोबारी अनिल पाठक के पुत्र सौरभ पाठक से डायल 112 पर तैनात सिपाही रोहित कुमार ने थाने में अभद्रता की थी। सूचना मिलने पर जब अनिल पाठक थाने पहुंचे तो सिपाही ने उनके साथ भी दुर्व्यवहार करते हुए निजी पिस्टल से गोली मारने और घर में आग लगाने की धमकी दी थी। इस घटना से आक्रोशित व्यापारियों ने बडी संख्या में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल मोतिगरपुर बाजार अध्यक्ष मुकुंद मिश्र की अगुवाई में थाने से लेकर एसपी कार्यालय तक शिकायत दर्ज कराकर आरोपित सिपाही को हटाने की मांग की, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। मंगलवार को दर्जनों की संख्या में व्यापारी पीड़ित के साथ सदर विधायक राजप्रसाद उपाध्याय से मिले और मामले की जानकारी देते हुए नाराजगी जताई। विधायक के हस्तक्षेप पर एसपी ने बुधवार देर रात आरोपित सिपाही को लाइन हाजिर कर दिया। आरोपित पर कार्रवाई होने की जानकारी मिलते ही व्यापारियों ने राहत की सांस ली। प्रभारी थानाध्यक्ष विनोद मिश्र ने मामले की पुष्टि की है।

### पिता की ढाल बने पुलकित, बाहुबली भाइयों पर साधा निशाना

**सुलतानपुर।** सुलतानपुर विधायक विनोद सिंह के पुत्र पुलकित सिंह ने समाजवादी पार्टी के नेता सोनू-मोनू पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलकित ने कहा कि दो दिन पूर्व दूबेपुर ब्लाक में क्षेत्र पंचायत सदस्यों की सामान्य बैठक में जानबूझकर हंगामा कराया गया। आरोप है कि सोनू-मोनू ने एक दलित व्यक्ति को मदिरा पिलाकर सभागार में भेजा और उससे विधायक विनोद सिंह के खिलाफ बयान दिलवाया। पुलकित ने कहा कि इस तरह की राजनीति समाज को बांटने वाली है। उन्होंने कहा कि जहाँ एक ओर योगी- मोदी सरकार अनुसूचित वर्गों सहित गरीब तबके को योजनाओं का लाभ पहुंचाने का काम कर रही है, वहीं सोनू-मोनू जातिवाद और अफवाहों की राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्व विधायक स्व. इन्द्रभद्र सिंह गरीबों की मदद करते थे, लेकिन उनके पुत्र गरीबों का इस्तेमाल राजनीतिक स्वार्थ के लिए कर रहे हैं। पुलकित ने जनता से अपील की कि वे ऐसे नेताओं की राजनीति से सचेत रहें। अंत में उन्होंने सवाल उठाया कि सुलतानपुर की जनता को कैसा विधायक चाहिए — विकास कार्यों और कानून व्यवस्था को प्राथमिकता देने वाला या फिर ऐसे नेता जो हमेशा कानून का अनादर करें।

### अनूप सण्डा के केस में गवाह तलब

**सुलतानपुर।** आदर्श चुनाव आचार संहिता उल्लंघन के आरोप में सपा के पूर्व विधायक अनूप सण्डा पर लम्बित मुकदमे में गुरुवार को गवाह नहीं आने से सुनवाई छह अक्टूबर के लिए टल गई है। पूर्व विधायक और सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनूप सण्डा पर साल 2022 में विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान केएनआईटी परिसर में बिना अनुमति जनसभा करने का आरोप है। कोर्ट ने अभियोजन के चौथे गवाह कांस्टेबल विजय कुमार को गवाही में तलब किया है।

# सपा थी गुंडों की सरकार, होते थे दंगे : ओपी राजभर

## कैबिनेट मंत्री बोले राहुल हाइड्रोजन तो हम बना रहे परमाणु बम

» पीएम के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का हुआ शुभारंभ

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सुलतानपुर।** जिले के प्रभारी व पंचायतीराज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन से शुरू हुए सेवा पखवाड़ा के दूसरे दिन भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी, विधायक राजप्रसाद उपाध्याय, नगर पालिकाध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल, सुभाषपा जिलाध्यक्ष विनीत सिंह, जिलाधिकारी कुमार हर्ष, पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह, सीडीओ की मौजूदगी में तिकोनिया पार्क में प्रधानमंत्री के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का शुभारंभ फीता काटकर किया। इस प्रदर्शनी में 26 चित्रों के माध्यम से प्रधानमंत्री के बाल्यकाल से लेकर प्रधानमंत्री बनने तक के सफर को दिखाया गया है।



प्रभारी मंत्री ने उनके हर एक चित्र को ध्यान से देखा। उन्होंने कहा विपरीत परिस्थितियों व संघर्षों से जूझते हुए प्रधानमंत्री ने जिस विराट व्यक्तित्व का निर्माण किया उसे यह प्रस्तुत करती है।प्रभारी मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा सपा सरकार गुन्डों की सरकार थी। इनकी सरकार में दंगे व कर्फ्यू लगते थे उससे निजात मिली है। कहा आज प्रदेश की कानून व्यवस्था चाक चौबंद है। सड़क, रेलवे व एअर कनेक्टिविटी के विस्तार के साथ चौतरफा विकास हो रहा है।गांव में भी सड़क, बिजली, पानी, शौचालय, आवास, स्वास्थ्य आदि हर तरह की सुविधा सरकार मुहैया करा रही है। डिजिटल लाइब्रेरी, ओपन जिम, उत्सव भवन गांव में पहुंच रहे हैं।

पीएम मोदी व मुख्यमंत्री योगी की सरकार आम जनता के लिए काम कर रही है। उन्होंने कांग्रेस के हाइड्रोजन बम पर हमला करते हुए कहा कांग्रेस के लिए निषाद पार्टी चीफ संजय निषाद,अपना दल चीफ अनुप्रिया पटेल और सुभासपा इलेक्ट्रान,न्यूट्रान और प्रोटान मिलकर परमाणु बम हैं।यह भी कहा 60 साल तक कांग्रेस की सरकार ने दलित - पिछड़ों व अल्पसंख्यको का कोई भला नहीं किया। कुछ किया होता तो बताते।

इस कार्यक्रम में गन्ना विकास समिति चैयरमैन गांधी सिंह, जिला उपाध्यक्ष ज्ञान प्रकाश जायसवाल, मीडिया प्रमुख विजय रघुवंशी, आलोक आर्या, बबिता जायसवाल, चन्दन नारायन सिंह,डॉ रामजी गुप्ता, अखिलेश जायसवाल, हिमांशु गुप्ता, अजय जायसवाल, रेखा निषाद, नगर अध्यक्ष रीना जायसवाल, रमेश सिंह टिन्नू, जया सिंह, सुमन राव कोरी, मनीष साहू, राहुल भान मिश्रा, आकाश जायसवाल, अयोध्या प्रसाद वर्मा, अनुज प्रताप सिंह, आत्मजीत सिंह टीटू, सौरभ पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# प्रभारी मंत्री ओपी राजभर ने की विकास कार्यों व कानून व्यवस्था की समीक्षा



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सुलतानपुर।** कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को कैबिनेट मंत्री पंचायती राज,अल्पसंख्यक कल्याण,मुस्लिम वक्फ एवं हज विभाग तथा प्रभारी मंत्री ओमप्रकाश राजभर की अध्यक्षता में विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

बैठक में अध्यक्ष जिला पंचायत उषा सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी, एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह, विधायक सदर राज प्रसाद उपाध्याय, जिलाधिकारी कुमार हर्ष, पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक, नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल, सुभासपा जिलाध्यक्ष विनीत सिंह सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में जिलाधिकारी कुमार हर्ष ने मंत्री का स्वागत किया तथा विभिन्न विभागों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। अगस्त में विकास कार्यों की प्रगति में जनपद की 35वीं रैंकिंग की जानकारी दी गई।

प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि बारिश समाप्त होने के बाद सड़कों को गड्ढामुक्त बनाने का अभियान चलाया जाए। साथ ही जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़क बहाली कार्य में तेजी लाने का आदेश दिया।

विद्युत आपूर्ति को लेकर विधायक सदर व एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने कड़ी नाराजगी जताई। इस पर मंत्री ने विद्युत विभाग को निर्देश दिया कि विधानसभा वार बिजली आपूर्ति का शेड्यूल सार्वजनिक किया जाए और शिकायतों का तत्काल निस्तारण सुनिश्चित हो। कुसुम योजना के प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देने और अधिक से अधिक किसानों को सोलर पंप का लाभ दिलाने के लिए विशेष कैंप आयोजित करने के निर्देश दिए गए। वहीं, पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में आधारभूत सुविधाओं को दुरुस्त करने पर भी जोर दिया गया।

बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि मंत्री जी द्वारा दिए गए सभी निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन कराया जाएगा, जिससे जिले का समग्र विकास सुनिश्चित हो सके।

### बिना गवाही कोर्ट से वापस लौटीं प्रधानाध्यापिका

**सुलतानपुर।** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज संग्रामपुर के सरकारी धन का गबन और अभिलेखों को गायब करने के मामले में गवाही देने पहुंची प्रधानाध्यापिका वकीलों के प्रस्ताव के कारण कोर्ट से वापस लौट गईं। सीजेएम नवनीत सिंह ने मामले की सुनवाई 23 सितम्बर को नियत की है। बचाव पक्ष के वकील रवि शुक्ल ने बताया कि वरिष्ठ सहायक लिपिक अजय मौर्य को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज अमेठी से संबद्ध किया गया था। जीजीआइसी अमेठी की प्रधानाध्यापिका डॉ. फूलकली गुप्ता ने बोर्ड परीक्षा में ड्यूटी कर चुके कक्ष निरीक्षकों के पारिश्रमिक का गबन करने, रिकॉर्ड गायब करने और गाली गलौज कर अपमानित करने का मुकदमा 25 मई 2018 को अजय मौर्य पर दर्ज कराया था। मामले की सुनवाई सीजेएम कोर्ट में जारी है।

# पुरुषोत्तम सिंह महाविद्यालय में 137 विद्यार्थियों को मिले टैबलेट

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बल्दीराय - सुलतानपुर।** तहसील क्षेत्र के सिंहनी स्थित पुरुषोत्तम सिंह महाविद्यालय में गुरुवार को विशेष कार्यक्रम आयोजित कर छात्र–छात्राओं को डिजिटल शिक्षा से जोड़ने की पहल की गई। इस दौरान कुल 137 विद्यार्थियों को टैबलेट वितरित किए गए।



कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख शिवकुमार सिंह एवं विशिष्ट अतिथि समाज सेवी प्रभात सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।अपने संबोधन में ब्लॉक प्रमुख शिवकुमार ने कहा कि सरकार शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक और सुलभ बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। विद्यार्थियों को टैबलेट मिलने से पढ़ाई में तकनीकी सुविधा उपलब्ध होगी और वे समय के साथ कदमताल कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि डिजिटल शिक्षा आने वाली पीढ़ियों के लिए नए अवसरों का द्वार खोलेगी और ग्रामीण अंचल के बच्चों को भी तकनीकी क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा।

इस अवसर पर विद्यालय परिवार एवं छात्र–छात्राओं ने अतिथियों का जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम में प्रबंधक अशोक कुमार सिंह, प्राचार्य दुर्गेश शुक्ल, गोविंद सिंह, उत्तम तिवारी, रवि दुबे, विनोद कुशवाहा, लवली तिवारी, सरोज सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि पिंटू पांडे सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### अधिवक्ता की बाइक चोरों ने उड़ाई

**कादीपुर-सुलतानपुर।** अधिवक्ता बीरबल सिंह एडवोकेट के मोटरसाइकिल पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। वृहस्पतिवार को प्रतिदिन की तरह दीवानी न्यायालय के सामने अपनी गाड़ी खड़ी करके विधि कार्य में व्यस्त हो गए। दोपहर लगभग 1:00 बजे उन्होंने देखा कि उनकी बाइक गायब है। उन्होंने काफी खोजबीन किया लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चला। उन्होंने गाड़ी गायब होने की लिखित सूचना कोतवाली कादीपुर में की है। इस तरह आए दिन तहसील से अधिवक्ता / वादकारी की मोटरसाइकिल गायब हो रही है। जिससे अधिवक्ताओं में काफी आक्रोश है।

# दीवार काटकर नगदी और आभूषण समेट ले गए चोर

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**जयसिंहपुर-सुलतानपुर।** गोसाईगंज के बनमई गांव में बुधवार की रात चोरों ने एक मकान को निशाना बनाया। दीवार काटकर घर में घुसे चोर करीब सात लाख का सामान समेटकर फरार हो गए। पुलिस ने घटना स्थल पर जाकर जांच पड़ताल की है।



पुष्पेंद्र यादव रात को भोजन के बाद परिवारजन के साथ घर में सोए हुए थे। अज्ञात चोर मकान के पीछे की दीवार काटकर अंदर घुस आए। कमरे के अंदर रखे बक्सों का ताला तोड़कर चोर तीन महिलाओं का सात लाख का आभूषण और 25 हजार रुपया नगद लेकर फरार हो गए। सुबह जब लोग सोकर उठे तो उन्हें चोरी की जानकारी हुई। एक बक्सा घर के पीछे स्थित खेत में टूटा मिला। सूचना पर डायल 112 नंबर की पुलिस ने मौके पर पहुंची। पीड़ति ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष राम आशीष उपाध्याय ने बताया पुलिस टीम मौके पर गई थी। मामले की छानबीन की जा रही है।

### टीएचआर प्लांट में भ्रष्टाचार का आरोप, मंत्री से शिकायत

**बल्दीराय - सुलतानपुर।** तहसील क्षेत्र के देहली बाजार स्थित बाल पुष्टाहार इकाई में कार्यरत महिलाओं ने भ्रष्टाचार और बकाया मजदूरी न मिलने की शिकायत कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर से की है। पीड़ित महिलाओं ने इस संबंध में मंत्री को एक प्रार्थना पत्र सौंपते हुए न्याय की गुहार लगाई। महिलाओं का आरोप है कि वे लंबे समय तक प्लांट में काम करती रहीं, लेकिन अचानक जांच के नाम पर उन्हें बाहर कर दिया गया। जांच ब्लॉक प्रमुख शिवकुमार सिंह एवं जिला पंचायत सदस्य नन्द किशोर कनौजिया द्वारा कराई गई थी। इस दौरान कई महिलाओं को अनियमितताओं का हवाला देते हुए नौकरी से निकाल दिया गया। पीड़ित महिलाओं का कहना है कि नौकरी से निकाले जाने के साथ ही उनकी मजदूरी भी रोक दी गई, जिससे उन्हें आर्थिक तंगी का सामना कर रहा है। महिलाओं ने मंत्री से मांग की है कि बकाया मजदूरी का भुगतान कराया जाए।

# वैश्य समाज पर अत्याचार के खिलाफ 'हमारा समाज पार्टी' ने सौंपा ज्ञापन

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सुलतानपुर।** जनपद में लगातार वैश्य समाज पर हो रहे हमलों और उत्पीड़न को लेकर सोमवार को अखिल भारतीय हमारा समाज पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इसमें कई गंभीर घटनाओं का उल्लेख करते हुए आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और कड़ी कार्यवाही की मांग की गई।



ज्ञापन में कहा गया कि दोस्तपुर थाना क्षेत्र के गोसैसिंहपुर निवासी संतराम अग्रहरि की हत्या के मामले में मुख्य आरोपी अर्जुन पटेल व प्रदीप वर्मा अब तक गिरफ्त से बाहर हैं। इनके खिलाफ गैंगेस्टर एक्ट की कार्रवाई करते हुए सरकारी जमीन पर बने अवैध निर्माण को गिराया जाए। इसी तरह चांदा थाना क्षेत्र में गारापुर निवासी मक्खन लाल गुप्ता के मकान पर दबंग भू-माफियाओं द्वारा कब्जे की कोशिश की गई, जिसमें दुकान तोड़ने और फायरिंग तक की गई। आरोपियों की गिरफ्तारी कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। कुड़वार थाना क्षेत्र के एक गांव में छात्रा के साथ गैंगरेप व हत्या की घटना में नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी कर गैंगेस्टर एक्ट लगाया जाए। साथ ही पीड़ित परिवार को सरकारी नौकरी और आर्थिक सहयोग उपलब्ध कराया जाए।

पार्टी नेताओं ने कहा कि यदि समय रहते दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन करने पर वे विवश होंगे। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता, राष्ट्रीय महासचिव दिलीप गुप्ता, प्रदेश मंत्री सुनील कुमार गुप्ता, जिला अध्यक्ष राहुल गुप्ता, जिला महासचिव अनिल गुप्ता समेत सैकड़ों पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 34 करोड़ से बनेगी एक्सप्रेस -वे से बिजेथुआ धाम तक डबल लेन सड़क

» विधायक राजेश गौतम की पहल से मिलेगा बड़ा तोहफ़ा

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कादीपुर-सुलतानपुर।** क्षेत्रीय विधायक राजेश गौतम के प्रयासों से जल्द ही श्रद्धालुओं को बड़ा लाभ मिलने वाला है। करीब 34 करोड़ की लागत से पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से बिजेथुआ महावीरन धाम तक 16 किलोमीटर लंबी सड़क का चौड़ीकरण कर डबल लेन बनाया जाएगा।

लोक निर्माण विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में इस मार्ग का कायाकल्प करने की योजना बनाई है। दोस्तपुर से मुडिला बाजार होते हुए सूरापुर बिजेथुआ धाम तक वर्तमान में जर्जर और सकरी सड़क के कारण श्रद्धालुओं को परेशानी झेलनी पड़ती थी। वाहनों के ओवरटेक करने में खतरा रहता था और आए दिन हादसे होते थे। अब 5 मीटर चौड़ी सड़क पर वाहनों का सुगम संचालन संभव होगा।

### अयोध्या से सीधे जुड़ जाएगा बिजेथुआ धाम

सड़क बनने के बाद अयोध्या से बिजेथुआ धाम का सीधा जुड़ाव होगा। वहीं, बिजेथुआ से काशी तक पहले से डबल लेन बना है। इसका सीधा लाभ अयोध्या और काशी आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को मिलेगा। काशी से आने वाले श्रद्धालु अब बिजेथुआ होकर एक्सप्रेसवे के रास्ते आसानी से अयोध्या पहुंच सकेंगे। सुरापुर बाजार में मंगलवार और शनिवार को घंटों जाम लग जाता है। सड़क चौड़ी होने और अतिक्रमण हटने से जाम से मुक्ति मिलेगी और यात्रियों को आवागमन में सुविधा होगी। विधायक राजेश गौतम ने कहा मैंने मुख्यमंत्री जी से इस मार्ग के चौड़ीकरण की मांग की थी, जिस पर शासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है। इस सड़क को डबल लेन बनाना मेरा लक्ष्य है। पीडब्ल्यूडी विभाग ने काम शुरू कर दिया है और जल्द ही जनता को परिणाम दिखाई देगा।

# मोदी जैसे नेता यदा-कदा ही जन्म लेते हैं : ऊषा सिंह

## जिपं अध्यक्ष, बोलीं भारत का परचम पूरी दुनिया में लहरा रहा है

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सुलतानपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर आयोजित सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा सिंह ने कहा कि "मोदी जैसे नेता धरती पर यदा-कदा ही जन्म लेते हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत का परचम पूरी दुनिया में लहरा रहा है और यह मोदी जी की दृढ़ इच्छाशक्ति व दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम है।



ऊषा सिंह ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने के रुख के बावजूद भारत अपनी नीतियों पर अडिग रहा। वैश्विक नेता के रूप में अपनी पहचान बना चुके प्रधानमंत्री मोदी ने जनता पर बोझ न पड़े, इसके लिए जीएसटी में कमी जैसे कई दूरगामी फैसले लिए।

जिला पंचायत अध्यक्ष ने विपक्ष पर भी तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि विपक्ष लगातार मोदी और उनकी सरकार पर अनर्गल आरोप लगाता रहा है—कभी वोट चोरी तो कभी संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग की बात की, लेकिन सभी आरोप निराधार साबित हुए हैं। उन्होंने कहा कि आज जनता जागरूक है और जानती है कि देश को विकसित राष्ट्र बनाने का काम केवल भाजपा सरकार ही कर सकती है। कार्यक्रम का आयोजन इसौली विधानसभा क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बल्दीराय में किया गया।

इस अवसर पर एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह, भाजपा नेत्री मनीषा पांडे, सीएचसी अधीक्षक डॉ. अजय प्रताप सिंह, डॉ. एसपी सिंह, मंडल अध्यक्ष विशाल जायसवाल, राजधर शुक्ला, घनश्याम तिवारी, राजेश शुक्ला, अवधेश पांडेय, विजय तिवारी, पंकज शुक्ला, नरेंद्र अग्रहरि, दिलीप सिंह सहित अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### युवती से दुष्कर्म, आरोपित की तलाश में जुटी पुलिस

**सुलतानपुर।** कोतवाली देहात के एक गांव से शर्मसार कर देने वाली घटना प्रकाश में आई है। यहां एक युवती के साथ दुष्कर्म की वारदात हुई, जिससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। परिजन तुरंत कोतवाली पहुंचे और लिखित तहरीर सौंपते हुए न्याय की गुहार लगाई।

पीड़िता ने पुलिस को दिए बयान में आरोप लगाया कि मौका पाकर गांव का ही एक युवक जबरन उसके साथ दुष्कर्म कर फरार हो गया। घटना से आहत परिजनों ने सीधे पुलिस की शरण ली। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए नामजद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। कोतवाली देहात प्रभारी अखंडदेव मिश्र ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। उन्होंने कहा कि किसी भी हाल में अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा।

# देश में लागू हो समान नागरिक संहिता : राजा



**सुलतानपुर।** विश्व हिंदू परिषद के विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने कहा कि देश में समान नागरिक संहिता लागू होनी चाहिए। उन्होंने देश के संविधान के अनुच्छेद 14 के तहत कानून के तहत समानता और अनुच्छेद 44 में उल्लेखित यूनिफॉर्म सिविल कोड के तहत मामलों की सुनवाई सुनिश्चित करने की मांग दोहराई।

वक्फ बिल संशोधन पर चर्चा करते हुए अरविंद सिंह राजा ने कहा कि देश में 40 लाख एकड़ जमीनों पर वक्फ़ का कब्जा है जिसमें बहुत सारी विवादित हैं। इन विवादों को हल किए जाने के लिए ट्रिब्यूनल का गठन किया गया जिसमें समुदाय विशेष के प्राधिकारी ही नियुक्त होते हैं। वक्फ का मामला ट्रस्ट और प्रॉपर्टी का है और इन जमीनों पर अन्य लोगों का भी कब्जा है। इसलिए वक्फ से जुड़े मामलों की सुनवाई सिविल कोर्ट में होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि काफी चर्चा के बाद वक्फ संशोधन बिल लाया गया जिसके 12 बिंदुओं को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई। शीर्ष अदालत ने नौ बिंदुओं को सही माना और तीन पर अंतरिम स्टे दिया है। फैसले में पांच साल से मुस्लिम होने पर ही वक्फ करने के प्रस्ताव पर कोर्ट ने स्टे किया लेकिन इसे नहीं कहा है। कोर्ट ने संशोधन के 95 फीसदी प्रस्तावों को सही माना है। अंतरिम फैसला सराहनीय और स्वागत योग्य है।

**बैठक** डीएम–एसपी ने दिए निर्देश, हर पंडाल में व्यवस्थाओं का होगा पुख्ता इंतज़ाम

# त्यौहारों पर सुरक्षा–सुव्यवस्था को लेकर प्रशासन सख़्त

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सुलतानपुर।** आगामी दुर्गा पूजा महोत्सव, दशहरा और रामलीला–2025 को शांति व सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने को लेकर सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अहम बैठक आयोजित की गई।



बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी कुमार हर्ष और पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने संयुक्त रूप से की। इस मौके पर सीडीओ अंकुर कौशिक, नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल, केन्द्रीय पूजा समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश पाण्डेय सहित धर्मगुरु, सम्भ्रांतजन व जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में एडीएम (प्रशासन) ने तहसीलवार व थानावार तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी तहसीलों में शांति समिति की बैठक हर हाल में की जाए और त्यौहार से पहले विद्युत, पेयजल, साफ-सफाई, यातायात और पंडाल की अनुमति जैसी आधारभूत व्यवस्थाएं पूरी कर ली जाएं।

### पंडालों में सीसी टीवी और वॉलेंटियर्स की सूची अनिवार्य

बैठक में एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने सभी पूजा समितियों से आग्रह किया कि अपने-अपने पंडालों में सीसीटीवी कैमरे लगाएं और वॉलेंटियर्स की सूची प्रशासन को उपलब्ध कराएं, ताकि पुलिस बल की उचित तैनाती की जा सके। उन्होंने कहा कि विसर्जन मार्ग और पंडाल स्थलों को भी सीसीटीवी से जोड़ा जाएगा, ताकि कंट्रोल रूम से सीधी मॉनिटरिंग हो सके। एसपी ने स्पष्ट किया कि डीजे की आवाज़ मानक के अनुरूप और अनुमति प्राप्त होनी चाहिए। जिलाधिकारी कुमार हर्ष ने कहा कि पूजा समितियों से मिले सुझावों को नोट किया गया है और एक हफ्ते के भीतर सभी समस्याओं का निराकरण कराया जाएगा। उन्होंने एसडीएम व सीओ को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में पंडालों के रूट का निरीक्षण अवश्य करें और सुनिश्चित करें कि कोई कमी न रहे। पीस कमेटी के सदस्य अनिल द्विवेदी, मौलाना लतीफ, अमर बहादुर सिंह समेत कई लोगों ने अपने विचार रखे। नगर पालिका अध्यक्ष ने भी रूट डायवर्जन, सफाई, पेयजल और विद्युत व्यवस्था पर विस्तृत रूपरेखा रखते हुए जिला प्रशासन का आभार जताया।

# साहित्यकार सर्वेश कान्त को शार्क इंटरनेशनल प्राइड अवार्ड

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**जयसिंहपुर-सुलतानपुर।** युवा साहित्यकार व शिक्षक सर्वेश कान्त वर्मा 'सरल' को शैक्षिक एवं साहित्यिक योगदान के लिए शार्क इंटरनेशनल प्राइड अवार्ड 2025 से नवाजा गया है। हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत गोरखपुर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ कार्यक्रम में उन्हें सम्मानित किया गया।

सर्वेश कान्त वर्मा 'सरल' मूल रूप से जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के बनमई, देवदार भटमई के निवासी हैं। वर्तमान में वे रामरती इंटर कॉलेज, द्वारिकागंज में शिक्षक पद पर कार्यरत हैं। पाठ्यपुस्तक लेखन में उनकी विशेष पहचान है। उनकी कई पुस्तकें उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद में पढ़ाई जा रही हैं। आगे भी उनका पाठ्यक्रम लेखन जारी है। साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सर्वेश को पहले भी विभिन्न देशों की संस्थाओं ने सम्मानित किया है। वे



सामाजिक व सांस्कृतिक गतिविधियों, नशा उन्मूलन अभियान और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। यह अवार्ड उन्हें काठमांडू (नेपाल) में 24 अगस्त 2025 को दिया जाना था। विद्यालयी कार्यभार और नेपाल की परिस्थितियों के कारण वे वहां नहीं पहुंच सके। ऐसे में हिंदी पखवाड़े के अवसर पर गोरखपुर में उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संयोजन कवयित्री डॉ. सरिता सिंह ने किया।

धराधाम इंटरनेशनल के प्रमुख एवं मानद कुलपति डॉ. सौरभ पांडेय व माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश पाठ्यक्रम समिति के सदस्य डॉ. एहसान अहमद ने उन्हें अवार्ड प्रदान किया। इस मौके पर कार्यक्रम के आयोजक अनिल श्रीवास्तव, विनीता श्रीवास्तव, कवियित्री डॉ. सरिता सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### सऊदी अरब-पाकिस्तान रणनीतिक रक्षा समझौते पर भारत की नजर : विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली।** भारत ने कहा है कि सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच पारस्परिक रणनीतिक रक्षा समझौते तथा इसके संभावित असर पर उसकी कड़ी नजर है और वह अपने राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इस समझौते के संबंध में मीडिया के एक प्रश्न के जवाब में गुरुवार को कहा कि भारत अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ-साथ क्षेत्रीय और वैश्विक स्थिरता पर इस घटनाक्रम के प्रभावों का अध्ययन करेगा। सरकार राष्ट्रीय हितों की रक्षा और सभी क्षेत्रों में व्यापक राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, ₹ हमने सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच एक रणनीतिक पारस्परिक रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर की खबरें देखी हैं। सरकार को इस बात की जानकारी थी कि यह घटनाक्रम, जो दोनों देशों के बीच एक दीर्घकालिक समझौते को औपचारिक रूप देता है पहले से विचाराधीन था।₹ उन्होंने कहा, ₹ हम अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ-साथ क्षेत्रीय और वैश्विक स्थिरता पर इस घटनाक्रम के प्रभावों का अध्ययन करेंगे। सरकार भारत के राष्ट्रीय हितों की रक्षा और सभी क्षेत्रों में व्यापक राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।₹ उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान और सऊदी अरब ने नाटो की तर्ज पर पारस्परिक रक्षा रणनीतिक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इसमें कहा गया है कि किसी भी एक देश पर हमले को दूसरे के खिलाफ हमले की तरह देखा जाएगा।

### पेन्सिलवेनिया में गोलीबारी में तीन पुलिस अधिकारियों की मौत, दो घायल

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के पूर्वोत्तर राज्य पेन्सिलवेनिया के यॉर्क काउंटी में बुधवार दोपहर हुयी गोलीबारी में तीन पुलिस अधिकारी मारे गये और दो अन्य घायल हो गये। अमेरिकी मीडिया ने यह जानकारी दी। सीबीएस न्यूज ने बताया कि यह घटना स्थानीय समयानुसार दोपहर दो बजे यॉर्क काउंटी के नॉर्थ कोडोरस टाउनशिप में घटी है। चार अधिकारी उत्तरी यॉर्क काउंटी क्षेत्रीय पुलिस विभाग से थे, जबकि पांचवा यार्क काउंटी के डिप्टी शेरिफ है। अधिकारियों ने कहा कि गंभीर रूप से घायल होने के कारण तीन अधिकारियों की मौत हो गयी और दो का इलाज चल रहा है। अधिकारियों के अनुसार पुलिस अधिकारी उस क्षेत्र में वारंट की तामील कर रहे थे, तभी एक संदिग्ध ने बंदूक निकाली और उन पर गोली चला दी। रिपोर्ट में कहा गया कि पेन्सिलवेनिया राज्य पुलिस गोलीबारी की जांच कर रही है। अपने सोशल मीडिया पोस्ट में पेन्सिलवेनिया के गवर्नर जोश शापिरो ने कहा कि उन्होंने अधिकारियों से यार्क काउंटी के हालात का जायजा लिया है। उन्होंने क्षेत्रीय लोगों से स्थानीय अधिकारियों और राज्य पुलिस के निर्देशों का पालन करने को भी कहा है। पेन्सिलवेनिया के लेफ्टिनेंट गवर्नर ऑस्टिन डेविस ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लोगों से यार्क काउंटी गोलीबारी में की चपेट में आये अधिकारियों और अन्य लोगों के लिये प्रार्थना करने की अपील की है।

### सुकमा के जंगलों में नक्सलियों के साथ मुठभेड़, सुरक्षाबलों की कार्रवाई जारी

**सुकमा।** सुकमा जिले के पश्चिमी क्षेत्र के घने जंगलों में आज प्रात: सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। मुठभेड़ में रुक-रुक कर फायरिंग जारी है। यह कार्रवाई सुरक्षाबलों द्वारा माओवादियों की मौजूदगी की विश्वसनीय खुफिया जानकारी मिलने के बाद शुरू की गई है। छत्तीसगढ़ पुलिस के द्वारा दी गई अधिकृत जानकारी के मुताबिक, ऑपरेशन अत्यंत संवेदनशील चरण में है। ऑपरेशन में शामिल बलों की संख्या और सटीक स्थान जैसी संवेदनशील जानकारी सार्वजनिक नहीं की जा रही है, ताकि हमारे जवानों की सुरक्षा और मिशन की सफलता को खतरा न हो। उन्होंने आगे कहा कि सुरक्षाबल पूरी सतर्कता के साथ कार्रवाई कर रहे हैं और स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

### ट्रंप का दूसरा ब्रिटेन दौरा, किंग चार्ल्स ने किया शाही भोज का आयोजन

**लंदन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का ब्रिटेन का दूसरा दौरा काफी व्यस्त रहा और उनके सम्मान में किंग चार्ल्स ने शाही भोज का आयोजन किया। श्री ट्रंप प्रधानमंत्री स्टारमर के साथ बैठक करेंगे और विपक्ष के नेता केमी बेडेनोच से भी मुलाकात की उम्मीद है। बीबीसी के अनुसार वह ब्रिटेन की ओर से दूसरी बार राजकीय यात्रा निमंत्रण पाने वाले अमेरिका के पहले राष्ट्रपति हैं जिसे उन्होंने अद्वितीय सौभाग्य बताया और किंग चार्ल्स को संबोधित करते हुए कहा कि आपके लिये और आपके देश के प्रति मेरे मन में ढेर सारा सम्मान है। अपने जीवन का सबसे बड़ा सम्मान बताते हुये श्री ट्रंप ने मजाकिया लहजे में कहा, शायद यह आखिरी बार हो कि किसी अमेरिकी राष्ट्रपति को दूसरी बार आमंत्रित किया गया हो। राजकीय भोज के अपने भाषण में उन्होंने दोनों देशों के विशेष संबंधों की सराहना करते हुये कहा कि दोनों देश इतिहास, भाषा और संस्कृति, परंपरा, वंश और कई चीजों से जुड़े हैं। इस अवसर पर किंग चार्ल्स ने कहा कि यह समारोह ब्रिटेन-अमेरिका संबंधों के नवीकरण के रूप में है और यह हमारी मित्रता में अटूट विश्वास और स्वतंत्रता एवं स्वतंत्रता के प्रति साझा प्रतिबद्धता है। ब्रिटेन-अमेरिकी संबंधों पर बात करते हुये उन्होंने कहा कि हमारे लोगों ने उन मूल्यों के लिए एक साथ लड़ाई लड़ी और अपनी जान दे दी, जिन्हें हम प्रिय मानते हैं। उन्होंने कहा, इस समय जब अत्याचार एक बार फिर यूरोप के लिए खतरा बन गया है तो हम और हमारे सहयोगी यूक्रेन के समर्थन में, जंग को रोकने और शांति सुनिश्चित करने के लिए एक साथ खड़े हैं। उन्होंने श्री ट्रंप, उनकी पत्नी श्रीमती मेलानिया और अमेरिका के लोगों के अच्छे स्वास्थ्य, समृद्धि और खुशी की कामना की। इससे पहले श्री ट्रंप ने क्वीन एलिजाबेथ द्वितीय के मकबरे पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस राजयकीय भोज में शाही परिवार और अमेरिकी प्रशासन के सदस्य भी मौजूद रहे और कुल मिलाकर इसमें 160 लोगों ने हिस्सा लिया। बैंक्वेट हॉल में ब्रिटिश प्रधानमंत्री सर कीर स्टारमर, विदेश सचिव यवेट कूपर, पूर्व विदेश सचिव डेविड लैमी, एनवीडिया के सीईओ जेन्सन हुआंग और ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन, ब्लैकस्टोन के सीईओ स्टीव श्वार्टज़मैन और मीडिया दिग्गज रूपर्ट मर्डोक जैसे दिग्गज मौजूद रहे। अमेरिका की ओर से अपनी पत्नी जीनेट रुबियो के साथ विदेश मंत्री मार्को रुबियो, अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और यूएस मास्टर्स विजेता गोल्फर निक फाल्डो थे।

### सुधांशु वत्स बने भारतीय विज्ञापन मानक परिषद के नये अध्यक्ष

**मुंबई।** पिडिलाइट इंडस्ट्रीज के प्रबंध निदेशक सुधांशु वत्स को भारतीय विज्ञापन मानक परिषद (एएससीआई) का नया अध्यक्ष चुना गया है। परिषद की 39वीं वार्षिक आम सभा में गुरुवार को यह घोषणा की गई। उन्होंने पूर्व अध्यक्ष पार्थ सिन्हा की जगह ली है। मुलनलोवे ग्लोबल के एस. सुब्रमण्यम को उपाध्यक्ष और प्रोवोकेटर एडवाइजरी के प्रमुख एवं उद्योग विशेषज्ञ पारितोष जोशी को मानद कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। सुधांशु वत्स ने अपनी नियुक्ति पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, आज एएससीआई की भूमिका पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। विज्ञापन नयी तकनीकों और फॉर्मैट्स के साथ लगातार बदल रहा है। ऐसे में हमारी जिम्मेदारी है कि विज्ञापन ईमानदारी से बने उत्पाद के वादे पर केंद्रित रहे, समाज का सम्मान करे और उपभोक्ताओं को प्राथमिकता दे। उन्होंने कहा कि ऐसे दौर में जब भरोसा आसानी से डगमगा सकता है, आत्म-नियमन न केवल उद्योग को दिशा देता है, बल्कि जनता को भी आश्वस्त करता है। श्री सिन्हा ने कहा, पिछले वर्षों में हमने केवल 'वॉचडॉग' की भूमिका नहीं निभाई, बल्कि जिम्मेदार संवाद को सक्षम बनाने वाले साझेदार बने। हमने डिजिटल क्षेत्र में मजबूती से कदम रखा क्योंकि जिम्मेदारी तकनीक से पीछे नहीं रह सकती।

### पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच हुआ रक्षा समझौता

रियाद। सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान और पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बुधवार को एक रक्षा समझौते पर साइन किए। इस समझौते के तहत एक देश पर हमला दूसरे पर भी हमला माना जाएगा। सऊदी प्रेस एजेंसी के मुताबिक, दोनों देशों ने एक जॉइंट स्टेटमेंट में कहा कि यह समझौता दोनों देशों की सुरक्षा बढ़ाने और विश्व में शांति स्थापित करने की प्रतिबद्धता को दिखाता है। इस समझौते के तहत दोनों देशों के बीच डिफेंस कॉर्पोरेशन भी डेवलप किया जाएगा। रॉयटर्स के मुताबिक इस समझौते के तहत मिलिट्री सहयोग किया जाएगा। इसमें जरूरत पड़ने पर पाकिस्तान के परमाणु हथियारों का इस्तेमाल भी शामिल है। सऊदी अरब और पाकिस्तान के रक्षा समझौते पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत सरकार को इसकी जानकारी पहले से थी। शहबाज शरीफ के साथ पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसीम मुनीर, उप प्रधानमंत्री इशाक डार, रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ, वित्त मंत्री मोहम्मद औरंगजेब और हाई लेवल डेलिगेशन सऊदी पहुंचा है।

# नहीं थम रहा मौसम का कहर

## नंदानगर में अतिवृष्टि, 06 भवन क्षतिग्रस्त, दस लोग लापता

विश्ववार्ता ब्यूरो





**देहरादून।** उत्तराखंड में मौसम का कहर रुकने का नाम नहीं रहा है। सोमवार को देहरादून में आई प्रलय के बाद गुरुवार सुबह चमोली जनपद की नगर पंचायत नंदानगर में आफत की बारिश (अतिवृष्टि) हुई है। जिसमें कुल छह भवन ध्वस्त हो गए हैं, जबकि दस लोग लापता हैं। दो लोगों को बचा लिया गया है। साथ ही, धुर्मा गांव में भी कई भवन धराशाई हुए हैं। यहां दो लोग, जबकि ग्राम सर्पाणि में दो व्यक्तियों के लापता होने की सूचना मिली है। इस प्रकार कुल दस लोग लापता होने की प्रारंभिक जानकारी है। जिनकी पुष्टि की जा रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हादसे पर दुख व्यक्त किया है और राहत दलों से तत्परता से बचाव कार्य करने के लिए कहा है। मौसम विभाग ने राज्य के कई स्थानों पर आज भी भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

जिला आपदा प्रबंधन केंद्र, चमोली से प्राप्त सूचना के अनुसार, प्रारंभिक सूचना के अनुसार, नगर पंचायत नंदानगर के वार्ड कुन्तरि लगाफाली में भारी वर्षा के कारण मलबा आने से 06 भवन क्षतिग्रस्त हुए हैं। घटना में 06 लोगों के लापता होने की सूचना है। दो को बचा लिया गया है। जबकि नंदानगर तहसील के धुर्मा गावं में भी भारी वर्षा के कारण 4-5 भवनों की क्षति की सूचना प्राप्त हुई है। प्रारंभिक सूचना के अनुसार जनहानि नहीं है। मोक्ष नदी का जलस्तर बढ़ा है।

मिली जानकारी के मुताबिक, नन्दानगर के वार्ड कुन्तरी लग्गा फाली में कुंवर सिंह पुत्र डा० बलवन्त सिंह, आयु 42 वर्ष, कान्ता देवी पत्नी कुंवर सिंह, आयु 38 वर्ष, विकास पुत्र कुंवर सिंह, आयु 10 वर्ष, विशाल पुत्र कुंवर सिंह, आयु 10 वर्ष, देवेश्वरी देवी पत्नी दिलवर सिंह, आयु 65 वर्ष, नरेन्द्र सिंह पुत्र कुनाल सिंह कुल छह व्यक्तियों के लापता होने की सूचना है। ग्राम सरपाणी में जगदम्बा प्रसाद पुत्र ख्यालीराम, आयु 70 वर्ष और भागा देवी पत्नी जगदम्बा प्रसाद, आयु 65 वर्ष लापता है। इसके अलावा, ग्राम धुर्मा में गुमान सिंह पुत्र चन्द्र सिंह और ममता देवी पत्नी विक्रम सिंह, आयु 38 वर्ष सहित कुल दस लोग लापता हैं। उपरोक्त नामों की और पुष्टि की जा रही है।

### उत्तराखंड के चमोली के नन्दानगर में बादल फटा, 5 लापता

चमोली। उत्तराखंड में चमोली जिले के नंदानगर में बादल फटने की सूचना मिली है। नंदानगर तहसील के कुंत्री गांव में बादल फटा, वहीं धुर्मा गावं मे भी भारी वर्षा के कारण 4-5 भवनों के मलने में दब जाने की सूचना है। कुछ लोग भी लापता बताये जा रहे है। मोक्ष नदी का जलस्तर अचानक बढ़ जाने से ये घटना हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पंचायत नंदानगर के वार्ड कुन्तरि लगाफाली मे भारी वर्षा के कारण मलबा आने से 06 भवन पूर्ण छतिग्रस्त हुए है घटना मे पांच लोग लापता है वहीं दो को बचा लिया गया है। एसडीआरएफ टीम नंदप्रयाग पंहुच गयी है, एनडीआरएफ भी नन्द प्रयाग के लिए गोचर से रवाना हो गयी है। सीएमओ द्वारा जानकारी दी गयी कि मेडिकल टीम,तीन 108 एम्बुलेंस मौके पर रवाना कर दी गयी हैं।

## इज़रायल की बमबारी फ़िलिस्तीनियों पर भारी

एजेसी



**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र (संरा) के मानवीय सहायताकर्ताओं ने बुधवार को कहा कि गाजा शहर में बढ़ती इज़रायली बमबारी और ज़मीनी कार्रवाई फ़िलिस्तीनियों पर लगातार भारी पड़ रही है। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय (ओसीएचए) ने गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों के हवाले से बताया कि गाजा शहर के रंतिसी चिल्ड्रन हॉस्पिटल पर रात भर कई बार हमला किया गया। इस अस्पताल में 80 मरीज़ थे, जिनमें 12 बच्चे और शिशु गहन चिकित्सा कक्ष में थे। आधे मरीज़ और उनके देखभाल करने वाले सुरक्षा की तलाश में गोलीबारी के बीच भागने को मजबूर हुए। संरा जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) ने कहा कि गाजा में इज़रायली सैन्य अभियान के कारण महिलाएँ बिना अस्पतालों, डॉक्टरों या साफ़ पानी के सड़कों पर बच्चों को जन्म देने को मजबूर हैं। इसमें कहा गया है कि 23 हजार महिलाएँ बिना देखभाल के रह रही हैं और हर हफ़्ते लगभग 15 बच्चे बिना किसी चिकित्सा सहायता के पैदा हो रहे हैं। ओसीएचए ने कहा कि उसके मानवीय सहयोगियों ने बताया है कि मार्च में युद्धविराम टूटने के बाद से, यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य बाह्य रोगी सेवाएँ प्रदान करने वाले 80 चिकित्सा केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल केंद्र प्रभावित हुए हैं, जिनमें से 65 सेवा से बाहर हैं। ओसीएचए ने कहा कि इज़रायली सेना ने बुधवार को लोगों को अगले 48 घंटों के भीतर गाजा शहर छोड़ने और एक अस्थायी मार्ग से दक्षिण की ओर जाने का आदेश दिया। शत्रुता के दौर के बीच, हज़ारों लोग पलायन कर रहे हैं।

### नौसेना की भावी क्षमताएं स्वदेशी समाधानों पर निर्भर

**वाराणसी।** भारतीय नौसेना अध्यक्ष एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने गुरुवार को आइआइटी बीएचयू के विद्यार्थियों को 'विकसित भारत@2047' के सपने को साकार करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने भारत की समुद्री विशेषताओं पर प्रकाश डाला। कहा कि देश का 95 प्रतिशत व्यापार, 85 प्रतिशत कच्चा तेल और 99 प्रतिशत इंटरनेट डेटा समुद्री मार्गों से संचालित होता है। उन्होंने 'ब्लू इकोनमी' (महासागरों और समुद्री संसाधनों का लगातार और कुशल उपयोग करके आर्थिक विकास करना, नौकरियां पैदा करना) को दूसरा आइटी सेक्टर बताते हुए इसे भारत की अगली बड़ी विकास धारा के रूप में परिभाषित किया। विद्यार्थियों से आह्वान किया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रोबोटिक्स, एडवांस्ड मटेरियल्स और साइबर सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में नवाचार करें, क्योंकि नौसेना की भावी क्षमताएं स्वदेशी समाधानों पर निर्भर करतीं हैं।

## गंगा तट पर बसे एक दर्जन जिलों से गुजरेगा 'गंगा उत्सव जन जागरूकता' रथ

### स्वच्छता के सन्देश के साथ स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के निदेशक हिमांशु शर्मा ने रथों को किया रवाना



संजय सिंह

**पटना।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत बिहार में 'स्वच्छता ही सेवा' का राज्यव्यापी अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अभियान का उद्देश्य लोगों के बीच स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना और इसे स्वच्छता अभियान को सेवाभाव के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित करना है। इस अभियान का उद्घाटन स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के मिशन निदेशक हिमांशु शर्मा ने किया। इस मौके पर मिशन निदेशक ने 'स्वच्छता के सात वचन' सहित ऑडियो-विजुअल आ ई ई सी सामग्रियों का विमोचन किया जो राज्य के एक लाख, 9 हजार से भी अधिक वार्डों में स्वच्छता को लेकर जागरूकता फैलाने में उपयोगी होगी। साथ ही, इस अवसर पर उन्होंने 'गंगा उत्सव जन जागरूकता' के तीन रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। डिजिटल स्क्रीन और ऑडियो-विजुअल सुविधाओं से लैस यह तीनो रथ गंगा नदी के किनारे बसे बिहार के एक दर्जन जिलों से गुजरते हुए लोगों के बीच संपूर्ण स्वच्छता का संदेश प्रसारित करेंगे। श्री शर्मा ने डिजिटल कम्यूनिकेशन और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स के सहयोग से आम लोगों में स्वच्छता से सम्बंधित जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने स्वच्छता कार्यक्रमों की बेहतर निगरानी के लिए प्रभावी मशीनरी विकसित करने का भी निर्देश दिया। इस मौके पर स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के राज्य समन्वयक राजेश कुमार ने कहा कि स्वच्छता को केवल कर्तव्य नहीं, बल्कि सेवा भाव के रूप में अपनाना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने लोगों से स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझने का आह्वान किया। मिशन निदेशक ने सहयोगी संगठनों को नवरात्र और अन्य त्योहारों को 'क्लीन और ग्रीन' उत्सव के रूप में मनाने तथा आगामी 25 सितंबर को 'एक दिन एक घंटा एक साथ' राष्ट्रीय श्रमदान को प्रभावी ढंग से आयोजित करने की लोगों से अपील की। यह अभियान स्वच्छता के प्रति सामुदायिक जागरूकता और भागीदारी को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। इस अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के राज्य समन्वयक राजेश कुमार, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान सहित विभाग के वरिष्ठ पदाधिकारी, जीविका के प्रतिनिधि के साथ-साथ अन्य सहयोगी विभागों के डेवलपमेंट पार्टनर्स समेत यूनीसेफ, आइटीसी, आगा खान फाउंडेशन, वाटर एड, वाटर फॉर पिपुल इत्यादि संगठनो के पदाधिकारी व प्रतिनिधि उपस्थित थे।

- क्लीन और ग्रीन उत्सव के साथ त्योहार मनाने की लोगों से की अपील
- 25 सितंबर को 'एक दिन एक घंटा एक साथ' राष्ट्रीय श्रमदान के रूप में मनाया जाएगा

## मोदी ने नेपाल की प्रधानमंत्री से बात की

### शांति और स्थिरता के प्रयासों में भारत का समर्थन दोहराया

विश्ववार्ता ब्यूरो





**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरूवार को नेपाल की अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की से बात की और नेपाल में शांति एवं स्थिरता बहाल करने के उनके प्रयासों में भारत के समर्थन को दोहराया। श्री मोदी ने नेपाल की प्रधानमंत्री के साथ बातचीत के बाद सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री कार्की और वहां की जनता को नेपाल के राष्ट्रीय दिवस की हार्दिक बधाई भी दी।

प्रधानमंत्री ने पोस्ट में लिखा, नेपाल की अंतरिम सरकार की प्रधानमंत्री श्रीमती सुशीला कार्की से गर्मजोशी के साथ बातचीत हुयी। वहां हाल ही में हुई दुखद मौतों पर गहन संवेदना व्यक्त की और शांति एवं स्थिरता बहाल करने के उनके प्रयासों के प्रति भारत के अटूट समर्थन की पुष्टि की। इसके अलावा मैंने कल नेपाल के राष्ट्रीय दिवस पर उन्हें और नेपाल की जनता को हार्दिक बधाई दी। दोनों नेताओं की बातचीत से पहले नेपाल में भारतीय राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने मंगलवार को प्रधानमंत्री कार्की से शिष्टाचार भेंट की थी। मुलाकात के दौरान राजदूत श्रीवास्तव ने नेपाल की प्रगति और समृद्धि में सहयोग के लिए भारत की निरंतर प्रतिबद्धता व्यक्त की और आश्वासन दिया कि यह सहयोग आने वाले दिनों में भी जारी रहेगा। उन्होंने नेपाल के विकास और पुनर्निर्माण में भारत की ओर से सहायता दिये जाने की पुष्टि करते हुये कहा कि भारत नेपाल में शांति, सुशासन और स्थिरता के पक्ष में है। 'नेपाल खबर' की रिपोर्ट के अनुसार प्रधानमंत्री कार्की ने भारतीय राजदूत से कहा था कि वह गुरुवार को अपने भारतीय समकक्ष के साथ आपसी हितों के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा करेंगी। इससे पहले अंतरिम प्रधानमंत्री के रूप में कार्यभार संभालने पर श्री मोदी ने श्रीमती कार्की को भेजे बधाई संदेश में नेपाल की समृद्धि की कामना करते हुए नेपाल में नागरिक सरकार के गठन का स्वागत किया था। गौरतलब है कि नेपाल में 'जेन जेड' के आंदोलन और उसके परिणामस्वरूप हुई हिंसा के मद्देनजर, सीपीएन (यूएमएल) के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली ने 9 सितंबर को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने 12 सितंबर की रात पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की को अंतरिम सरकार का प्रधानमंत्री नियुक्त किया था। राष्ट्रपति पौडेल ने संसद (प्रतिनिधि सभा) को भंग करते हुये 5 मार्च 2026 को आम चुनाव कराने की घोषणा की थी।

## महबूबा मुफ्ती ने जम्मू-कश्मीर के नेताओं को नजरबंद रखने का लगाया आरोप

एजेंसी



**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने प्रशासन पर नेताओं को नजरबंद करने का आरोप गुरुवार को लगाया। उन्होंने कहा हुर्रियत के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर अब्दुल गनी भट के निधन पर शोक व्यक्त करने के लिये सोपोर जाने नहीं दिया जा रहा और राजनेताओं को नजरबंद किया गया है। उदारवादी हुर्रियत नेता दिवंगत भट (90) का कल शाम सोपोर के बोटेंगो गांव स्थित घर पर संक्षिप्त बीमारी के बाद निधन हो गया था। इसके बाद कल देर रात उन्हें उनके पैतृक गांव में दफना दिया गया। अपने सोशल मीडिया एक्स के एक पोस्ट में सुश्री महबूबा ने कहा कि राजनीतिक दलों के नेताओं को श्रद्धांजलि देने से रोकने के लिये उन्हें नजरबंद करने का निर्णय जम्मू-कश्मीर प्रशासन की कठोर और अलोकतांत्रिक वास्तविकता को दिखाता है। सुश्री मुफ्ती के आरोपों पर उपराज्यपाल प्रशासन की ओर से अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गयी है। सुश्री महबूबा ने हजरतबल दरगाह की घटना का भी जिक्र करते हुए कहा कि वह लोगों के गुस्से का विस्फोट मात्र एक घटना नहीं था बल्कि उन लोगों द्वारा किया जोरदार साफ संदेश था, जिन्हें हाशिये पर धकेल दिया गया था। उन्होंने भाजपा पर कश्मीरियों के गुस्से को जानबूझकर नहीं देखने का आरोप लगाया और कहा कि पार्टी अभी तक वर्षों से दबी हुई भावनाओं से सीखने से इनकार कर रही है। उन्होंने कहा कि अब यह साफ हो गया कि भाजपा को कश्मीर में शांति या सुधार करने में कोई रूचि नहीं है। लग रहा कि वे इस क्षेत्र को लगातार अशांति बनाये रखना चाहते हैं, देश के बाकी हिस्सों में भी अपने राजनीतिक लाभ के लिए दर्द और अशांति को हथियार बना रहे हैं। यह निंदनीय दृष्टिकोण न केवल गैर-जिम्मेदाराना है बल्कि यह खतरनाक और पूरी तरह से निंदनीय है। दिवंगत भट की मौत के कुछ घंटे बाद हुर्रियत अध्यक्ष मिरवाइज उमर फारूक ने अधिकारियों में आरोप लगाया कि प्रोफेसर भट के परिवार को अंतिम संस्कार की प्रार्थना जल्दबाजी में समाप्त करने के लिए मजबूर किया गया। उन्हें दिवंगत भट की अंतिम यात्रा होने से रोकने के लिये घर में नजरबंद कर दिया गया। उन्होंने अपने एक्स के एक पोस्ट में लिखा कि मेरी दोस्ती और मार्गदर्शन का उनके साथ 35 साल का रिश्ता रहा। उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि देने के लिए और भी कई लोग तरस रहे थे।

**अमित शाह गरजे** | एनडीए प्रचंड बहुमत लाएगी, मंच से गिरिराज के लिए बजवाईं तालियां

# घुसपैठियों का नाम काटेगा, किसी भारतीय का नहीं : अमित शाह

एजेंसी



**सासाराम, बेगूसराय।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह बिहार के बेगूसराय में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कार्यकर्ताओं को मालिक बताया। शाह ने कहा- 'हमारे यहां नेता थोपे नहीं जाते, नीचे से उठ कर ऊपर आते हैं। मैं एक ऐसा कार्यकर्ता हूं, जिसके करियर की शुरुआत एक बूथ अध्यक्ष के रूप में शुरू हुई है।' उन्होंने कहा कि, 'बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए प्रचंड बहुमत लाएगी। इसके बाद तेजस्वी यादव चुनाव लड़ने की हिम्मत नहीं कर पाएगा।' अपने भाषण के दौरान अमित शाह ने मंच से केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के लिए ताली भी बजवाई।

अमित शाह ने कहा कि 'राहुल गांधी ने घुसपैठियों को बचाने के लिए वोटर अधिकार यात्रा निकाली थी। वोटर लिस्ट से सिर्फ घुसपैठियों का नाम काटेगा, किसी भारतीय का नहीं। बिहार से चुन-चुन कर घुसपैठियों को निकालेंगे। एसआईआर घुसपैठियों के प्रदूषण से मुक्त कराने के लिए किया गया है। लालू प्रसाद से सवाल करते हुए अमित शाह ने कहा कि घुसपैठियों का नाम कटा है तो आपके पेट में दर्द क्यों हो रहा है।' इससे पहले केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गुरुवार को रोहतास में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पूछा, 'लालू जी, राबड़ी जी बिहार को समृद्ध कर सकते हैं क्या। उन्होंने कहा, ये लोग सिर्फ अपना और अपने परिवार का सोचते हैं।' उन्होंने कहा, 'हमें आज यहां से तय कर के जाना है कि इस क्षेत्र की 80 फीसदी सीटें हमारे पास हो। ये संकल्प लेकर हमें जाना है।' शाह ने कहा, 'अभी राहुल बाबा यात्रा कर के गए। क्या आपको इसका विषय पता है। इस यात्रा का विषय शिक्षा, बिजली, सड़क, रोजगार नहीं था। यात्रा का विषय था जो बांग्लादेश से घुसपैठिए आए हैं। शाह ने पूछा- आप बताइए किसी का वोट कटा है क्या। राहुल ने घुसपैठिया बचाओ यात्रा निकाली थी।' अमित शाह ने कार्यकर्ताओं से कहा, 'ये चुनाव सरकार बनाने का नहीं है। ये चुनाव 3 तिहाई से ज्यादा बहुमत से सरकार बनाने का चुनाव है। आप संकल्प लेकर जाइए, मोदी की नेतृत्व में बिहार में सरकार बनानी है।' केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की ओर से घुसपैठ का मुद्दा उठाए जाने पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि बिहार के 16 जिलों के मस्जिदों में घुसपैठियों को पनाह दिया जाता है। किसी भी मुस्लिम टोले में जाने पर पता चल जाता है कि इन्हें पनाह कौन दे रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव पर 'सब कुछ लूटा कर होश में आए तो क्या होगा' वाला गाना हकीकत में सटीक आ रहा है। तेजस्वी यादव सब कुछ लुटा दिए हैं राहुल गांधी के ऊपर। अब उनको होश आया है तो दूसरी यात्रा निकाल रहे हैं जो कुछ बाकी बचा था, राहुल गांधी ले गए। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह बेगूसराय पहुंच गए हैं। मंच पर उनके साथ उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, सांसद रविशंकर प्रसाद आदि मौजूद है। इससे पहले पटना के मौर्या होटल में नीतीश कुमार अमित शाह से मिलने पहुंचे। दोनों के बीच बंद कमरे में करीब 30 मिनट तक बात हुई। इस दौरान सीट शेयरिंग को लेकर चर्चा हुई। नीतीश कुमार ने जहां-जहां का दौरा किया वहां के फीडबैक को लेकर चर्चा की। इसके साथ ही राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा और तेजस्वी की यात्रा को लेकर भी बात हुई।

**जयेश मीडिया प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड** के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **रोहित बाजपेयी** द्वारा दि इंडियन एक्सप्रेस लि. सी-26 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, कानपुर रोड, लखनऊ से मुद्रित और 33 कैंट रोड निकट ओडियन सिनेमा लखनऊ से प्रकाशित।
संपादक- **मनोरंजन सिंह***, **उत्तराखंड कार्यालय-** जे.एन. प्लाजा कॉम्पलेक्स, तृतीय तल, जिला जज न्यायालय के सामने, हरिद्वार रोड, देहरादून
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए उत्तरदायी। समस्त विवादों का निस्तारण लखनऊ न्यायालय में मान्य होगा।
RNI No. UPHIN/2008/28657 Phone No.: (BSNL) 0522-2619671, 2619672 Phone No.: (AIRTEL) 0522-4323301, 4323302, 4323303 E-Mail: vishwavarta.response@gmail.com, dailyvishwavarta@yahoo.com dailyvishwavarta@rediffmail.com